ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro



THE HEARTTHROB- SUCHITRA SEN

"Where can you get a photogenic face like that? *Roma* (Suchitra) is the most beautiful, the most glamorous among all my leading ladies."- Uttam Kumar

Air Cleaners Don't Reduce The Risk Of Falling Sick

The truth about protein: How to get enough at every age

# एलन मस्क की भारत की यात्रा आगे खिसकी

## कांग्रेस व भाजपा इस घटना को चुनावी मुद्दा बनाने में जुटे

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अप्रैल। टैस्ला प्रमुख एलन मस्क 21 अप्रैल को दो दिवसीय भारत यात्रा पर आने वाले थे, पर अंतिम क्षणों में उन्होंने यह कार्यक्रम रद्द कर दिया और इसने कांग्रेस को भाजपा पर तंज कसने का मौका दे दिया।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि "मस्क ये समझ गए कि आगे क्या होने वाला है इसलिए उन्होंने यात्रा टाल दी, जो प्रधानमंत्री जाने वाला हो उससे मुलाकात करना उनके लिए अजीब होता।"

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रधानमंत्री जल्दी ही मस्क का स्वागत करेंगे। और इंडिया गठबंधन की सरकार इलैक्ट्रिक वाहनों को प्रमोट करेगी।

शिव सेना उद्धव बाल ठाकरे (यू.बी.टी.) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने भी इस घटना को भाजपा का उपहास यह कहते हुए कि "एलन मस्क ने समझ लिया होगा कि उनको भी भाजपा के जुमला प्रचार में घसीट लिया जाएगा इसलिए उन्होंने अपना दौरा स्थगित कर दिया।"

- **भाजपा का आकलन था, टैस्ला इलैक्ट्रिक कार के निर्माता की 21 अप्रैल को प्रस्तावित दो दिवसीय यात्रा का उसको चुनाव में भारी लाभ मिलेगा, क्योंकि उस समय चुनाव पूरी तरह परवान चढ़ा होगा तथा इलैक्शनिरिंग चरम पर होगी।**
- **पर, यात्रा स्थगित हो गयी और कांग्रेस ने प्रचार करना शुरू किया कि, एलन मस्क ने अपनी भारत यात्रा इसलिये आगे खिसका दी, क्योंकि वे जानते थे कि, मोदी चुनाव में जीत कर नहीं आ रहे, अतः वे निवर्तमान प्र. मंत्री से मिलते तो, चुनाव के बाद अटपटी स्थिति बनती।**
- **जैसा कि विदित ही है, एलन मस्क दो-तीन अरब डॉलर की पूंजी लगाकर भारत में इलैक्ट्रिक कार बनाने की बड़ी फैक्ट्री लगाने वाले हैं तथा महाराष्ट्र व गुजरात दोनों भरसक प्रयत्न में जुटे हैं कि, फैक्ट्री उनके यहां लगे।**

मस्क ने टैस्ला में अपने दायित्वों का हवाला देते हुए दौरा कार्यक्रम आगे खिसकाने की घोषणा की थी।

इस घटनाक्रम से भाजपा के खुश होने की संभावना नहीं है, क्योंकि अभी चुनाव प्रचार चरम पर है और इस समय मस्क के आने से भाजपा के विकास एजेंडा को बढ़ावा मिलता।

माना जा रहा था कि मस्क प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे। उम्मीद थी कि उसके बाद वे भारत में कारखाना बनाने के लिए दो से तीन अरब डॉलर के निवेश की घोषणा भी करेंगे। क्योंकि भारत पहले यह नीति घोषित कर चुका है कि अगर विदेशी कम्पनियां भारत में निवेश करती है तो उनकी कारों के आयात पर टैक्स घटा दिया जाएगा। गुजरात और महाराष्ट्र की सरकारें टैस्ला को जमीन मुहैया कराने को तत्पर हैं।

मस्क हाल के सप्ताहों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में व्यस्त रहे हैं। महीने के शुरुआत में टैस्ला ने अपने बहुप्रतीक्षित इलैक्ट्रोनिक वेहीकल (ई.वी.) मॉडल-2 का विकास रोक दिया है। रोहन पटेल, टैस्ला का एक नीति निर्धारण एग्ज़ीक्युटिव, जो कि कंपनी के भारत में प्रवेश करने की योजना का नेतृत्व कर रहा था, ने भी पिछले सप्ताह त्याग पत्र दे दिया था।

मस्क ने सोशल मीडिया एक्स पर घोषणा की, "दुर्भाग्यवश, टैस्ला में अत्याधिक व्यस्तताओं के कारण भारत के दौरे में देरी हो गयी है लेकिन इसी वर्ष में कुछ समय बाद मैं इस दौरे की आशा करता हूँ।" संयोगवश, मस्क अपने सैटेलाइट इंटरनैट व्यापर स्टारलिंक के भी भारतीय बाज़ार में प्रवेश करने की आशा कर रहे हैं।

मस्क गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी से अमेरिका में मिले थे, तब उन्होंने वर्ष 2024 में भारत आने का वादा किया था। मस्क पिछली बार वर्ष 2007 में भारत आए थे।

# पहले चरण में 11 राज्यों में 60 प्रतिशत मतदान

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अप्रेल। लोकसभा चुनावों के प्रथम चरण में शुक्रवार को 21 राज्यों/केन्द्र शासित क्षेत्रों में से 11 में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ, जबकि त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 79.90 प्रतिशत मतदान, उसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.25 प्रतिशत, असम में 71.38 प्रतिशत तथा मेघालय में 70.26 प्रतिशत मतदान हुआ, उक्त जानकारी शनिवार को चुनाव आयोग ने दी।

- **सबसे ज्यादा, 79.90 प्रतिशत मतदान त्रिपुरा में तथा सबसे कम बिहार में, 47.49 प्रतिशत मतदान हुआ।**

आयोग ने कहा, गर्मी के बावजूद मतदाताओं ने भारी मात्रा में मतदान किया और व्यापक रूप से मतदान शांतिपूर्ण रहा।

दूसरे राज्य जहाँ पर मतदान 60 प्रतिशत से अधिक रहा, वे थे अरूणाचल प्रदेश में 65.46 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 63.41 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 63.33 प्रतिशत तथा मणिपुर में 68.62 प्रतिशत मतदान रहा।

बिहार में अन्य की तुलना में सबसे कम 47.49 प्रतिशत, राजस्थान में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# मदरसा बोर्ड चेयरमैन को हटाने के आदेश पर रोक

जयपुर, 20 अप्रेल (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन को पद से हटाने के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। जस्टिस अवनीश झिंगन की एकलपीठ ने यह आदेश मदरसा बोर्ड के चेयरमैन हाजी महबूब दीवान चोपदार की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

- **राज्य सरकार ने 25 जनवरी 2023 को याचिकाकर्ता हाजी महबूब को तीन वर्ष के लिए मदरसा बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया था, पर अल्पसंख्यक विभाग ने इसी वर्ष 25 फरवरी को उन्हें हटाने के आदेश जारी किए थे।**

याचिका में अधिवक्ता सुनील समदडिया ने अदालत को बताया कि, राज्य सरकार ने 25 जनवरी, 2023 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन पद पर नियुक्त किया था। इस पद पर उसकी नियुक्ति अगले तीन साल के लिए की गई थी। इसके बावजूद अल्पसंख्यक विभाग ने गत 29 फरवरी को आदेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इज़रायल व ईरान युद्ध के अब विश्व युद्ध में परिवर्तन की संभावना क्षीण

## जब से ईरान ने 300 मिसाइल्स व ड्रोन से इज़रायल पर "आक्रमण" किया, यह आशंका थी कि, इज़रायल का जवाबी हमला जल्दी ही आयेगा तथा बहुत खतरनाक होगा

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अप्रैल। इज़रायल पर ईरान का सीधा हमला और उस पर इज़रायल की मौन प्रतिक्रिया ने मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) के मौजूदा संकट की दिशा में मूलभूत परिवर्तन को दर्शाया है।

फिलहाल ऐसा लगता है कि, मौजूदा संकट को क्षेत्रीय युद्ध में बदलने वाली बेस लाइन पहले ज्यादा ऊपर हो गई है। किसी भी पक्ष को भड़काने वाली कार्यवाही के बावजूद पूर्ण युद्ध शुरू होने की संभावना नहीं है, बशर्ते कि कोई गंभीर नुकसान ना हो जाए।

इज़रायल और हमास के बीच गज़ा में चल रहे संघर्ष के पूर्ण क्षेत्रीय युद्ध में बदलने की संभावना तब उठी थी जब ईरान ने दो सप्ताह पूर्व इज़रायल पर सीधा हमला बोला था।

ईरान ने इज़रायल पर 300 मिसाइलें ड्रोन्स और बैलेस्टिक मिसाइलें दागी थी। लेकिन इज़रायल के बहुस्तरीय एयर डिफैंस सिस्टम और कई मित्रों की मदद जैसे अमेरिका और जॉर्डन, यहां तक कि सऊदी अरब की गुप्त मदद से इज़रायल में भारी नुकसान

- **पर, इज़रायल ने ईरान के हमले को अपने "एयर डिफैन्स अम्ब्रैला" व कुछ मित्रों, जैसे, अमेरिका, साऊदी अरब तथा जॉर्डन की मदद से नाकाम साबित कर दिया था।**
- **विश्व के डिफैन्स थिंक टैंक्स का अब यह सोच है कि, ईरान ने भी सबक लिया कि, हमास पर सीधे हमले के बावजूद, खाड़ी देश, हमास या ईरान की मदद के लिये नहीं आये, साथ ही इज़रायल ने भी अपनी चिन्हित "पिन-पॉइन्ट" जगह पर सीधे बम गिराने की क्षमता का सफल नमूना दिया, हिजबुल की वरिष्ठ जनरल्स की बैठक पर बम दाग कर तथा इस प्रकरण का पूरा विडियो भी प्रसारित किया।**
- **इन घटनाओं के बाद अब दोनों देश, इज़रायल व ईरान बड़ा युद्ध लड़ने से बच रहे हैं।**

नहीं हो पाया। उम्मीद थी कि इज़रायल भी इससे ज्यादा या इतनी ही क्षमता का हमला ईरान पर करेगा।

लेकिन अभी तक इज़रायल की प्रतिक्रिया मामूली रही है, जिससे मामूली नुकसान ही हुआ है। हमलों की इज़रायल ने प्रत्यक्षतः पुष्टि भी नहीं की है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से यह अनुमान निकाला गया है कि इफशान शहर के सैन्य अड्डों पर जो धमाके हुए, वे इज़रायल की कार्यवाही का नतीजा हो सकते हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय सामरिक विशेषज्ञ मानते हैं कि ईरान-इज़रायल के प्रत्यक्ष टकराव का स्तर अभी तक हल्का रहा है क्योंकि दोनों ही देश एक दूसरे की सहन शक्ति की सीमा का उल्लंघन करने की हरकत नहीं करना चाहते।

ईरान समझ चुका है कि इज़रायल के आक्रामक रूख के बाद भी किसी भी क्षेत्रीय ताकत ने क्षेत्र में ईरान की गुप्त रूप से चल रही मुहिम में मदद नहीं की है। ईरान की सहायता से पनपे संगठनों का नैटवर्क मिडिल ईस्ट के अन्य देशों को निशाना सऊदी अरेबिया जो मध्य पूर्व के देशों का नेता रहा है और यह एक प्रमुख आवाज माना जाता है, पर ईरान ने कई बार मिसाइलों से हमला किया है। एक बार तो ईरान की मिसाइल सऊदी अरेबिया की राजधानी रियाद में आकर गिरी थी। सऊदी के पड़ौसी देश यमन में हूती उग्रवादियों को भी ईरान मदद दे रहा है।

लैबनान के हिजबुल्लाह उग्रवादियों को भी ईरान ही पैसा और संरक्षण दे रहा है जो नियमित रूप से इज़रायल पर हमला करते रहते हैं। इज़राइल की गज़ा पर कार्यवाही के बाद से हिजबुल्लाह समय-समय पर इज़रायल पर हमला कर रहा है।

फिर भी हिजबुल्लाह में कुछ अक्ल है वह अभी तक इज़रायल के साथ सीधी लड़ाई में नहीं उलझा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'शहज़ादा वायनाड में चुनाव हारेगा'

## प्र.मंत्री मोदी ने राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने मुख्य विरोधी कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बहुत ही तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, कांग्रेस के साहबज़ादे केरल में वायनाड से हारेंगे और फिर यहां से भी भाग जाएंगे, जैसे अमेठी से भागे थे।

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के नांदेड में जनसभा को संबोधित किया। सभा नांदेड और हिंगोली सीट के प्रत्याशियों के समर्थन में की गई थी। मोदी ने कहा कि पहले चरण के मतदान से संकेत मिले हैं कि एन.डी.ए. के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है।

राहुल गांधी का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा, अमेठी हारने के बाद कांग्रेस के साहबज़ादे वायनाड भी हारेंगे। इसलिए वे 26 अप्रैल के बाद सुरक्षित सीट की खोज करेंगे।

- **प्र.मंत्री ने यह भी कहा कि, उसे वहां से भी भागना पड़ेगा, जैसे वह अमेठी से भागा था**
- **महाराष्ट्र में नादेड़ में एक रैली को संबोधित करते हुए, प्र.मंत्री मोदी ने राहुल को बार-बार निशाना बनाया।**
- **मोदी ने इंडिया गठबंधन की खिल्ली उड़ाते हुए यह भी कहा, यह गठबंधन तो एक स्वार्थी लोगों का संगठन है, जो अपने भ्रष्टाचार की रक्षा हेतु इकट्ठे हुए हैं तथा इंडिया गठबंधन के घटक, एक दूसरे के खिलाफ 25 प्रतिशत सीटों पर लड़ रहे हैं।**

सोनिया गांधी की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक के कुछ नेता लोकसभा छोड़कर राज्यसभा में चले गए हैं क्योंकि इनमें चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है।

पहली बार परिवार उस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी को वोट नहीं देगा जहां वे ऐसे रहते है मानो वहां पार्टी का कोई प्रत्याशी नहीं है।

मोदी ने कहा, कांग्रेस के कुशासन की गड़बड़ियों को ठीक करने में उन्हें दस साल लगे अभी बहुत कुछ करना बाकी है। कांग्रेस किसानों और आमजन के विकास में बड़ी बाधा रही है। मोदी ने कहा कि कृषि संकट अभी नहीं उपजा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अलवर में कांग्रेस के गढ़ मेवात में मतदान प्रतिशत घटा

## इसके विपरीत पूरी अलवर लोकसभा सीट में भाजपा खेमे की भारी सक्रियता दिखी। चर्चा है कि, कम मतदान के बावजूद भी भाजपा के वोट तो पड़े हैं कांग्रेस के नहीं

अलवर, 20 अप्रेल (निसं)। अलवर लोकसभा क्षेत्र के करीब 12 लाख मतदाताओं ने ई.वी.एम. में प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला बंद कर दिया है। अब 4 जून को जब मशीनें खुलेंगी तब मालूम होगा कि, यहाँ की जनता ने किसे अपना सांसद चुना है। यह तो स्पष्ट है कि, फैसला भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच होगा।

2024 के इस चुनाव में मतदान प्रतिशत का कम रहना भाजपा के भूपेंद्र यादव के लिए नुकसान दायक रहने वाला है या फिर कांग्रेस के ललित यादव के लिए, यह चुनाव के नतीजे आने के बाद ही मालूम चल पायेगा। वैसे लोगों का मानना है कि, इस बार चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं में जोश नहीं था। इस कारण वोट प्रतिशत कम हुआ, जबकि, भाजपा में विधानसभा चुनाव से ज्यादा जोश था, इसलिए माना यह जा रहा है कि, भाजपा का वोट तो डल गया लेकिन कांग्रेस का वोट नहीं डला है।

कांग्रेस के गढ़ माने जाने वाले मेवात में स्थिति कुछ ऐसी ही रही है। मेवात का पोलिंग प्रतिशत पहले से कम रहा है। अलवर की आठ विधानसभा सीटों में एक मुंडावर सीट है। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी ललित यादव मुंडावर से विधायक हैं। इसके बावजूद मुंडावर में वोट प्रतिशत का कम रहना सवाल खड़े करता है। लोगों का तो यहां तक कहना है कि, जब मुंडावर में ही वोट प्रतिशत कम रहा तो इसी से स्पष्ट हो जाता है कि, कांग्रेस में जोश नहीं था।

सबसे कम वोट, 55.07 प्रतिशत, राजगढ़ -लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र का रहा है जहां से पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के भंवर जितेंद्र सिंह ने बढ़त हासिल की थी। यही नहीं, विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस यहां पर चुनाव जीती है इसके बावजूद सबसे कम वोट प्रतिशत रहना कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर सवाल खड़े करता है।

- **सबसे कम, 55.01 प्रतिशत मतदान राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा सीट में हुआ, जहां से पिछले लोकसभा चुनाव में भंवर जितेन्द्र सिंह ने बढ़त हासिल की थी।**
- **कांग्रेस के प्रत्याशी ललित यादव के क्षेत्र मुंडावर, जहां से वे विधायक हैं, में भी मतदान प्रतिशत कम रहना कई सवाल खड़े करता है।**
- **किशनगढ़बास, जहां से कांग्रेस के दीपचंद खेड़िया विधायक हैं, में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में सक्रियता नहीं दिखी। वर्ष 2019 में 69.44 प्रतिशत मतदान हुआ था, पर इस बार 64.85 प्रतिशत ही मतदान हुआ।**

सबसे ज्यादा वोट प्रतिशत किशनगढ़बास विधानसभा क्षेत्र का है, यहां 64.85 प्रतिशत मतदान हुआ। इसे पूर्व विधायक रामहेत यादव और भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं की सक्रियता व घर-घर संपर्क का नतीजा माना जा रहा है। यहां भी कांग्रेस का विधायक होने के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में कोई खास उत्साह नहीं दिखा और शायद यही कारण है कि 2019 में हुए 69.44 प्रतिशत मतदान के मुकाबले इस बार मतदान कम हुआ।

इस पूरे चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के चुनाव मैनेजमेंट की चर्चा विपक्ष से लेकर हर कोई कर रहा है। भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तक यह कहते सुने गए कि, हमने बहुत चुनाव और प्रत्याशी देखे हैं लेकिन ऐसा प्रत्याशी और चुनाव का मैनेजमेंट पहली बार ही देखा है। चुनाव की शुरुआत से और मतदान के अंत तक प्रत्याशी के चेहरे पर ना तो थकान थी ना ही किसी तरह की कोई घबराहट दिखाई दी।

पूरे चुनाव प्रचार के दौरान भूपेंद्र यादव ने अपने भाषणों में दो ही बातें कहीं, मोदी की गारंटी और अलवर में पानी की समस्या का समाधान, इसके अलावा कुछ नहीं कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल की सभा में भी कहा कि, पूरे चुनाव में कांग्रेस ने खूब झूठ बोला है लेकिन मैंने कुछ नहीं कहा है।

इस चुनाव में सबसे बड़ी बात यह देखने को मिली कि, नीचे से ऊपर तक भाजपा के कार्यकर्ता नेता एक मंच पर थे और छोटे से बड़े, हर कार्यकर्ता की बात पर गौर किया गया, जिसके कारण कार्यकर्ता पूरे चुनाव में उत्साहित थे।

केंद्रीय मंत्री तथा अलवर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने शनिवार को अलवर भाजपा कार्यालय पर जिले भर के पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं से मतदान का फीडबैक लेते हुए कहा, आप सब की मेहनत चुनाव में रंग लाएगी। भूपेंद्र यादव ने अलवर शहर स्थित प्राचीन भूरा सिद्ध हनुमान मंदिर में प्रभु श्रीराम एवं हनुमान महाराज की पूजा अर्चना व आरती की।

इस अवसर पर उनके साथ मंत्री संजय शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा, संजय नरूका, हरी शंकर खण्डेलवाल, जले सिंह, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, ऋषि राज शर्मा, पवन जैन, देवेंद्र यादव, सतीश यादव सहित भाजपा नेता मौजूद थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म, अभियुक्त को 20 साल की सजा

जयपुर, 20 अप्रेल (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने 17 साल 8 महीने की नाबालिग से कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त कालू उर्फ गौरीशंकर को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 25 वर्षीय इस अभियुक्त पर एक लाख तीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

- **अदालत ने अभियुक्त कालू उर्फ गौरीशंकर पर 1.30 लाख रू. का जुर्माना भी लगाया।**

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि, 3 जुलाई, 2019 को पीड़िता की मां ने फागी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि, वह अपनी बेटी के साथ सुबह फागी कम्यूनिटी हैल्थ सैन्टर (सी.एच.सी.) गई थी। वह दवा लेने के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

विचार बिन्दु

**शरीर को रोगी और निर्बल रखने के समान दूसरा कोई पाप नहीं है। –लोकमान्य तिलक**

# बुढ़ापे में स्वास्थ्य का प्रबंध

क्या आप बुढ़ापे की ओर बढ़ रहे हैं? यदि हाँ, तो आज की चर्चा पुनःआपके लिये है। वस्तुतः समय के परिणाम से बुढ़ापा और मृत्यु हर व्यक्ति के जीवन में अंततः आते हैं, और उत्पन्न बुढ़ापे में होने वाली समस्यायें स्वाभाविक हैं। इनकी चिकित्सा नहीं होती (कालस्य परिणामेन जरामृत्युनिमित्तजाः। रोगाः स्वाभाविका दृष्टाः स्वभावो निष्प्रतिक्रियः।। च.शा.1.115)। इनसे डरने की आवश्यकता भी नहीं है। स्वाभाविक जरावस्था को नहीं टाला जा सकता, पर अकाल–जरा या असमय बुढ़ापे की समस्याओं से निपटने के लिये आयुर्वेद में पर्याप्त, प्रभावी और प्रमाण–आधारित उपाय हैं।

बुढ़ापे के लक्षणों को वात–वृद्धि, विषमाग्नि (मन्दाग्नि, तीक्ष्णाग्नि) और दोनों के प्रभाव से कफक्षय के सन्दर्भ में ही समझा जा सकता है। अकाल–जरा या समय से पहले बुढ़ापा आने का मूल कारण त्रिदोष–भड़काऊ जीवन–शैली, अनवरत असात्मऐन्द्रियार्थ संयोग एवं अहर्निश प्रज्ञापराध हैं। क्रमशः होने वाली स्थिति देखें तो वात के प्रकोप से विषमाग्नि (मन्दाग्नि, तीक्ष्णाग्नि) के कारण त्रुटिपूर्ण आहार–रस निर्माण, इसके कारण आम का बनना, आम बनने से भोजन के रस से सार और किट्ट का सम्यक विभाजन गड़बड़ाना, इस कारण अनावश्यक मल–संचय बढ़ना, और मल–संचय से स्त्रोतोरोध व खवैगुण्य होना, और इस स्थिति के लम्बे समय तक रहने से आमविष का निर्माण होने लगता है। ऑटो–इम्युनिटी के पचड़े इसी आमविष कारण लग जाते हैं। दूसरी और विषमाग्नि के कारण भूताग्नि व धात्वाग्नि का ह्रास होता है। फलतः रसधातु में खराबी आने से धातुक्षय होता है।

शरीर की क्रियात्मक समग्रताया फिजियोलॉजिकल–इंटेग्रिटी में उत्तरोत्तर होने वाली हानि के कारण बुढ़ापा आता है, जिसके परिणामस्वरूप अंततः मृत्यु होती है। शरीर की क्रियात्मक समग्रता जैसे–जैसे टूटती जाती है वैसे–वैसे मनुष्य कैंसर, मधुमेह, हृदयरोग, न्यूरोडीजेनेरेटिव समस्यायें व क्रोनिक रेस्पिरेटरीट्रैक्ट इन्फ़ेक्शन बढ़ने लगते हैं। आयुर्वेद की भाषा में परिणामकाल और आधुनिक वैज्ञानिक शब्दावली में समय–निर्भर क्रियात्मक गिरावट में पूर्ण साम्य है।

चूँकि आयु पहले से तय नहीं होती है, अतः आयुर्वेद द्वारा प्रदत्त उपायों के उपयोग के जरा–व्याधि का नाश करते हुये जीवन के अंतिम समय तक स्वस्थ रहा जा सकता है। उम्र के साथ बढ़ने वाले रोगों की उत्पत्ति फ्री–रेडिकल्स की बहुलता से ऑक्सीडेटिवस्ट्रेस बढ़ने और इनफ्लेमेशन के कारण होती है। यदि आहार, विहार, रसायन, वाजीकरण और औषधियों की युक्तियुक्त व्यवस्था से ऑक्सीडेटिवस्ट्रेस और इनफ्लेमेशन (दर्द या सूज़न) को नियंत्रित कर लिया जाये तो उम्र के आधार पर लगने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है।

आयुर्वेद की दृष्टि में जरावस्था में वात का प्रकोप, कफ का क्षय, विषमाग्नि और धातुक्षय को नियंत्रित कर लिया जाये तो समस्याओं का समाधान हो जाता है। आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण यह है कि उम्र के साथ बढ़ने वाले रोगों की उत्पत्ति फ्री–रेडिकल्स की बहुलता से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ने और इनफ्लेमेशन के कारण होती है। यदि आहार, विहार, रसायन, वाजीकरण और औषधियों की युक्तियुक्त व्यवस्था से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इनफ्लेमेशन (दर्द या सूज़न) को नियंत्रित कर लिया जाये तो बुढ़ापे में लगने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। आयु–आधारित व्याधिजनन या एज–रिलेटेड–पैथोजेनेसिस समकालीन विश्व की सबसे गंभीर समस्या है। बायो–मेडिकल साइंस अभी तक इस समस्या से पार नहीं पा सका है।

बुढ़ापे में वात का प्रकोप तो रहता ही है, वात को प्रकुपित करने वाले कारण या हेतु का अधिक प्रयोग करने पर वात व्याधियां भी विकसित हो जाती हैं। इसलिए वात को भड़काने वाले आहार–विहार नहीं करना चाहियेः (1) बहुत रूखा–सूखा भोजन नहीं खाना चाहिये, (2) व्यायाम में अति नहीं करना चाहिये, पर इसका तात्पर्य यह नहीं कि बंद ही कर दें, (3) उपवास या आंकठ भोजन दोनों से बचना चाहिये, (4) झगड़ा या भिडंत, खासकर अपने से सवाया के साथ, बचना चाहिये, (5) व्यायाम और टहलना लाभकारी है, परन्तु बहुत अधिक चलने से बचना चाहिये, (6) जोर लगाकर प्राकृतिक शारीरिक वेग नहीं निकालें, और न आये हुये वेगों का उदीरण भी नहीं करना चाहिये, (7) आये हुये शारीरिक वेगों को जबरन नहीं रोकना चाहिये, (8) भार–वहन या वजनी वस्तुओं को नहीं ढोना या उठाना चाहिये, (9) बहुत रोना या बहुत हंसना नहीं चाहिये, (10) ऐसी स्थिति न बनायें कि किसी प्रकार की चिन्ता न रह जाये, किन्तु अति–चिन्ता, अति–प्रसन्नता या भयातुरता से भी बचें, (11) विषम शारीरिक या मानसिक चेष्टायें न करें, (12) विरूद्धान्न भोजन या विरुद्धाहार, विषमाशन, या अजीर्ण, या ठंडा–बासी भोजन न करें, (13) दिन में ज्यादा सोने और रात में जागने से बचना चाहिये, (14) हाथी, घोड़ा, खच्चर आदि की सवारी नहीं करें, (15) समुचित आहार–विहार, सद्वृत्त, स्वस्थव्रत, रसायन एवं आचार रसायन को नियमित दिनचर्या, रात्रिचर्या, व ऋतुचर्या का अंग बनायें।

**आयुर्वेद की दृष्टि में जरावस्था में वात का प्रकोप, कफ का क्षय, विषमाग्नि और धातुक्षय को नियंत्रित कर लिया जाये तो समस्याओं का समाधान हो जाता है। आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण यह है कि उम्र के साथ बढ़ने वाले रोगों की उत्पत्ति फ्री-रेडिकल्स की बहुलता से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ने और इनफ्लेमेशन के कारण होती है।**

जहाँ तक भोजन का प्रश्न है, प्रायः मधुर, अम्ल, लवण रसप्रधान, स्निग्ध, उष्ण, मात्रापूर्वक, अच्छी तरह पच जाने पर, तन्मयतापूर्वक, वृष्य, बल्य, वातशामक पदार्थों का सेवन करना चाहिये। आजकल घी व दूध से लोग दूर भागते हैं। पर बुढ़ापे में वात रोगों के समाधान में तेल और घी से बेहतर कोई द्रव्य ज्ञात नहीं है। असल में घी व दूध का निरंतर सेवन उत्तम रसायन है (क्षीरघृताभ्यासो रसायनानां श्रेष्ठम्। च.सू.25.40)। भोजन में गाय का घी सम्यक मात्रा में लेते रहने से बुढ़ापा रोग रहित कटता है, पर ध्यान यह रखना है कि घी की मात्रा बहुत अधिक न हो। ध्यान यह भी रखना है कि बुढ़ापे में घी खाना उपयोगी है पर घी खाने का अधिकार उन्हें ही है जो नित्य अपने बल के आधे तक व्यायाम करते हों।

असमय बुढ़ापा घेर रहा हो तो गाय के घी (500 ग्राम) में उड़द (150 ग्राम), मूंग (150 ग्राम), तिल (200 ग्राम), सिंघाड़े का आटा (100 ग्राम) मिलाकर कड़ाही में भूनिये। इसमें मिश्री, खांड़, इक्षु–शर्करा (300 ग्राम), और गाय के घी (50 ग्राम) में हल्के भुने और छोटे टुकड़े किये हुये तालमखाना (200 ग्राम) मिलाइये। बाद में द्राक्षा (200 ग्राम), खजूर (200 ग्राम), चिरोंजी (100 ग्राम) व बादाम (200 ग्राम), कालीमिर्च (20 ग्राम), सोंठ (20 ग्राम), पिप्पली (10 ग्राम), दालचीनी (10 ग्राम), जावित्री (3 ग्राम), केशर (3 ग्राम), और इलायची (20 ग्राम) मिला लें। मिश्रण को सुरक्षित रख लीजिये। इस मिश्रण का 25 से 35 ग्राम नाश्ते व रात में केशर मिले गुनगुने दूध के साथ आनंद लीजिये। यह वृष्य, वाजीकर, बल्य, शुक्रवर्धक, रसायन और धातु–पुष्टिकर योग है। तथापि, शर्करा होने के कारण इसका उपयोग मधुमेह के रोगियों के लिये वर्जित है।

असल में बुढ़ापे में वात अकेले नहीं भड़का रहता, बल्कि यह कफ व पित्त को भी उकसाता और शरीर में तमाम यात्रा कराता रहता है या परस्थानिक करता रहता है। बुढ़ापे में वात की समस्या सम्हालने के लिये सबसे सरल सूत्र तो यह है कि दोष, अग्नि, धातुयें, मलक्रिया, सम करने वाली चिकित्सा लें, और आत्मा, इंद्रियों और मन को प्रसन्न रखने वाले काम किये जायें। बुढ़ापे में वात–प्रत्यनीक चिकित्सा, आहार–विहार,पथ्य–अपथ्य का ख्याल रखते हुये जीवन चलाने में आनंद है।

वात–व्याधियाँ प्रायः दुखदायी होती हैं। अतः समुचित रसायनों के प्रयोग द्वारा व्याधियों को आने से रोकना चाहिये। बुढ़ापे में वात–शामक प्रिवेन्टिव उपाय उपयोगी होते हैं। इसके लिये नियमित रूप से आयुर्वेदाचार्य की सलाह से अभ्यंग (तेल से शरीर, सिर और पैरों की स्वयं मालिश), दीपन, पाचन, स्नेहन, स्नेहपान, स्वेदन, विरेचन एवं वस्ति आदि उपयोगी क्रियायें हैं। बुढ़ापे को देर से और कठिनाई से आने देना है तो समय पर युक्तियुक्त कोष्ठशुद्धि कराते रहना चाहिये (एवं विशुद्धकोष्ठस्य कायाग्निरभिवर्धते। व्याधयश्चोपशाम्यन्ति प्रकृतिश्चानुवर्तते।। इन्द्रियाणि मनोबुद्धिर्वर्णश्चास्य प्रसीदति।बलं पुष्टिरपत्यं च वृषता चास्य जायते।। जरां कृच्छ्रेण लभते चिरं जीवत्यनामयः। तस्मात् संशोधनं काले युक्तियुक्तं पिबेन्नरः।। च.सू.16.17–19)। शुद्ध कोष्ठ वाले व्यक्ति की उम्र, प्रकृति, और सात्म्य को जानने वाला वैद्य जिस व्यक्ति के लिये जो रसायन उचित हो उसे उस व्यक्ति में प्रयोग करना चाहिये (शुद्धकोष्ठं तु तं ज्ञात्वा रसायनमुपाचरेत्। वयःप्रकृतिसात्म्यज्ञो यौगिकं यस्य यद्भवेत्। च.चि.1.1.28)। नियमानुसार पंचकर्म, रसायन और वाजीकर का प्रयोग करने से धातुसाम्य बना रहता है, रोग नहीं होते, धातुयें बढ़ती हैं इसलिये बूढ़े होने की गति धीमी हो जाती है (यथाक्रमं यथायोग्यमत ऊर्ध्वं प्रयोजयेत्। रसायनानि सिद्धानि वृष्ययोगांश्च कालवित्।। रोगास्तथा न जायन्ते प्रकृतिस्थेषु धातुषु। धातवश्चाभिवर्धन्ते जरा मान्द्यमुपैति च।। च.सू.7.48–49)। दोष भड़कने के पूर्व ही प्रिवेंटिव शोधन करना अनागत समस्या का निदान परिवर्जन है।

कुछ बातें और भी हैं: (1) महिलाओं के प्रति संयम / मर्यादा रखने वाले लम्बी उम्र, देर से बुढ़ापे में जाना, शरीर–बल और वर्ण, ठोस और स्थिर–मांसपेशी वाले होते हैं (आयुष्मन्तो मन्दजरा वपुर्वर्णबलान्विताः।। स्थिरोपचितमांसाश्च भवन्ति स्त्रीषु संयताः। सु.चि.24.112–113)।(2) व्यायाम करने वाले आदमी को उसके दुश्मन भी डर की मारे नहीं तंग करते। बुढ़ापा भी सहसा नहीं चढ़ता (न च व्यायामिनं मर्त्यमर्दयन्त्यरयो बलात्। न चैनं सहसाऽक्रम्य जरा समधिरोहति। सु.चि.24.41–42)। (3) रूखा–सूखा व मात्रा से कम खाना और अति उपवास करना, शोधन क्रियाओं की अति (पंचकर्म आदि), शोक, वेगों व नींद को रोकना, शरीर के रुक्ष रहने पर रुक्ष उबटन व नित्य रुक्ष स्नान, स्वाभाविक कमजोर गुणसूत्र, वृद्धावस्था, रोगों का लग जाना, और गुस्सा इंसान को बहुत कमजोर (कृश) कर देते हैं (वक्ष्यते वाच्यमतिकार्श्ये त्वतः परम्।। सेवा रूक्षान्नपानानां लङ्घनं प्रमिताशनम्। क्रियातियोगः शोकश्च वेगनिद्राविनिग्रहः।। रूक्षस्योद्वर्तनं स्नानस्याभ्यासः प्रकृतिर्जरा। विकारानुशयः क्रोधः कुर्वन्त्यतिकृशं नरम्।। च.सू.21.10–11)। अतः जरा–व्याधि को युक्तिपूर्वक रोके रहना ही ठीक है। (4) बूढ़े हो रहे लोगों द्वारा नस्य का प्रयोग करने से सिर आदि ऊपर के अंगों में बुढ़ापा अपना असर नहीं दिखा पाता (न चास्य रोगाः सहसा प्रभवन्त्यूर्ध्वजत्रुजाः।। जीर्यतश्चोत्तमाङ्गेषु जरा न लभते बलम्। च.सू.5.62–63)।

भारत में शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं वाले लगभग 112 मिलियन बूढ़े लोग हैं। आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों का निष्कर्ष है कि माथे में सोचने–विचारने की गति धीमी हो रही हो और शारीरिक चाल मंद पड़ने लगे तो समझिये बुढ़ापे की ओर तेज गति से जा रहे हैं। आज दिखाई पड़ने वाले गैर–संचारी रोगों सहित तमाम ऐसे रोगों, जो स्वाभाविक बुढ़ापे की समस्यायें नहीं हैं, उनसे पूरी तरह बचते हुये बुढ़ापे को सुखदायी बनाया जा सकता है। आयुर्वेदाचार्यों की सलाह लीजिये। उत्तम वैद्य से लिये जाने वाले चिकित्सकीय परामर्श का कोई विकल्प नहीं है। स्वयं चिकित्सक की भूमिका में न उतरें। आहार, विहार, रसायन, औषधि या जड़ी–बूटी का प्रयोग अपने आयुर्वेदिक डॉक्टर के परामर्श से ही करें।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# जिम्मेदारों की गैरजिम्मेदारी है मताधिकार का उपयोग नहीं करना

## संदर्भ लोकसभा चुनाव पहले चरण का मतदान



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

पहले चरण की 102 सीटों पर मतदान प्रतिशत में गिरावट साफतौर से मतदाताओं की गैरजिम्मेदारी की और इशारा करती है। 2017 में देश की सबसे बड़ी अदालत में न्यायमूर्ति जेएस खेहर की खंडपीट की एक टिप्पणी आज अधिक प्रासंगिक हो गई है। एक एनजीओ वायस ऑफ इण्डिया के धनेश लेशधन की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान अचानक याचिकाकर्ता से यह पूछने पर की आपने मतदान किया क्या? के नकारात्मक उत्तर देने पर सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी कि अगर आप वोट नहीं डालते तो आपको सरकार से सवाल पूछने या उसे दोष देने का कोई हक नहीं है। यह अपने आप में गंभीर टिप्पणी है। आखिर आमनागरिक को भी देश के प्रति अपनी सरकार चुनने के प्रति दायित्व होना चाहिए।

सरकार के खिलाफ पचास आलोचना प्रत्यालोचना के लिए गाल बजाने में तो हम पीछे नहीं रहते पर जब हमें सरकार चुनने का अवसर मिलता है उस समय हम गैर जिम्मेदार हो जाते हैं। घर से वोट देने के लिए निकटतम स्थान दो कदम की दूरी पर जाने में ही हमें शर्म आ जाती हैं। जैसे वोट देने से हम घिस जायेंगे या हमारा कुछ कम हो जाएगा। किसी भी सभ्य देश के सभ्य नागरिक के लिए सरकार चुनने के अवसर पर अपने मताधिकार का उपयोग नहीं करना बेहद दुःखद व गंभीर है।

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशन की तुलना में 80 प्रतिशत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिशत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिशत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिशत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़े आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है।

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है।

अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है। सीनियर सिटिजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक चोबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीद्वारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीद्वार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों में जागरुकता आई है। चुनाव आयोग के अलग–अलग ऑब्जरवरों द्वारा पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाती है ताकि राजनीतिक दलों या उम्मीद्वारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी गलत तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सके। इस सबके बावजूद मतदान कम होना गंभीर हो जाता है।

लोकसभा के पहले चुनाव 1952 में 44.87 प्रतिशत मतदान रहा था जो सर्वाधिक 67.40 प्रतिशत 2019 के 17 वीं लोकसभा के चुनाव में रहा। मतदान में उतार चढ़ाव तो देखा जाता रहा है पर चुनाव व्यवस्था के सरलीकरण, पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव की चाकचोबंद व्यवस्था, ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में साक्षरता में बढ़ोतरी के बावजूद यदि मतदान प्रतिशत 90 के आंकड़ें को भी नहीं छूता है तो यह घोर निराशाजनक है। हांलाकि आजादी के बाद सर्वाधिक मतदान 1984 के 64.01 के आंकड़े को 2014 में पीछे छोड़ा गया पर 2019 के पहले चरण के मतदान से निराशा ही हाथ लगी है। आखिर शिक्षित मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इतना गैरजिम्मेदार कैसे हो रहा है। सब कुछ को अलग कर दिया जाये तो भी इस बात से नहीं नकारा जा सकता कि देश के नागरिक का भी अपने देश के प्रति लोकतंत्र के प्रति दायित्व होता है। आखिर हम सरकार की आलोचना करने में तो पीछे नहीं रहते पर कभी हमने सोचा है क्या कि हम मताधिकार का उपयोग करने के अपने दायित्व को नहीं समझ पाते हैं।

अपनी सरकार चुनने के अवसर पर हम हमारे दायित्व को कैसे भूल जाते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी भी अपने आप में गंभीर हो जाती है। भारत जैसे देश के आम नागरिकों द्वारा इस तरह से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी नहीं निभाना किसी अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए।

हमें गर्व होता है कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पर हमें उस समय नीचे देखने को भी मजबूर होना पड़ता है जब इतने बड़े लोकतंत्र के पर्व पर आमनागरिक अपने दायित्व को समझने और उसे पूरा करने की भूल कर बैठता है और मताधिकार का उपयोग नहीं कर व्यवस्था को ठेंगा बताने का प्रयास करते हैं। मेरा तो यहां तक मानना है कि नोटा का प्रयोग भी सही विकल्प नहीं है वहीं मतदान का बहिष्कार तो देशद्रोह से कम अपराध नहीं माना जाना चाहिए।

चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, सर्वोच्च न्यायालय, सरकार गैरसरकारी संगठनों और समाज के प्रबुद्ध जनों को सोचना होगा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी आहुति देने के काम से मुंह मोड़ने वालों के प्रति कोई सख्त कदम जैसा प्रावधान होना ही चाहिए। कोई ना कोई ऐसा संदेश जाना चाहिए ताकि लोग मतदान के प्रति संवेदनशील हो और मतदान अवश्य करें। यह समूची व्यवस्था को ही सोचने को मजबूर कर देता है। आने वाले चार चरणों में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाता हिस्सा ले इसके लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। कोई ना कोई दण्डात्मक चाहे सुविधा में कटौती जैसी या अधिक कर या अन्य किसी प्रावधान की आवश्यकता हो तो किसी तरह का संकोच नहीं किया जाना चाहिए। आखिर गैरजिम्मेदारों को जिम्मेदारी समझाना व जिम्मेदार बनाना हमारा दायित्व हो जाता है।

**–डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**(वरिष्ठ लेखक)**

# बेटियों ने पिता को मुखाग्नि देकर बेटा होने का फर्ज निभाया

**बूंदी, (निसं)।** पिता की चिता में मुखाग्नि सिर्फ बेटा ही दे सकता है बेटियां चिता को आग नहीं लगा सकती। इस सामाजिक सोच से ऊपर उठकर शहर में बेटियों ने न सिर्फ पिता की अंतिम शव यात्रा में कंधा लगाया बल्कि मुखाग्नि प्रदान कर बेटा होने का फर्ज निभाया। इन बेटियों ने अंतिम संस्कार की सारी रस्में खुद निभाई। समाज की रूढ़िवादी से ऊपर उठकर बेटी ने समाज को एहसास करा दिया कि बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं। बेटी नेहा और अन्य बहनों ने पिता की अंतिम संस्कार की सारी रस्में निभा कर समाज को आईना दिखाने का काम किया है।

शहर की ब्रह्मपुरी निवासी डॉक्टर कैलाश चंद्र शर्मा का बीती रात स्वर्गवास हो गया। कैलाश चंद्र शर्मा के चार बेटियां हैं। उनकी बड़ी पुत्री नेहा और मेघा का विवाह हो चुका है, जबकि दो पुत्रीयां शर्वा और पूर्वा उनके साथ ही रहती है। डॉ. कैलाश चंद्र शर्मा ने बूंदी सहित आसपास के गांव में सराहनीय चिकित्सा सेवाएं दी है। वह होम्योपैथी के विद्वान डॉक्टरों में गिने जाते थे। वह घर पर भी मरीज को निःशुल्क उपचार दिया करते थे। कुछ समय से उनकी तबीयत खराब होने के कारण वह अस्वस्थ थे बीमारी के चलते वह बीती रात जिदगी की जंग हार गए। कोटा के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पिता के देहांत के बाद बेटियों ने ही अंतिम संस्कार की सभी क्रियाएं संपन्न कराने की ठानी। बेटियों का कहना है कि उनके पापा ने हमेशा बेटे जैसा प्यार दिया तो उन्होंने भी बेटी के साथ साथ बेटे होने का फर्ज निभाया है वह इस बात पर काफी संतुष्ट दिखी कि घर के सब लोगों ने उसके इस निर्णय पर भरपूर साथ दिया।



बूंदी में बेटियों ने पिता की चिता को मुखाग्नि दी।

# पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन

- **वार्डवासियों ने बताया कि चार-पांच सालों से मोहल्ले में पीने के पानी का संकट बना हुआ है**
- **सादुलपुर के वार्ड 22 के लोगों ने पानी की व्यवस्था में सुधार करवाने की मांग की, समस्या का समाधान नहीं होने पर कार्यालय का घेराव कर धरने पर बैठने की चेतावनी दी**


**सादुलपुर, (निसं)।** एक ओर जहां वार्ड 22 मोहल्ला कुईंयों के पास के लोग साफ–सफाई नहीं होने के कारण गन्दगी के आलम में जीने को मजबूर हैं, वहीं दूसरी ओर इसी मौहल्ले के लोग गर्मी शुरू होने के साथ–साथ गत चार–पांच सालों से पेयजल संकट के कारण भारी परेशान हैं।

वहीं पेयजल संकट को लेकर शनिवार को वार्ड 22 के लोगों ने मटका फोड़ प्रदर्शन कर पानी की व्यवस्था में सुधार करवाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि पेयजल समस्या का शीघ्र निस्तारण नहीं किया गया तो मौहल्ले के लोग जलदाय विभाग कार्यालय का घेराव कर धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

इस संबन्ध में अकरम उर्फ आकू, शौकत, अदरीश, हनिफ, शौकिन, इमरान, सलीम, अमजद, युसूफ, गब्बर, बलकेश, सायरा, जूबेदा, सुलखी व कनीजा आदि ने बताया कि उनके मोहल्ले में कस्बा राजगढ़ के बहल फाटक की ओर से पानी की सप्लाई होती है, लेकिन गत चार–पांच सालों से मोहल्ले में पीने के पानी का संकट बना हुआ है, जिसकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वार्ड में पीने के पानी की बूंद तक नहीं आती है तथा पीने के पानी के जुगाड़ के लिए दर–दर भटकना पड़ता है। बलकीश ने बताया कि गत पांच वर्ष पूर्व में पानी की सप्लाई ठीक थी, लेकिन अब पांच वर्षों से पीने के पानी का संकट बना हुआ है।

## राशिफल रविवार 21 अप्रेल, 2024



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र सांय 5:08 तक, व्याघात योग रात्रि 3:44 तक, कौलव करण दिन 11:57 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–कुम्भ, बुध–मीन, गुरू–मेष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज प्रदोष व्रत, अनंग त्रयोदशी, श्री महावीर जयन्ती है। आज से राष्ट्रीय वैशाख मास आरम्भ होगा।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:37 से 9:13 तक, लाभ–अमृत 9:13 से 12:26 तक, शुभ 2:02 से 3:38 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:01, सूर्यास्त 6:51




**मेष**

परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।




**वृष**

परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आज मांगलिक–धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।



**मिथुन**

घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।




**कर्क**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। शुभ कार्य के लिए बाहर जा सकते हैं।




**सिंह**

आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। शुभ–मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।




**कन्या**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।




**तुला**

आवश्यक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




**वृश्चिक**

आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बना रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में प्रगति होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।




**धनु**

अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**मकर**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।



**कुंभ**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**मीन**

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# दूसरे दौर की अधिकांश सीटों पर भाजपा मजबूत, कांग्रेस का फोकस 5 सीटों पर

## बाड़मेर, जोधपुर, जालौर-सिरोही, कोटा, टोंक-सवाई माधोपुर पर ताकत लगाएगी कांग्रेस

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में पहले दौर में 12 लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न होने के बाद, अब कांग्रेस ने बाकी बची 13 सीटों पर अपनी नई रणनीति के तहत कुछ नए स्टार प्रचारकों के साथ कदम आगे बढ़ा दिए हैं। दरअसल पहले दौर में जिस तरह से 5 से लेकर 10 प्रतिशत तक मतदान कम हुआ है और भाजपा का परंपरागत वोटर उदासीन नजर आया है। उसके बाद कांग्रेस को दूसरे दौर से ज्यादा उम्मीदें हैं।

जहां तक पहले दौर के मतदान के बाद कांग्रेस की उम्मीद की बात करें, तो कांग्रेस नेताओं का मानना है कि उसे इन 12 में से कम से कम पांच सीटों पर जीत मिल सकती है। इन सीटों में दौसा, झुंझुनू, चूरू, श्रीगंगानगर को जहां जीत की सीट माना जा रहा है। वही इंडिया गठबंधन के तहत दी गई सीटों में सीकर और नागौर के अलावा कांग्रेस भरतपुर में कड़ी टक्कर में खुद को मजबूत बता रही है। वही खुद कांग्रेस नेताओं का मानना है कि जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण में बीजेपी आगे रहेगी, लेकिन पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार हार-जीत का अंतर बहुत कम हो सकता है।

अब राजस्थान में दूसरे दौर में 26 अप्रैल को मतदान होना है और इन 13 सीटों में कांग्रेस के मुकाबले भाजपा ज्यादा मजबूत है। इसका कारण यह है कि दूसरे दौर की 13 सीटों में से अधिकांश सीटें वह है, जहां भाजपा

- मारवाड़ की सीटों पर हनुमान बेनीवाल के प्रभाव का होगा इस्तेमाल, राहुल कसवां भी करेंगे अन्य सीटों पर चुनावी प्रचार

लगातार चुनाव जीतती रही है। ऐसे में अब कांग्रेस का प्रयास है कि 13 लोकसभा सीटों में से उन्हीं सीटों पर ज्यादा फोकस किया जाए, जहां पर कि पार्टी जीत हासिल कर सके। जहां तक कांग्रेस नेताओं की बात की जाए, तो कांग्रेस खुद मानती है कि इन 13 लोकसभा सीटों में से झालावाड़, राजसमंद ,अजमेर, चित्तौड़गढ़ और पाली सीटों पर भाजपा ज्यादा मजबूत नजर आ रही है। वहीं कांग्रेस बाड़मेर, जालौर-सिरोही और कोटा के अलावा टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर मजबूत है। वही जोधपुर और भीलवाड़ा में मुकाबला नजदीकी हो सकता है। अब यहां कांग्रेस को इंडिया गठबंधन के वोट हासिल होने की उम्मीद है, क्योंकि नागौर में इंडिया गठबंधन के तहत आरएलपी के हनुमान बेनीवाल को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद अब कांग्रेस चाहती है कि हनुमान बेनीवाल के असर वाले जोधपुर, पाली,जालौर, सिरोही और बाड़मेर के अलावा भीलवाड़ा में उसे फायदा मिले। ऐसे में इन सीटों पर हनुमान बेनीवाल इंडिया गठबंधन का प्रचार करने उतरेंगे, तो इसका फायदा कांग्रेस को हो सकता है। वहीं भाजपा छोड़कर कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चूरू से चुनाव लड़ने वाले राहुल कसवां ने भी अब कांग्रेस के लिए बाकी बची सीटों पर प्रचार शुरू कर रहे है। रविवार 21 अप्रैल को कसवां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर मालपुरा में आम सभा को संबोधित करेंगे। वहीं अब अन्य सीटों पर भी राहुल कस्बा के अलावा हनुमान बेनीवाल और अमराराम को भी चुनाव प्रचार में कांग्रेस उतारेगी।

## राज्यपाल ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाए



**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को राजभवन में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने की शुरुआत की।

सोनल सलोनी माहेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जयपुर के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के पानी पीने के लिए एक हजार परिंडे लगाए जाने की शुरूआत करते हुए राज्यपाल ने आमजन से अपील भी की है कि आने वाले दिनों में तपिश और बढ़ेगी, ऐसे में अधिकाधिक लोग पक्षियों के लिए अपने घरों और आस-पास के पेड़ों पर परिंडे लगाएं। सुबह-शाम इनमें दाने-पानी की व्यवस्था भी करें। इससे पहले राज्यपाल को गोकुल माहेश्वरी ने ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे समाजसेवा के कार्यों की जानकारी दी।

# जयपुर के फोर्टिस हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट के बाद मरीज की मौत

## परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाकर हंगामा मचाया

**जयपुर**। राजधानी के फोर्टिस अस्पताल में फर्जी एनओसी से ट्रांसप्लांट का मामला अभी थमा नहीं कि इस बीच शनिवार को किडनी ट्रांसप्लांट के बाद एक मरीज की मौत हो गई। इस पर परिजनों ने डॉक्टरों पर गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। परिजनों का कहना है कि गलत इंजेक्शन के रिएक्शन से मौत हुई है। सूचना पर जवाहर सर्किल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से समझाइश की। मर्ग दर्ज होने पर परिजन शव लेकर चले गए। वहीं, अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मरीज की मौत हार्ट अटैक से हुई है।

मृतक के परिजनों ने बताया कि उनके चाचा नरेश कुमार जायसवाल (47) का 23 मार्च को फोर्टिस हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। ट्रांसप्लांट के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। 4 अप्रैल को रूटीन जांच में इंफेक्शन आने की बात कहकर

- हॉस्पिटल प्रशासन ने हार्ट अटैक से मौत होना बताया
- पुलिस की समझाइश पर परिजन शांत हुए
- मामले में जवाहर सर्किल थाने में मर्ग दर्ज की गई है

डॉक्टरों ने मरीज को दोबारा भर्ती कर लिया। वे तब से हॉस्पिटल में ही भर्ती थे। शुक्रवार देर शाम हॉस्पिटल प्रशासन उन्हें छुट्टी भी देने वाला था। बाद में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर दिया। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन देने के बाद नरेश की तबीयत बिगड़ गई।

परिजनों ने आरोप लगाया कि जब हमने डॉक्टरों से अचानक तबीयत खराब होने का कारण पूछा तो उन्होंने कुछ नहीं बताया और मरीज से भी नहीं मिलने दिया। आईसीयू के बाहर सुरक्षा गार्ड और अन्य स्टाफ तैनात कर दिया। शुक्रवार को काफी बहस के बाद एक परिजन को मिलने के लिए आईसीयू में भेजा। अंदर देखा कि हॉस्पिटल का मेडिकल स्टाफ हमारे मरीज को इलेक्ट्रिक शॉट के जरिए सीपीआर दे रहा था। इसके बाद देर रात मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद हॉस्पिटल में मरीज के परिजनों ने हंगामा कर शव लेने से इनकार कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि मामले की शिकायत जवाहर सर्किल थाने में भी दी, लेकिन थाने की तरफ से कोई एक्शन नहीं लिया गया।

परिजनों ने बताया कि नरेश का किडनी ट्रांसप्लांट डॉक्टर जितेन्द्र गोस्वामी और उनकी टीम ने 23 मार्च को किया था। इस ट्रांसप्लांट के लिए जो एनओसी जारी हुई थी, वह भी फर्जी तरीके से जारी की थी। हालांकि नरेश को उनकी मां ने किडनी डोनेट की थी।

मामले में फोर्टिस अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मरीज को उसकी मां ने किडनी दी थी। उन्हें 30 मार्च को छुट्टी दे दी गई थी। पेल्विक डिसफंक्शन और यूरिन संक्रमण के कारण 4 अप्रैल को फिर से भर्ती कराया गया था। इलाज का अच्छा असर हो रहा था। 19 अप्रैल को एमआईसीयू में कार्डियक अरेस्ट हुआ। डॉक्टर्स की टीम की कोशिश के बावजूद मरीज को बचाया नहीं जा सका। जवाहर सर्किल थाना प्रभारी विनोद सांखला ने बताया कि मरीज के परिजनों से समझाइश की इसके बाद वे शांत हुए। मामले में मर्ग दर्ज की गई।

गौरतलब है कि शुक्रवार को गुरुग्राम पुलिस ने भी फोर्टिस और ईएचसीसी अस्पताल में छापा मार कर रिकॉर्ड उठा कर अपनी जांच शुरू कर दी है।

## जेवरात-नकदी से भरा बैग पार

**जयपुर**। श्यामनगर थाना इलाके में एक मैरिज गार्डन से एक प्रोग्राम के दौरान एक दम्पति का जेवरात व नकदी से भरा बैग चोरी हो गया। मैरिज गार्डन का वीडियो देखने पर एक 13 साल का बच्चा बैग लेकर जाता दिखाई दे रहा है। विडियो के आधार पर पुलिस 13 के बच्चे की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार मोहल्ला कचहरी अजमेर निवासी विष्णु प्रकाश शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदार के यहां पर एक प्रोग्राम में शामिल होने आया था। मैरिज गार्डन से उसका बैग चोरी हो गया। उसमें तीन चांदी की पायल, दो सोने की अंगूठी, तीन हजार रुपए, 5 बिछिया चांदी की, एक मोबाइल और नकदी रखी थी। पीडित का पर्स भी उसी बैग में रखा था। घटना के बाद जब मैरिज गार्डन के विडियो को देखा तो एक 13 साल का बच्चा बैग लेकर जाता नजर आया।

# चलती बस पर पत्थर फेंककर शीशे फोड़े

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में चलती बस पर पत्थर फेंक कर शीशे तोड़ने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने फ्री टिकट नहीं देने के कारण बस पर हमला किया। ये बदमाश 20 दिन पहले ऑफिस में हमलावर धमकी देकर गए थे। विधायकपुरी थाने में पीड़ित ट्रेवल्स ऑनर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस वारदातस्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ हमलावरों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि सुभाष चौक निवासी विनीत गोयल (45) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित ने बताया कि वह गोयल ट्रेवल्स के ऑनर है और मोतीलाल अटल रोड पर उनका गोयल

- बदमाशों ने फ्री टिकट नहीं देने पर किया हमला
- 20 दिन पहले ऑफिस में धमकी देकर गए थे आरोपी

ट्रेवल्स के नाम से ऑफिस है। करीब 20 दिन पहले वह पोलो विक्ट्री स्थित ऑफिस पर बैठे थे। इस दौरान ऑफिस में दो लड़कों ने आकर धमकाया कि वह राजपूत हॉस्टल से है और चित्तौड़गढ़ की दो टिकट फ्री देने के लिए धमकी दी। टिकट फ्री देने से मना करने पर देख लेने और बस में तोड़फोड़ करने की धमकी देकर चले गए।

पीड़ित ने बताया कि 15 अप्रैल को रात करीब 7:30 बजे मोतीलाल अटल रोड स्थित ऑफिस से उनकी बस रवाना हुई। गणपति प्लाजा के पास पहुंचते ही करीब 10-12 लड़कों ने चलती बस पर हमला कर दिया। पत्थर फेंक कर बस का सामने और साइड के दो शीशे तोड़ दिए। बस पर पथराव होने पर अंदर बैठी सवारियों में दहशत फैल गई। ड्राइवर-कंडक्टर ने भी बस में छुपकर अपनी जान बचाई। बस के शीशे तोड़कर हमलावर गलियों में होकर भाग निकले। पुलिस ने बस ऑनर की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भगवान महावीर जयंती पर शुभकामनाएं

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती (21 अप्रैल) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

मिश्र ने भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के मार्ग से प्रेरणा लेने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने प्रेम, दया और करूणा के जिस मार्ग का संदेश दिया उस पर चलते हुए सभी आदर्श एवं समरस समाज के निर्माण में योगदान दें।

## ऑर्गन ट्रांसप्लांट की मानव अंग तस्करी से जोड़कर कर रहे जांच

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर में ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी एनओसी जारी करने से शुरू हुई जांच अब मानव अंगों को खरीदने-बेचने तक पहुंच गई है। दरअसल, गुरुग्राम में किडनी रैकेट का खुलासा हुआ था। इसके बाद जयपुर से एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनिया ने गुरुग्राम जाकर जांच की थी। इसकी एक रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय भेजी थी। पुलिस मुख्यालय ने ये रिपोर्ट सरकार को भेजी। इस रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य विभाग ने इसे धोखाधड़ी का मामला माना है। वहीं, गुरुग्राम पुलिस इस केस को मानव अंगों की तस्करी से जोड़कर देख रही है।

केस की जांच करने गुरुग्राम पुलिस जयपुर पहुंची है। अपने केस की जांच करते हुए गुरुग्राम पुलिस की टीम ने शुक्रवार को फोर्टिस और ईएचसीसी हॉस्पिटल के सभी ऑर्गन ट्रांसप्लांट से संबंधित कागज जब्त कर लिए हैं। गुरुग्राम की टीम के एक्टिव होने के बाद जयपुर पुलिस भी एक्शन में दिखाई दी। उसने भी दोनों हॉस्पिटल से कागज जब्त किए।

इस मामले में जयपुर पुलिस ने जवाहर सर्किल थाने में सामान्य धाराओं में केस दर्ज किया है। अब दोनों ही टीमें अस्पताल मैनेजमेंट के कर्मचारी और ट्रांसप्लांट से जुड़े कुछ डॉक्टर्स से पूछताछ कर रही है। गुरुग्राम पुलिस के पास जो एफआईआर दर्ज है। उसमें उनके पास सबूत हैं कि फोर्टिस हॉस्पिटल में मरीजों के ट्रांसप्लांट बिना किसी एनओसी के किए गए। गुरुग्राम पुलिस ने जो दस्तावेज फोर्टिस और ईएचसीसी से जब्त किए हैं। उन दस्तावेजों की जांच जयपुर में ही टीम कर रही हैं। पुलिस ने दोनों निजी हॉस्पिटल के मैनेजमेंट से पूछताछ की।





वोटिंग के अगले दिन भाजपा की जयपुर शहर प्रत्याशी मंजू शर्मा अपने परिवारजनों के साथ और कांग्रेस के जयपुर शहर उम्मीदवार प्रताप सिंह खाचरियावास अपने समर्थकों के साथ फुर्सत के पलों में बातचीत करते नजर आये।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य राधा कृष्ण शर्मा पुत्र श्री प्रभूदयाल शर्मा उम्र 47 वर्ष, निवासी ग्राम चावण्ड का मन्ड, प्लाट नं.11, रामनगर कॉलोनी, सायपुरा तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर राजस्थान का है। जो कि मेरे अभिभाष्य के पुत्र विशाल शर्मा पुत्र श्री राधा कृष्ण शर्मा उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम चावण्ड का मन्ड, प्लाट नं.11, रामनगर कॉलोनी, सायपुरा तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर राजस्थान मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है। इसलिये मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र विशाल शर्मा को अपनी समस्त चल, अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद जो भी इसके साथ संव्यवहार करेगा उसका जिम्मेदार वो स्वयं होगा। सूचित रहे।
जयपुर (दामोदर सेवलिया) एडवोकेट
दिनांक-20/4/2024 मो.नं.-9413921331

### हैतुक दर्शित करने के लिये सूचना

(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्या-4)
नाम न्यायालय - जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जयपुर महानगर-प्रथम
ओरियेन्टल एर्जेसीज विरूद्ध श्री शांतिचंद सत्संगी
प्रार्थना-पत्र बाबत् इजराय
प्रार्थना-पत्र संख्या:05/1998
CIS.No. 3751/14

शान्ति चन्द सत्संगी पुत्र हरीश चन्द्र माथुर, निवासी प्लॉट संख्या के 16, दुर्गादास पथ, मालवीय मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर,
उक्त डिक्रीदार ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिये दिनांक 29 माह अप्रैल सन् 2024 को प्रातः 7.30 बजे स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा लिखे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो। उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगें, तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 20 माह 04 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम
मोहर अदालत

### नाम परिवर्तन

मै आर्मी नंबर JC-293231K सुवेदार (गनर) समरजीत सिंह भदौरिया, यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरे बेटा का नाम "आदर्श सिंह" है जो कि गलत है। मेरा बेटा का वास्तविक नाम आदर्श सिंह भदौरिया है।

मै रितिका मीरवानी पत्नी श्री कमल मीरवानी निवासी 4/68, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर। मैने अपना नाम माया कुमारी पारवानी से बदलकर रितिका मीरवानी रख लिया है। भविष्य में मुझे रितिका मीरवानी के नाम से जाना जाये।

## साली से दुष्कर्म करने वाले को सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर द्वितीय ने रिश्ते में साली लगने वाली नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को बीस साल की सजा से दंडित किया है। इसके साथ ही अदालत ने 23 वर्षीय इस अभियुक्त पर एक लाख तीन हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि वर्तमान में इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यदि अदालत की ओर से ऐसे अपराधियों के प्रति सहानुभूति रखी गई तो इससे उनके हौंसले बुलंद होंगे और अपराध की पुनरावृत्ति होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ललिता संजीव महरवाल ने अदालत को बताया कि 22 अप्रेल, 2022 को पीड़िता के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि वह भीख मांगकर परिवार का जीवन यापन करता है।




नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# प्राकृत भारती अकादमी में आधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन

**जयपुर**। प्राकृत भारती अकादमी में अमेरिका स्थित रत्न व्यवसायी कुशल संचेती के सहयोग से निर्मित आधुनिक पुस्तकालय का आज उद्घाटन हुआ।

मालवीय नगर में जयपुर फुट प्रांगण में स्थित प्राकृत भारती अकादमी में युवाओं के अध्ययन के लिए आधुनिक पुस्तकालय के बनने से उन्हें अपने घर के बाहर अध्ययन की सुविधा प्राप्त होगी। वर्तमान में प्राकृत भारती अकादमी द्वारा दी जाने वाली सुविधा का प्रतिदिन सात से आठ सौ ऐसे युवा जिनके घरों में अध्ययन की सुविधाऐं नहीं है, उपभोग करते हैं। इसमें अधिकांश ग्रामीण युवा हैं जो शहरों में आकर अध्ययन करते हैं और प्राकृत भारती अकादमी की सुविधाओं का उपभोग करते हैं।

अमेरिका के न्यूयार्क स्थित रत्न व्यवसायी कुशल संचेती, जो स्वयं इंजीनियरिंग ग्रेजूएट हैं और जयपुर की प्रसिद्ध व्यापारिक संस्थान सरदारमल सागरमल संचेती परिवार से हैं, ने इस पुस्तकालय के निर्माण में बड़ा आर्थिक सहयोग दिया है।

कुशल संचेती स्वयं समारोह में उपस्थित नहीं हो सके लेकिन उनके परिवार के सदस्य विजय, अशोक, सुरेश और राजेन्द्र शनिवार को आयोजित समारोह में उपस्थित थे।

अमेरिका में राजस्थानियों की संस्था राजस्थान एसोसिएशन फॉर नार्थ अमेरिकन्स (राना) के अध्यक्ष प्रेम भण्डारी, राना के वरिष्ठ सदस्य अरविन्द भण्डारी, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और रेड क्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन अविनाश राय खन्ना, जो राज्यसभा के सदस्य भी हैं, समारोह में उपस्थित थे।

समारोह में फर्स्ट इण्डिया के मुख्य सम्पादक जगदीश चन्द्रा, पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज, पूर्व लोकायुक्त एस.एस. कोठारी, विमलचन्द सुराणा और कमलचन्द सुराणा कई व्यक्ति और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

संचेती परिवार के अशोक संचेती ने बताया कि कुशल संचेती शिक्षा को सबसे अधिक महत्व देते हैं और अब तक भारत के 150 युवाओं को उन्होंने आर्थिक मदद देकर अमेरिका और अन्य देशों में शिक्षित किया है।

प्राकृत भारती अकादमी के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता ने कुशल संचेती के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आधुनिक लाइब्रेरी व्यवस्था हो जाने से अब बड़ी संख्या में लाइब्रेरी का युवा छात्र उपयोग कर सकेंगे।

सहारोह में प्राकृत भारती अकादमी के मानद् सचिव भूपेन्द्रराज मेहता का स्वागत किया गया जिनकी देखरेख में लाइब्रेरी का निर्माण हुआ। राज्यसभा सदस्य अविनाश राय खन्ना ने कहा कि डी.आर. मेहता मानव सेवा में लगी एक ऐसी हस्ती हैं जिसका अनुसरण अन्य को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डी.आर. मेहता करूणा के सबसे बड़ी प्रसारक हैं और उनके द्वारा स्थापित जयपुर फुट संस्था आज विश्व की कृत्रिम अंग द्वारा पुनर्वास करने वाली अग्रणी संस्था बन गई है।

प्राकृत भारती अकादमी की परियोजना निदेशक और संस्कृत की विद्वान डॉ. सुषमा सिंघवी ने कहा कि प्राकृत भारती ने अब तक 514 पुस्तकों का प्रकाशन किया है। प्राकृत भारती पुस्तक में दो लाख से अधिक पुस्तकें संग्रहित हैं।

इस अवसर पर अशोक संचेती ने घोषणा की कि उनके परिवार की एक ऐसी धरोहर जिसमें पाँच सौ वर्ष पुरानी प्राकृत और जैन साहित्य है को उनका परिवार प्राकृत भारती अकादमी को भेंट करेगा ताकि उस पर शोध कर उसका प्रकाशन किया जा सके। समारोह में प्राकृत भारती में अध्यनरत छात्र सन्दीप का अभिनन्दन किया गया।



प्राकृत भारती अकादमी में अमेरिका स्थित रत्न व्यवसायी कुशल संचेती के सहयोग से निर्मित आधुनिक पुस्तकालय का शनिवार को उद्घाटन हुआ। इस मौके पर प्राकृत भारती अकादमी के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डॉ. डी.आर. मेहता भी मौजूद थे।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय सिंह (प्रोप मैसर्स प्रताप फुटवियर प्लॉट नंबर 13, सुभाष कॉलोनी टीआरडी कॉलोनी मैन टाउन के पास सवाई माधोपुर राजस्थान-322001) ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 14086/18 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थाना: नार्थ रोहिणी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अजय सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अजय सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 14086/18 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना नार्थ रोहिणी दिल्ली के उक्त अजय सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.06.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**ईब्बानी अग्रवाल**
**महानगर दण्डाधिकारी (नार्थ-वेस्ट)**
**कमरा नं. 107, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/4258/RD/2024

# गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के लिए वोट मांगे

## अमित शाह ने कहा कि पहले चरण में राजस्थान में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है, प्रदेश की 12 में से एक भी सीट नहीं आ रही है


कोटा में भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में आयोजित आमसभा को केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया।

- **अमित शाह ने गांधी परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग थाईलैंड व अन्य विदेशी जगहों में छुट्टी मनाने जाते हैं। ये देश में गर्मी सहन नहीं कर पाते हैं**

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान के कोटा में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रैली आयोजित हुई। जिसमें उन्होंने लोकसभा स्पीकर और भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के लिए वोट मांगे। इस दौरान शाह कांग्रेस पर जमकर बरसे। अमित शाह ने कहा कि एक तरफ कुशल नेतृत्व व दूसरी ओर परिवारवाद है। पहले चरण में राजस्थान में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। प्रदेश की 12 में से एक भी सीट नहीं आ रही है जबकि दूसरे चरण में 13 सीटें हैं। इनमें भी यही करना है।

अमित शाह ने कहा कि वह बिरला को सालों से जानते हैं। लोकसभा स्पीकर के तौर पर संसद का संचालन करते हुए नकारात्मक विपक्ष होने के बावजूद भी सकारात्मक रहकर काम किया है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वोट देने से पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया को खत्म करने का काम किया है जबकि कांग्रेस कहती है जब वह सत्ता में आएगी तब बैन हटा दिया जाएगा। हमने पीएफआई को समाप्त कर दिया लेकिन कांग्रेस के लोग कहते हैं कि बैन हटा देंगे। कांग्रेस पार्टी विकास विरोधी है। इन्होंने ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट के मामले में कुछ भी नहीं किया। जब सत्ता में आए तो इसे आगे बढ़ाने भी नहीं दिया। भजनलाल की डबल इंजन सरकार आते ही 3 महीने में इसके एमओयू किए गए। अमित शाह ने कहा कि कश्मीर हमारा है और हमने अनुच्छेद 370 हटाई तब राहुल गांधी ने कहा था कि खून की नदियां बह जाएंगी। एक पत्थर भी नहीं फेंका गया।

अमित शाह ने गांधी परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग थाईलैंड व अन्य विदेशी जगहों में छुट्टी मनाने जाते हैं। ये देश में गर्मी सहन नहीं कर पाते हैं। अभी चुनाव है इसलिए प्रियंका छुट्टी से आई है। मोदी दीवाली पर भी जवानों के साथ रहने वाले व्यक्ति हैं। एक भी छुट्टी उन्होंने नहीं ली है। फैसला जनता को करना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब कोई भी यह नहीं कहेगा कि चंदा मामा दूर के हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा दिया है। यह मोदी जी की उपलब्धि है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस झूठी बातें करती है कि भाजपा अगर पूर्ण बहुमत से सत्ता में आ जाएगी तो आरक्षण को हटा देगी। जबकि साल 2014 और 2019 में भी हमारी सरकार पूर्ण बहुमत की थी, जबकि कांग्रेस को बहुमत मिला तब उन्होंने इमरजेंसी थोंप दी थी। हमें पूर्ण बहुमत मिला तब अनुच्छेद 370 हटाई राम मंदिर बनाया और माता-बहनों के लिए 33 फीसदी आरक्षण दिया है।

अमित शाह ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में 11 से पांचवें नंबर पर लेकर आए हैं और अब तीसरे पायदान पर लेकर आना है। भाजपा का जब तक एक-एक कार्यकर्ता जिंदा है, तब तक एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को नहीं हटाया जाएगा। सबसे बड़े वर्ग ओबीसी का विरोध कांग्रेस पार्टी ने किया है। मंडल कमीशन को लागू नहीं करने दिया व काका कालेकर की कमेटी की रिपोर्ट को गायब कर दिया। ओबीसी को संवैधानिक मान्यता देकर 27 फीसदी आरक्षण केंद्रीय संस्थाओं में दिया है। नरेंद्र मोदी भी ओबीसी से आते हैं और इतने बड़े नेता बने हैं। हमारी सरकार 13000 करोड़ की योजना ओबीसी के स्किल डेवलपमेंट के लिए लेकर आई है। एक खेमा भारत के इतिहास और धर्म के खिलाफ है, जबकि दूसरा खेमा धर्म, भाषा और इतिहास का सम्मान करता है। वोटर को यह भी चुनना चाहिए कि देश का खजाना किसे सौंपा जाए।

# तूफान के साथ हुई बारिश व ओलावृष्टि, किसान चिंतित

## अनूपगढ़ व हनुमानगढ़ जिलों में बदले मौसम से गेहूं की फसल को बड़ा नुकसान हुआ

- **किसानों ने ओलावृष्टि से हुए नुकसान को लेकर मुआवजे की मांग की है**

**अनूपगढ़,** (निसं)। अनूपगढ़ व हनुमानगढ़ जिलों में शुक्रवार को तूफान के साथ आई बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया। क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बाद तूफान के साथ आई बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी। बदले मौसम से गेहूं फसल को बड़ा नुकसान हुआ है। दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ हुई बारिश व ओलावृष्टि से कहीं पूरी तरह से नष्ट हो गई तो कहीं गेहूं की फसल खेतों में ही बिछ गई। इससे किसानों की छह महीने की मेहनत पर भी पानी फिर गया।

किसानों ने ओलावृष्टि से हुए नुकसान को लेकर मुआवजे की मांग की है। रायसिंहनगर तहसील क्षेत्र में पीटीडी क्षेत्र के गांव 22 पीटीडी 24 पीटीडी 27 पीटीडी 28 पीटीडी 26 पीटीडी 25 पीटीडी के अलावा एनपी क्षेत्र सहित आसपास अनेक गांवों में खेतों में खड़ी गेहूं की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। हनुमानगढ़ जिले में शुक्रवार सुबह आसमान में बादलवाही रही। जिला मुख्यालय पर तेज हवा चलने के बाद बादल बिन बरसे ही लौट गए। शाम को भी बादलवाही का दौर जारी रहा। देर शाम को पल्लू के आसपास तेज अंधड़ चलने के साथ हल्की बारिश हुई। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की सूचना है। अंधड़ से रबी फसलों की कटाई में जुटे किसानों को परेशानी हुई।

# सड़क हादसे में चार की मौत

**दूदू,** (निसं)। पुलिया के पास ट्रक स्टैंड पर शनिवार की शाम को कार-ट्रक व मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। वहीं हादसे में चार जनों की मौत हो गई। जयपुर की ओर से आ रही कार बाइक को बचाने के दौरान बाइक से टकराकर ट्रक में घुस गई। इसके बाद कार में सवार तीन जनों की मौत हो गई तथा एक घायल हो गया। जानकारी पुलिस थाना दूदू में मिलने के बाद मौके पर उपपुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल व थाना निरीक्षक मय पुलिस के साथ पहुंचे व क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर शवों को मुर्दाघर में रखवा दिया गया। मृतकों की समाचार लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। गंभीर घायल एक व्यक्ति को राजकीय चिकित्सालय में उपचार दिया जाकर जयपुर रैफर कर दिया गया जिसने रास्ते में दम तोड़ दिया।

# बाइक सवार भाई-बहन की सड़क हादसे में मौत

**जोबनेर/जयपुर,** (निसं)। जयपुर जिले के जोबनेर- रेनवाल मार्ग पर शनिवार को भाई-बहन की सपनो की उडान भरने पहले से जीवन की डोर एक दर्दनाक सडक हादसे में टूट गई।

जानकारी के मुताबिक बिजारणियो का बास (जोबनेर) निवासी देवाराम जाट की बेटी किरण का शनिवार को बीए अंतिम वर्ष की परीक्षा थी। देवाराम का बेटा हेमंत (20) अपनी बहन किरण को रेनवाल परीक्षा सेंटर से परीक्षा दिलवाने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहा था। बीच रास्ते में मींढा गांव के समीप एक निजी बस की जबरदस्त भिड़ंत के चलते हादसे में दोनों भाई-बहन की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में किरण ने मौके पर ही दम तोड़ दिया तो वही गंभीर रूप से घायल भाई हेमंत ने एसएमएस अस्पताल जयपुर ले जाते समय दम तोड़ दिया।

गांव के गमगीन माहौल में शनिवार को किरण का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वही हेमंत का शव पोस्टमार्टम प्रक्रिया के बाद शनिवार देर शाम घर पहुंचा। हादसे के बाद गमगीन गांव में चूल्हे नही जले वही हर किसी की आंखों में हादसे का मंजर नजर आ रहा था। वही परिवार में मृतक किरण व भाई हेमंत के परिजनों का हाल बेहाल हो गया है। पिता देवाराम व मां बार बार हादसे के जख्म से बेहोश हो रही थी।

# विरासत सेवा संस्थान कार्यालय में चोरी

## कीमती वस्तुएं, बहुमूल्य सिक्के, घड़ियां, सुराही, ट्रॉफी, मैडल आदि चोरी

**अजमेर,** (कासं)। पिछले दिनों रामनगर क्षेत्र में स्थित विरासत सेवा संस्थान के कार्यालय में चोरी की वारदात हुई।

चोरों ने पीछे नाले की ओर से दीवार तोड़कर पास के पेड़ में फंदा बनाकर उस पर साड़ी लटकाते हुए भीतर प्रवेश किया और पिछे के मजबूत लोहे के दरवाजे की अंदर से लगी चिटखनी को सरिया से तोड़कर करके भीतर सारा सामान अस्त-व्यस्त करके अलमारियां, बक्सों व अटेचियों को तोड़ दिया और विरासत से जुड़ी कीमती वस्तुएं बहुमूल्य सिक्के, घड़ियां, सुराही, ट्रॉफी, मैडल तथा बहुमूल्य बेशकीमती सामान लेकर फरार हो गए। 12 अप्रैल को अपने गुजरात प्रवास से वापस लौटने पर विरासत सेवा संस्थान के अध्यक्ष बी एल सामरा जब अपने कार्यालय पहुंचे।

उन्हें कार्यालय का दरवाजा भीतर से बंद मिला किसी तरह छोटे बच्चे को छत पर भेज कर अंदर उतारकर कमरे का अंदर से बंद दरवाजा खुलवाया तो भीतर सामान का ढेर और खाली रेक का नजारा देखकर वे एकदम घबरा गए और सीधे पुलिस स्टेशन जाकर के उन्हें अपने निवास पर हुई चोरी की घटना से अवगत कराया। आनासागर चौकी प्रभारी हरनाम सिंह ने पुलिस जाब्ते को घटना स्थल का मौका मुआयना करने हेतु रवाना किया। मौके पर पहुंच कर उन्होंने मौका मुआयना किया और घटनास्थल की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी की और बाद में सामरा ने संबंधित घटनाक्रम की लिखित रिपोर्ट चौकी पर पहुंचकर पेश की।

# दो बाइकों की भिड़ंत में भतीजे की मौत, चाचा घायल

## पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया

**डूंगरपुर,** (निसं)। दोवड़ा थाना क्षेत्र में पगारा बस स्टैंड पर दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में चाचा-भतीजा घायल हो गए। घायल भतीजे की अस्पताल में मौत हो गई। शव को अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

दोवड़ा थाना हेड कांनि. ने बताया कि सूरजमल परमार पुत्र जीवनलाल परमार निवासी पगारा फला भागेला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जिसमें बताया है कि वह और उसका भतीजा रोहित परमार पुत्र बाबूलाल परमार दोनों शुक्रवार शाम के समय बाइक लेकर बड़े भाई के घर से पगारा दुकान पर जाने के लिए निकले थे। बाइक को वह चला रहा था। भतीजा रोहित पीछे की तरफ बैठा हुआ था। पगारा बस स्टैंड के पास जाते ही सामने की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में उसे और रोहित को गंभीर चोंटे आईं। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद रोहित को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर दोवड़ा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। शव को अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने शनिवार को दुर्घटना दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। वहीं, पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# बीकानेर में मतदान कम होने से पार्टी प्रत्याशियों का जोड़-भाग भी गड़बड़ाया

## मतदान के बाद जो तस्वीर उभर कर आई है, उससे राजनीतिक व प्रशासनिक स्तर पर भी चिंतन शुरु

- **बीकानेर लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्रों में घटा मतदान, बीकानेर में 53.96 फीसदी मतदान, गत चुनाव से 5.29 फीसदी घटा**
- **अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक, नोखा में सबसे कम मतदान**

**बीकानेर,** (निसं)। संभाग की बीकनेर लोकसभा सीट पर जिला प्रशासन सहित कांग्रेस व भाजपा आदि राजनीतिक दलों के तमाम प्रयासों के बावजूद शुक्रवार को सम्पन्न हुए मतदान के बाद जो तस्वीर उभर कर आई है, उससे राजनीतिक व प्रशासनिक स्तर पर भी चिंतन शुरु हो गया है।

जिला प्रशासन की और से मतदान से कई दिन पूर्व अधिकाधिक मतदान के लिए जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी धनराशि खर्च करके अनेकानेक गतिविधियां आयोजित करवाई गई। इन कार्यक्रमों में स्कूलों के बच्चों की भी पढ़ाई बाधित हुई लेकिन जब मतदान का प्रतिशत फाइनल हुआ तो जाहिर हुआ कि जनता ने ना राजनीतिक दलों पर भरोसा जताया तथा ना ही प्रशासनिक मशीनरी पर विश्वास किया। अगर इन दोनों पर जनता विश्वास जताती तो शायद मतदान प्रतिशत में भारी बढ़ोतरी होती। आमतौर पर अधिक मतदान को सत्ता विरोधी या किसी लहर के रूप में देखा जाता है। लेकिन बीकानेर में पड़े वोटों की बात करें, तो लगभग पांच फीसदी की गिरावट के साथ इसने तमाम विश्लेषकों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। इतना ही नहीं, इस गिरावट के बाद दोनों प्रमुख दलों भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों का जोड़-भाग भी गड़बड़ा गया है। हालांकि, दोनों ही पक्ष गिरावट को लेकर जाहिरा तौर पर बहुत चिंतित नहीं दिखाई देते, लेकिन जानकारों का मानना है कि जनप्रतिनिधियों का जनता की समस्याओं को लेकर उदासीन रवैया इसका बड़ा कारण हो सकता है।

बीकानेर लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान संपन्न हुआ। संसदीय क्षेत्र में कुल 53.79 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान का यह प्रतिशत वर्ष 2019 में हुए 59.25 प्रतिशत मतदान से 5.29 प्रतिशत कम रहा। लोकसभा क्षेत्र में स्थित अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 67.1 फीसदी मतदान हुआ। जबकि नोखा विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 40.27 प्रतिशत रहा। शुक्रवार को हुए मतदान के दौरान संसदीय क्षेत्र के आठों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत वर्ष 2019 के मुकाबले कम रहा। सबसे अधिक मतदान का प्रतिशत अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र में घटा है। वर्ष 2019 में यहां 76.31 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार 67.1 फीसदी हुआ। यहां 9.21 प्रतिशत घटा है। खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र में 3.89 प्रतिशत, बीकानेर पश्चिम में 6.15 प्रतिशत, बीकानेर पूर्व में 3.68, कोलायत में 5.13 प्रतिशत, लूणकरनसर में 6.26 प्रतिशत, श्रीडूंगरगढ़ में 0.76 प्रतिशत और नोखा में 6.08 प्रतिशत मतदान घटा।

विधानसभा चुनावों में जहां मतदान प्रतिशत कही अधिक रहा इसका भाजपा ने भरपुर राजनीति फायदा भी उठाया। लेकिन थोड़े अन्तराल भी ही लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में भारी गिरावट से भाजपाई खेमा भी चुप है और उसके साईबर योद्धा भी इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। बहरहाल दोनों ही पार्टी भाजपा व कांग्रेस इस मुद्दे पर मंथन कर रही है कि आखिर वो कौन से कारण हैं जिस वजह से जनता ने न मोदी की गारंटी पर भरोसा किया न ही जनसमस्याओं पर अपनी राय दी।

# पति की हत्या की आरोपी पत्नी गिरफ्तार

- **पहली पत्नी का दर्जा नहीं मिलने पर की थी हत्या, युवक के शक करने से परेशान थी**

**डूंगरपुर,** (निसं)। आसपुर थाना क्षेत्र के खुदरडा गांव में ससुराल आए युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत के मामले का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर लिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में युवक की पत्नी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पत्नी ने पहली पत्नी का दर्जा नहीं मिलने, पति द्वारा शक करने और आए दिन झगड़ा करने की बात पर अपने पति की हत्या करने की बात कबूल कर ली है। फिलहाल पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है।

आसपुर थानाधिकारी ने बताया कि पारेला खेड़ा फला निवासी अर्जुन पुत्र कालू बोड ने खुदरड़ा गांव में आशा के साथ दूसरी शादी की थी। शादी के दो महीने बाद पत्नी आशा और अर्जुन दोनों 16 अप्रेल को ससुराल आए थे। रात को खाना खाने के बाद घर में सो गए। अगले दिन 17 अप्रेल को सुबह अर्जुन का शव जमीन पर गिरा पड़ा मिला और शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। घटना के बाद अर्जुन के पिता कालिया सहित परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। पिता ने बेटे की हत्या करने के आरोप लगाए। सूचना पर आसपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी आशा पर शक होने से उसे डिटेन कर पूछताछ की तो उसने अपने पति की हत्या करने की बात कबूल कर ली। आशा ने बताया कि वह अर्जुन की दूसरी पत्नी थी। इस वजह से उसे पहली पत्नी का दर्जा नहीं मिला। अर्जुन उस पर शक करता था और आए दिन उससे झगड़ा करता था। इसी से तंग आकर उसने पहले अर्जुन के सिर पर सरिए से वार किया और फिर उसे छत से नीचे धकेल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पत्नी आशा को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है।

# सड़क हादसे में आधा दर्जन घायल

**बीकानेर,** (निसं)। नाल क्षेत्र में एक गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायल हुए लोगों को इलाज हेतु पीबीएम अस्पताल ले जाया गया। कार में सवार लोग कोलायत के भोजासर गांव में किसी रिश्तेदार की गमी में शामिल होने के लिए जा रहे थे, लेकिन बच्छासर के पास कार अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। घायलों को तुरंत पीबीएम अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। दो लोगों की गंभीर स्थिति बताई जा रही है। घायलों में विमला देवी सरोज शोभा लक्षिता राजकुमार सभी लोग रामपुरिया हवेली के पास रहने वाले हैं।

# सी.पी. जोशी के समर्थन में योगी आदित्यनाथ का रोड शो

## डेढ़ किमी. लंबे रोड शो को हजारों समर्थकों ने जय श्री राम एवं मोदी-योगी-जोशी के नारों से गुंजायमान कर दिया

- **योगी के साथ प्रत्याशी जोशी एवं विधायक कृपलानी ने क्षेत्र की जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की**


भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने चित्तौड़गढ़ से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी के समर्थन में रोड शो किया।

**निम्बाहेड़ा,** (निसं)। लोकसभा चुनाव में चित्तौड़गढ़ से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के समर्थन में शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने रोड शो कर भाजपा को विजय बनाने की अपील की।

करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे रोड शो में सीएम योगी के स्वागत के लिए पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में लोकसभा प्रत्याशी सीपी जोशी के हजारों समर्थकों ने पुष्प वर्षा कर निम्बाहेड़ा को जय श्री राम एवं मोदी-योगी-जोशी के नारों से गुंजायमान कर दिया। रोड शो के दौरान खुली जीप में योगी के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रत्याशी जोशी एवं विधायक कृपलानी ने क्षेत्र की जनता का अभिवादन स्वीकार कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

योगी ने करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे रोड शो के अंतिम पड़ाव शेखावत सर्कल पर पहुंच कर देश के पूर्व उप राष्ट्रपति एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्व. भैरो सिंह शेखावत की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प की माला पहनाकर नमन किया। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी जोशी एवं विधायक कृपलानी ने भी स्व. शेखावत को नमन कर आशीर्वाद लिया। रोड शो के समापन पर योगी आदित्यनाथ ने हजारों समर्थकों को सम्बोधित किया। योगी ने मेवाड़ की धरा को नमन करते हुए कहा कि मेवाड़ की धरा राष्ट्रवाद के मुद्दे से कभी विचलित नहीं हुई है, मैं मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम की धरा से ऐसी वीर भूमि को नमन करने आया हूं। उन्होंने कहा कि देश में प्रथम चरण के सम्पन्न मतदान बताते हैं कि सम्पूर्ण देश की जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता सौंपने का निर्णय कर लिया है और मोदी जी के नेतृत्व में अबकी बार 400 पार का लक्ष्य अवश्य सफल होने जा रहा है। योगी ने कहा कि कांग्रेस की साम्प्रदायिक एवं जातिवादी सोच के कारण देश पहले ही भारी नुकसान झेल चुका है। कांग्रेस ने हमेशा देश को नुकसान पहुंचाने का कार्य किया है, जिसका दंश आज भी देश भुगत रहा है।

योगी ने हजारों समर्थकों से आव्हान किया कि अपने लोकप्रिय सांसद जोशी को वर्ष 2014 एवं 2019 के योग से भी अधिक मतों से इस बार विजयी बनाकर संसद भेजें। रोड शो के दौरान स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष गोपाल कुमावत, विधानसभा संयोजक एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा, विधानसभा प्रभारी रतनलाल गाडरी, जिला प्रमुख भूपेन्द्र सिंह बडौली, पूर्व जिला प्रमुख प्रतापगढ़ बद्रीलाल पाटीदार, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़ धनराज शर्मा, पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़, पूर्व प्रधान छोटीसादड़ी महावीर सिंह कृष्णावत, पूर्व नपा अध्यक्ष श्यामसुन्दर अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री गब्बर सिंह अहीर, भाजपा एसटी प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री अमर सिंह रावत, कनेरा मण्डल अध्यक्ष जुगल किशोर धाकड़, छोटी सादड़ी नगर अध्यक्ष रामचन्द्र माली, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष कैलाश गुर्जर, पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष रमेश गोपावत, भाजयुमो विधानसभा प्रभारी ध्रुव श्रीमाली, भाजयुमो जिला अध्यक्ष जयपाल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिमा कुमारी मेवाड़ के समर्थन में योगी आदित्यनाथ ने भीम में चुनावी सभा की

**भीम,** (निसं)। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड के समर्थन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भीम पाटिया मेला ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह वीरों की भूमि है, यहां भक्ति और शक्ति का अद्भुत समन्वय है। यह समन्वय ही हम सब की धमनियों में राष्ट्र भक्ति की एक नई ज्वाला पैदा करता है। जब राजस्थान अंगड़ाई लेता है तो उसकी गूंज पूरे देश को सुनाई देती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अयोध्या में रामलला मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए जनता जनार्दन का आशीर्वाद मांगा जा रहा है। योगी आदित्यनाथ शनिवार दोपहर तीन बजे हेलीपैड से मेला ग्राउंड भीम पहुंचे जहां आमसभा को संबोधित करते हुए राजसमंद लोकसभा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड के समर्थन में आगामी 26 अप्रेल को लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर से भीम हेलीपैड पहुंचने पर राजस्थान सरकार के मंत्री मंजू बाघमार, भीम विधायक हरिसिंह रावत, मंत्री अविनाश गहलोत आदि सहित करीब 30 भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन किया।

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में भीम पाटिया मेला ग्राउंड में आयोजित आमसभा को लोकसभा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड, लोकसभा प्रभारी मंजू बाघमार, कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़, राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी, जैतारण विधायक एवं मंत्री अविनाश गहलोत, ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, डेगाना विधायक अजयसिंह किलक, मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू, मारवाड़ विधायक केसाराम चौधरी जिला संगठन प्रभारी वीरेंद्रसिंह, जिला अध्यक्ष मानसिंह बाहरठ, लोकसभा समन्वय पुष्प जैन जिला प्रमुख रत्नीदेवी जाट, आसींद विधायक जब्बरसिंह सांखला आदि मंचासीन अतिथियों ने भी आम सभा को संबोधित किया।

# प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़कर 58.28 प्रतिशत पहुंचा

## फॉर्म 17ए की जांच के बाद राज्य निर्वाचन विभाग ने लोकसभा प्रथम चरण के मतदान का संशोधित आंकड़ा साझा किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** लोकसभा चुनाव-2024 के प्रथम चरण में राजस्थान की 12 सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़कर 58.28 प्रतिशत पहुंच गया है। दरअसल फॉर्म 17ए की जांच के बाद राज्य निर्वाचन विभाग ने शनिवार को प्रथम चरण के मतदान का संशोधित आंकड़ा साझा किया।

शुक्रवार 19 अप्रैल को प्रदेश में श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर शहर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर लोकसभा सीट पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान हुआ था। इसके बाद देर शाम को निर्वाचन विभाग ने प्रदेश का वोटिंग प्रतिशत 57.87 फीसदी बताया था। इसमें 0.61 प्रतिशत पोस्टल बैलेट से और शेष 57.26 प्रतिशत वोटिंग ई.वी.एम. से बताई थी। हालांकि मुख्य निर्वाच अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा था कि फॉर्म 17ए की जांच के बाद 20 अप्रैल तक ही फाइलन पोल डाटा सामने आ पाएगा।

- **सीकर, चूरू और झुंझुनूं में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों की तुलना में ज्यादा रहा**
- **प्रदेश में 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का वोटिंग प्रतिशत भी 60.37 फीसदी रहा**

| लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र | संशोधित मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| श्रीगंगानगर | 67.21 |
| बीकानेर | 54.57 |
| चूरू | 64.22 |
| झुंझुनूं | 53.63 |
| सीकर | 58.43 |
| जयपुर ग्रामीण | 57.65 |
| जयपुर शहर | 63.99 |
| अलवर | 60.61 |
| भरतपुर | 53.43 |
| करौली-धौलपुर | 50.02 |
| दौसा | 56.39 |
| नागौर | 57.60 |

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान में इस बार महिला-पुरूषों के बीच मतदान का अंतर 1.86 प्रतिशत रह गया है। जबकि वर्ष 2019 2019 में यह अंतर 2.24 प्रतिशत था।

गुप्ता ने बताया कि सीकर, चूरू एवं झुंझुनूं में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरूषों के मुकाबले ज्यादा रहा है। सीकर में पुरूषों का मतदान प्रतिशत 56.26 जबकि महिला मतदाताओं का 58.92, झुंझुनूं में पुरूष 51.92 जबकि महिला मतदाता 54.03 प्रतिशत, चूरू में पुरूषों का 63.51 जबकि महिला मतदाताओं का 63.71 प्रतिशत मतदान रहा।

गुप्ता ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 60.37 प्रतिशत रहा। प्रथम चरण के लगभग 2 लाख 70 हजार मतदाताओं में से लगभग 1.63 लाख ने मतदान किया।



जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित कॉमर्स कॉलेज में जयपुर जिले की मतदान पेटियों को पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रथम चरण के 12 निर्वाचन क्षेत्रों के 24 हजार 370 मतदान केंद्रों पर नव विवाहित जोड़ों, दिव्यांग, थर्ड जेंडर, आदिवासियों, वृद्धों और युवाओं सहित सभी मतदाताओं ने मतदान में उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

इन 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से अंतिम आंकडों के अनुसार, सर्वाधिक 67.21 प्रतिशत मतदान गंगानगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और सबसे कम 50.02 प्रतिशत मतदान करौली-धौलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है।

प्रथम चरण के लोकसभा चुनाव में प्रदेश में कुल 1 करोड़ 47 लाख 53 हजार 60 वोट पड़े। इनमें 68 लाख 14 हजार 997 वोट महिलाओं, 77 लाख 78 हजार 928 पुरुषों और 164 वोट थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने डाले।

# फ्लैट से 30 किलो चांदी और 8 लाख रुपए चोरी

- **लॉकर का ताला खराब होने पर पीड़ित ने चाबी बनाने वाले को बुलाया था**

**जयपुर (कासं)।** ज्योति नगर इलाके के एक फ्लैट से 30 किलो चांदी और 8 लाख रुपए चोरी हो गए। डूप्लीकेट चाबी से फ्लैट का लॉक खोलकर वारदात को अंजाम दिया गया। मालिक के संभालने पर फ्लैट पर अलमारी के लॉक खराब मिले। इस पर उन्होंने ताला तुड़वाकर चैक किया तो चोरी का पता चला। ज्योति नगर थाने में पीड़ित ने एफ.आई.आर दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि सिविल लाइन निवासी रणवीर सिंह (69) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि ज्योतिनगर इलाके में स्थित अकुंर अपार्टमेंट की फर्स्ट फ्लोर पर उनका फ्लैट है। नवंबर 2023 में दीपावली के आस-पास फ्लैट की सफाई करवाई थी। स्टील अलमारी के लॉक नहीं खुलने पर मिस्त्री जाकिर कुरैशी और आदिल निवासी हसनपुरा को फ्लैट पर बुलाया था। अलमारी के लॉक खराब होने की बताने पर नए लॉक मंगवाकर लगवाए।


लॉक लगवाते समय अलमारी में रखा करीब 8 लाख कैश और 30 किलो चांदी बाहर निकाला था। लॉक लगने के बाद आदिल के सामने ही चांदी और कैश को अलमारी में रखा था। अलमारी लॉक कर आदिल दो चाबी देकर वहां से चला गया। करीब एक महीने बाद वापस आकर संभालने पर अलमारी का लॉक नहीं खुला। काफी कोशिश के बाद भी लॉक नहीं खुलने पर चाबी बनवाने के लिए हसनपुरा निवासी राजेन्द्र को बुलाया। लॉक नहीं खोल पाने पर राजेन्द्र को कहकर तुड़वा दिए। अलमारी खोलकर देखने पर उसमें रखे करीब 30 किलो चांदी और 8 लाख कैश गायब मिले। 25 जनवरी को शिकायत देने पर भी ज्योति नगर थाना पुलिस ने ठोस कार्रवाई नहीं की। पीड़ित को शक है कि आदिल ही डूप्लीकेट चाबी से फ्लैट खोलकर अंदर घुसा। अलमारी से चांदी-कैश चोरी कर चला गया। पीड़ित की शिकायत पर 14 अप्रैल को पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भगवान महावीर का 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव आज

## हाथी-घोड़ों के लवाजमे के साथ आज निकाली जायेगी शोभायात्रा

**जयपुर ।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2623 वां जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रेल को भक्तिभाव से मनाया जाएगा। शनिवार को राजधानी की विभिन्न कॉलोनियों में प्रभातफेरी निकाली गई। मानसरोवर, मालवीयनगर, प्रतापनगर, जवाहर नगर, झोटवाड़ा, वैशाली नगर, विद्याधर नगर में जैन मंदिर समितियों ने बैंडबाजों और जयकारों के साथ प्रभातीफेरी निकाली गई। रथ में श्रीजी को विराजमान कर जगह-जगह स्वागत किया गया। विभिन्न मार्गों से होते प्रभातफेरी स्थानीय जैन मंदिर पहुंची।

महावीर जयंती के अवसर पर मुख्य आयोजन राजस्थान जैन सभा और सकल जैन समाज जयपुर के तत्वावधान में होगा। बड़ी चौपड़ से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें हाथी, घोड़े, ऊंट का लवाजमा और बैंडवादक शामिल होंगे। भगवान महावीर की शिक्षाओं पर आधारित अनेक झांकियों के साथ शोभायात्रा जौहरी बाजार, बापू बाजार, न्यू गेट होते हुए रामलीला मैदान पर संपन्न होगी। यहां आचार्य चैत्य सागर महाराज, आचार्य शशांक सागर महाराज एवं गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के सानिध्य में धर्मसभा का आयोजन होगा। इस दौरान ब्रह्मचारी राकेश जैन को जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान की जाएगी।



भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव की पूर्व संध्या पर शहर की कई कॉलोनियों में धूमधाम से प्रभातफेरी निकाली गई।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार वनकर्मी को कुचला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर में 200 फीट बाइपास चौराहे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। हादसे की जांच दुर्घटना थाना पुलिस दक्षिण कर रही है।

पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह सवा 9 बजे 200 फीट बाइपास चौराहे पर एक ट्रक ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि मृतक वन विभाग में कार्यरत है। तीन महिने पहले ही उसकी नौकरी लगी थी। वह किसी काम से बाजार जा रहा था इसी दौरान यह हादसा हो गया।

मृतक की पहचान न्याम की ढाणी हाथनौदा चौमू निवासी 25 वर्षीय अंकित कुमार मीणा पुत्र पूरणमल मीणा के रूप में हुई है। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। ट्रक चालक को भी पकड़ लिया है।

# महावीर जयंती की शोभायात्रा पर विशेष यातायात इंतजाम

- **शोभायात्रा मार्ग से 15 मिनट पूर्व ट्रेफिक को डायवर्ट कर सामानांतर मार्गों से निकाला जायेगा**
- **चौकड़ी मोदीखाना से शोभायात्रा की रवानगी से लेकर रामलीला मैदान पहुंचने तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किग निषेध रहेगी**

**जयपुर ।** महावीर जयन्ती के उपलक्ष्य में रविवार सुबह 7 बजे से जयपुर शहर में शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने शोभायात्रा के दौरान शहर की ट्रेफिक व्यवस्था में थोड़ा बदलाव किया है।

पुलिस के मुताबिक शोभायात्रा चौकडी मोदीखाना स्थित महावीर पार्क से रवाना होकर मनिहारो का रास्ता, लालजी साण्ड का रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, बडी चौपड, जौहरी बाजार, बापू बाजार, न्यू गेट होता हुआ रामलीला मैदान पहुंच कर सभा में परिवर्तित होगा।

शोभायात्रा के मार्ग पर चलने वाले यातायात को 15 मिनट पूर्व डायवर्ट कर समानान्तर मार्गो से निकाला जावेगा। शोभायात्रा के मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी।

रामनिवास बाग चौराहा से न्यूगेट, चौडा रास्ता में जाने वाले सामान्य यातायात को रामनिवास बाग चौराहा से सांगानेरी गेट, यादगार तिराहा की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा।

त्रिपोलिया टी. पोईन्ट से चौडा रास्ता में जाने वाले सामान्य यातायात को त्रिपोलिया टी. पोईन्ट से छोटी चौपड, बडी चौपड की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा। शोभायात्रा के त्रिपोलिया टी. पोईन्ट पर पहुंचने से पूर्व छोटी चौपड एवं बडी चौपड से त्रिपोलिया टी. पोईन्ट की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को छोटी चौपड एवं बडी चौपड से डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा।

शोभायात्रा के बड़ी चौपड पर पहुंचने से पूर्व सांगानेरी गेट, रामगंज चौपड एवं सुभाष चौक से बडी चौपड की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को सांगानेरी गेट, रामगंज चौपड एवं सुभाष चौक डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा। शोभायात्रा के सांगानेरी गेट पर पहुंचने से पूर्व न्यू गेट की तरफ से बापू बाजार में जाने वाले सामान्य यातायात को न्यूगेट से डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा।

## सार-समाचार

### तीर्थंकर भगवान महावीर पर संगोष्ठी



**जयपुर, (का.सं.)।** तीर्थंकर महावीर के 2550वें निर्वाण वर्ष के दौरान उनके 2623वें जन्म कल्याणक के अवसर पर तीर्थंकर महावीर के जीवन पर दुर्गापुरा ट्रस्ट कमिटी के सहयोग से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में ताराचंद पोल्याका, जी सी जैन, के सी मलैया, ऋतिक शास्त्री, राजेंद्र काला, महावीर चांदवाड़ द्वारा चित्र अनावरण-द्वीप प्रज्जवलन एवं संतोष चांदवाड़ एवं रेखा पाटनी द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। संगोष्ठी में वर्षा अजमेरा, रानी सोगानी, रेखा पाटनी, सुनीता पाटौदी ने तीर्थंकर महावीर पर अपनी प्रस्तुति दी। संतोषजी गोधा ने महावीर भगवान पर स्वयं लिखित भजन बड़े ही भक्तिभाव के साथ मधुर आवाज में सुनाया। पं. चंदनमल अजमेरा, जी सी जैन, पं. रितिक जैन एवं मुख्य वक्ता के सी मलैया ने भगवान महावीर के सिद्धांतो की आज के संदर्भ में उपयोगिता के बारे में अपने विचार रखे। कार्य क्रम के बीच में तीर्थंकर महावीर पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चलता रहा। सही उत्तर देने वालों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम संयोजक भागचंद जैन मित्रपुरा ने महावीर जन्म कल्याणक के दिन रात्रि 7 से 8 बजे तक ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित करने के बारे में अवगत कराया। राजेंद्र काला ने आयोजन हेतु जैन बैंकर्स फोरम का एवं महावीर चांदवाड़ वक्ताओं एवं श्रोताओं का धन्यवाद दिया एवं देवदर्शन, पानी छान कर पीना, रात्रि भोजन त्याग का सभी श्रावकों को आव्हान किया।

### सहेली के भाई ने किया नाबालिग से दुष्कर्म

**जयपुर ।** प्रतापनगर थाना इलाके में एक नाबालिग लड़की के साथ उसकी सहेली के भाई के दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी नाबालिग को उसकी बहन के बुलाने की बात कहकर घर ले गया। आरोपी ने दोस्त के साथ मिलकर नाबालिग को कमरे में बंधक बनाया और रेप किया। मामले की जांच एसीपी सांगानेर विनोद शर्मा कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी 16 साल की बेटी के साथ सद्दाम नाम के लड़के ने रेप किया है। रविवार सुबह नाबालिग बेटी किसी काम से जा रही थी। इस दौरान रास्ते में उसे सहेली का भाई सद्दाम अपने दोस्त लक्की के साथ मिला। आरोपी ने सद्दाम ने उसे रोका और बहन के बुलाने की बात कहकर बाइक पर बैठा लिया। आरोपी ने घर ले जाकर दोस्त लक्की की मदद से एक कमरे में हाथ-पैर बांधकर बंधक बना लिया और उसके साथ रेप किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर दोस्त के साथ घर भेज दिया। घर पहुंचकर नाबालिग पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। प्रताप नगर थाना पुलिस ने शिकायत पर पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पड़ौसी ने की महिला से छेड़छाड़

**जयपुर (कासं)।** जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में पड़ोसी युवक के महिला से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। घर लौटते समय आरोपी ने उसे रास्ते में पकड़ लिया। मुंह दबाकर अंधेरे में ले जाकर जबरदस्ती करने की कोशिश की। विरोध कर शोर मचाने पर मारपीट कर आरोपी भाग निकला। पुलिस ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर निवासी 37 साल की महिला ने मामला दर्ज करवाया कि 14 अप्रैल की रात करीब 8 बजे वह रिश्तेदार के यहां खाना खाकर पैदल घर लौट रही थी। रास्ते में आरोपी पड़ोसी ने उसको पकड़ लिया। मुंह दबाकर मकान के पीछे अंधेरे में ले जाकर जबरदस्ती करने की कोशिश की। विरोध कर शोर मचाने पर आरोपी पड़ोसी ने मारपीट की। चिल्लाने की आवाज सुनकर लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग निकला। घर पहुंची पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। जयसिंहपुरा खोर थाने में आरोपी पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### युवती के गले से सोने की चेन तोड़ी

**जयपुर ।** मानसरोवर थाना इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवती के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में पीडिता कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाते हुए गलियों में ओझल हो गए। पुलिस के अनुसार स्वर्ण पथ मानसरोवर निवासी नागेश सोरल ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बेटी अनुजा बाजार जा रही थी। वरुण पथ पर बाइक सवार एक बदमाश आया और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। इस पर पीडिता ने घर पहुंच कर सारी घटना बताई। इस पर पिता उसे लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### श्याम प्रभु का गुणगान किया

**जयपुर ।** श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति का श्री श्याम भजनामृत सत्संग शनिवार को न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर स्थित चिंताहरण काले हनुमान मंदिर में हुआ। महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज के सान्निध्य में अनेक भजन गायकों ने खाटू नरेश का गुणगान किया। श्री श्याम सत्संग मंडल समिति का 58वां वार्षिकोत्सव शनिवार को गणगौरी बाजार के चौगान स्टेडियम स्थित सत्संग भवन में भक्तिभाव से मनाया गया। श्याम प्रभु का मनोरम दरबार सजाकर अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गई। महाआरती के बाद गणेश वंदना हुई। विजय राजपूत, संदीप शर्मा, राजेश अटोलिया, मनीष गर्ग, अमित नामा, अविनाश शर्मा, अजय शर्मा, महेश परमार, राज राठौड़, राहुल पारीक, आदित्य छीपा, यश-राज ने श्याम प्रभु के दरबार में भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी का रायपुर विवि. से एम.ओ.यू.

## शोध, उपलब्ध संसाधनों व शैक्षणिक आदान-प्रदान के लिए हुआ समझौता



**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ में रायपुर स्थित पं.रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय के बीच आज शोध कार्यक्रमों एवं शैक्षणिक आदान-प्रदान के साथ दोनो उच्च शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों के पारस्परिक सहयोग के आधार पर उपयोग करने की दिशा में एक औपचारिक सहमति को मूर्त रूप दिया गया।

राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा एवं पं. रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.एन शुक्ला की उपस्थिति में राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से इस एम.ओ.यू पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार अवधेश सिंह ने हस्ताक्षर किये।

इस सहमति के आधार पर दोनो विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों, पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता के विकास को लेकर अपनी विशेषज्ञता एवं उपलब्ध संसाधनों का भी पारस्परिक रूप में उपयोग कर सकेंगे। साथ ही दोनों संस्थान अपने छात्रों के लिए ऑनलाइन समर रिसर्च इर्न्टनशिप को प्रोत्साहित करने का भी कार्य करेंगे। रिसर्च आधारित स्टार्ट अप एवं इण्डस्ट्री प्रोजेक्ट प्रारंभ करने की दिशा में आवश्यक परामर्श के साथ ही इन्क्यूबेशन सेन्टर स्थापित करना भी इस एम.ओ.यू का अहम हिस्सा है।

फैकल्टी के साथ ही स्टूडेंट एक्सचेंज, सयुंक्त सेमिनार व कार्यशालाएँ, अल्पकालीन शैक्षणिक कार्यक्रम, टैक्नोलॉजी ट्रांसफर जैसे मुख्य आयामों को भी आज हुई इस एम.ओ.यू में शामिल किया गया है।

दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुई इस सहमति के आधार पर दोनो विश्वविद्यालय अपने सांझा हितों को दृष्टिगत रखते हुए पी.जी. डिप्लोमा के साथ ही अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों में जॉइंट डिग्री प्रोग्राम प्रारम्भ करने की संभावनाओं की दिशा में भी कार्य करेंगें।

# घुमंतु बस्तियों के 110 श्रद्धालु जाएंगे हरिद्वार-ऋषिकेश

**जयपुर ।** घुमन्तू जाति उत्थान न्यास की घुमन्तू तीर्थ योजना के अंतर्गत रविवार 21 अप्रेल को अंबाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर से शाम सवा चार बजे घुमंतु समाज के 110 श्रद्धालुओं का पहला जत्था हरिद्वार और ऋषिकेश की यात्रा पर रवाना होगा। न्यास के जयपुर महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि पहले चरण में लोहामंडी, हरमाड़ा, विद्याधरनगर सहित जयपुर की विभिन्न घुमंतु बस्तियों के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में हरिद्वार में पतितपावनी मां गंगा की गोद में डुबकी लगाएंगे। इससे पूर्व शांतिकुंज हरिद्वार में सर्व पितृ शांति हवन करेंगे। रवानगी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत तथा मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल होंगे। अध्यक्षता जोबनेर पीजी कॉलेज के प्रो. डॉ. के के शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि शकुन ग्रुप के निदेशक जे डी माहेश्वरी और डॉ. आशीष गौड़ होंगे।

# पथ संचलन आज

**जयपुर ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार को जयपुर में पंथ संचलन का आयोजन होगा। गुणवत्ता पथ संचलन नाम से होने वाले इस आयोजन में गालव भाग के स्वयंसेवक भाग लेंगे। संघ के जयपुर विभाग प्रचार प्रमुख अशोक कुमार ने बताया कि संचलन शाम 5.45 बजे चौगान स्टेडियम से प्रारंभ होगा। वहां से क्रमशः छोटी चौपड़, किशनपोल, न्यू गेट, त्रिपोलिया दरवाजा, बड़ी चौपड, सांगानेरी दरवाजा होते हुए पथ संचलन रामलीला मैदान पंहुचेगा। रामलीला मैदान पर समापन कार्यक्रम में जयपुर प्रांत प्रचारक बाबूलाल का उद्बोधन होगा।

# बाइक-स्कूटी की टक्कर में युवक की मौत

**जयपुर (कासं)।** विश्वकर्मा रोड नम्बर 14 पर बाइक और स्कूटी में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि हादसे में स्कूटी सवार दम्पती घायल हो गए। हादसे की जांच दुर्घटना थाना पश्चिम कर रही है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात करीब सवा नौ बजे बाइक और स्कूटी में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 49 वर्षीय महेंद्र पुत्र अमीलाल निवासी राजगढ़ चूरू और स्कूटी सवार दम्पती घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उपचार के दौरान महेंद्र की मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल महिला को छुट्टी दे दी गई, जबकि उसके पति का उपचार जारी है। पुलिस ने बताया कि हादसा तेज रफ्तार की वजह से हुआ है। मृतक महेंद्र एक ट्रांसपोर्ट कम्पनी में काम करता था। हादसे के दौरान वह अपने घर जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

# जयपुर के प्रखर असावा ने गुड़गांव ओपन 2024 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## प्रखर ने 277 के स्कोर के साथ संयुक्त छठा स्थान प्राप्त किया

**जयपुर, (का.सं.)।** रामबाग गोल्फ क्लब, जयपुर के प्रखर असावा ने हाल ही में हरियाणा के नूंह में क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित न्यू-लॉन्चंड राष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंट, गुड़गांव ओपन 2024 में अपना कौशल दिखाया। इस प्रतिस्पर्धा में प्रखर के साथ-साथ मनु गंडास, राशिद खान, अमन राज, करण प्रताप सिंह, सचिन बैसोया और उदयन माने जैसे कई शीर्ष भारतीय प्रोफेशनल्स और कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्लेयर्स भी शामिल हुए।




इस रोमांचक खेल में चुनौतीपूर्ण हवा की स्थिति और मुश्किल पिन पोजीशन के बीच, असावा ने अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंतिम दिन लेवल पार 72 का कार्ड खेलकर कुल 277 के स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया। प्रखर ने राउंड की शुरुआत 2 बोगी के साथ की और बाद में वापसी करते हुए 3 बर्डीज और 3 बोगी के साथ लेवल पार कर लिया। सटीकता और निरंतरता के उल्लेखनीय प्रदर्शन में उन्होंने 4 दिनों की मुश्किल गोल्फिंग परिस्थितियों के दौरान -3,-3,-5 और पार का कार्ड बनाया और देश में गोल्फ के उच्चतम स्तर पर अपना नाम दर्ज कराया। यह लंबे समय से राजस्थान के किसी भी गोल्फर द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस टूर्नामेंट में बेंगलुरु के एम धर्मा विजेता बनकर उभरे। उन्होंने अंतिम दिन फोर-अंडर 68 के स्कोर के साथ लीडरबोर्ड पर काबिज रहे और 270 के कुल स्कोर के साथ पांच शॉट की बढ़त हासिल की। प्रखर ने राहिल गंगजी, उदयन माने, राजीव के जातिवाल, तापी घई और सचिन बैसोया के साथ छठा स्थान साझा किया। फील्ड में प्रमुख विदेशी नामों में श्रीलंका के एन थंगाराजा और के प्रभाकरन, बांग्लादेश के जमाल हुसैन और बादल हुसैन के साथ-साथ रूकीज जिसमें पीजीटीआई क्वालीफाइंग स्कूल के विजेता चिली के मटियास डोमिंगुएज़, नेपाल के सुभाष तमांग, इटली के मिशेल ओर्टोलानी और चेकिया के स्टीफन डेनेक शामिल रहे।



## World Curlew Day

Graceful shorebirds, facing threats, symbolize the delicate balance of ecosystems, urging awareness for their preservation and conservation. Get to know this, one of the world's rarest birds, on the day dedicated to it, *World Curlew Day*! This iconic bird has inspired poets, artists and songwriters for many generations. But, sadly, today the *curlew bird* is on the endangered list as 'vulnerable,' with two species possibly extinct and expectations that three more will disappear in the next decades, if nothing is done to preserve them.




#RESEARCH

# Air Cleaners Don't Reduce The Risk Of Falling Sick

A new study reveals that technologies designed to make 'social interactions' safer in indoor spaces are not effective in the real world



Air filtration systems do not reduce the risk of picking up viral infections, according to new research from the University of East Anglia.



A new study reveals that technologies designed to make 'social interactions' safer in indoor spaces are not effective in the real world.

The team studied technologies including air filtration, germicidal lights and ionisers.

They looked at all the available evidence but found little to support hopes that these technologies can make air safe from respiratory or gastrointestinal infections.

Prof. Paul Hunter, from UEA's Norwich Medical School, said, "Air cleaners are designed to filter pollutants or contaminants out of the air, that passes through them."

When the Covid pandemic hit, many large companies and governments, including the NHS, the British military, and New York City and regional German governments, investigated installing this type of technology in a bid to reduce airborne virus particles in buildings and small spaces.


But air treatment technologies can be expensive. So it's reasonable to weigh up the benefits against costs, and to understand the current capabilities of such technologies.

The research team studied evidence about whether *air cleaning technologies* make people safe from catching airborne respiratory or gastrointestinal infections.

They analysed evidence about microbial infections or symptoms in people exposed or not to air treatment technologies in 32 studies, all conducted in real world settings like schools or care homes. So far, none of the studies of air treatment, started during the Covid era, have been published. Lead researcher, Dr. Julii Brainard, also from UEA's Norwich Medical School, said, "The kinds of technologies, that we considered, included filtration, germicidal lights, ionisers and any other way of safely removing viruses or deactivating them in breathable air."

"In short, we found no strong evidence that air treatment technologies are likely to protect people in real world settings." There is a lot of existing evidence that environmental and surface contamination can be reduced by several air treatment strategies, especially *germicidal lights* and *high efficiency particulate air filtration* (HEPA). But the combined evidence was that these technologies don't stop or reduce illness.

There was some weak evidence that the air treatment methods reduced likelihood of infection, but this evidence seems biased and imbalanced. "We strongly suspect that there were some relevant studies, with very minor or no effect, but these were never published. Our findings are disappointing but it is vital that public health decision- makers have a full picture. Hopefully those studies, that have been done during Covid, will be published soon and we can make a more informed judgement about what the value of air treatment may have been during the pandemic."



This research was led by the University of East Anglia with collaborators at University College London, the University of Essex, the Norfolk and Norwich University Hospital Trust, and the University of Surrey. '*Effectiveness of filtering or decontaminating air to reduce or prevent respiratory infections: A systematic review*' is published in *Preventive Medicine*.






*Pathey Holo Deri* was re-released in late 1982, around two decades after its first release. It celebrated a silver jubilee run! Yet, not once did they kiss. Suchitra was almost always draped in a *sari* with a sleeved blouse. She did not need to show skin, or flash a thigh or reveal a cleavage to exude sex appeal. "It was all there in her beautiful face," said Uttam Kumar once. "She is so beautiful that thousands come to the theatres just to look at her face."

# THE HEARTTHROB- SUCHITRA SEN











Dr. Shoma A. Chatterji
*Film scholar, journalist & author*

#REMEMBERING

Suchitra Sen's birth anniversary fell on April 6. It was celebrated across Kolkata, the city where she spent a major part of her life and passed away. Around this time, functions, film retros are held by different organizations in the city as a tribute to this 'great star.' One of these was a poster exhibition organized by poster archivist, collector and music expert, Sudipta Dey, who has been collecting film posters of different film personalities over the past years. The exhibition displays 46 posters featuring Suchitra Sen in the lead.

Few, who have seen Bimal Roy's *Devdas*, starring Dilip Kumar, Suchitra Sen and Vyjayanthimala, will be unable to forget the 'beautiful *Parvati*.' Who can ever forget the ambitious politician hungry for love but regal in her bearing in Gulzar's *Aandhi*? The romantic role in Hrishikesh Mukherjee's *Musafir* would also have been memorable but for the fact that the film flopped. 'Suchitra Sen's charisma' in Hindi films may not have caught on. But it did not make a single dent in her audience pull and her mesmerizing 'star-power' in *Bengali* cinema.

Suchitra Sen was a living legend. She is the greatest female star to have graced the Bengali screen. Till date, not one female star from Supriya Devi to Madhabi Mukherjee through Aparna Sen to Rituparna Sengupta, has been able to reach anywhere near her charisma, glamour, talent and audience pull. She reigned over the *Bengali screen* for more than 25 years, a major slice of which belonged to the magic chemistry of screen romance with co-actor Uttam Kumar. After *Pronoy Pasha* (1978) with Soumitra Chatterjee flopped, this great star disappeared from public space. No one knows what she looked like till she passed away as her daughter, Moon Moon Sen, respected her late mother's choice of privacy and did not permit anyone to see the body of the great star.

She became a 'national figure,' with a few meaningful Hindi films towards the end of her voluntary retirement from cinema as well. Two such films are Gulzar's *Aandhi*, based on an original story by Kamleshwar and Mamta, directed by the late Asit Sen, where she portrayed the two diametrically opposite characters of the *kothe-walli* mother of a sophisticated lawyer daughter.

Her pairing with the legendary Uttam Kumar is possibly the biggest screen chemistry spouting 'magic romance' in world cinema, considering the number of silver jubilee hits the two together churned out in the fifties and sixties. Soon after the release of her last film, opposite Soumitra Chatterjee in Pronoy Pasha in 1978, Suchitra voluntarily withdrew not only from the silver screen but also from the public domain forever.

Pronoy Pasha was a big flop. Did this augur her withdrawal from public life? Or, was it a step towards a life of spirituality, as one discovers through her sole outdoor sojourns to *Ramakrishna Paramhamsa's abode*, every now and then? Or, did she become a social recluse because she wished to cut off completely from a glittering past so that her fans would remember her as the star she was, rather than a woman who would mellow with age?

Over time, they began to call her 'The *Greta Garbo* of Indian Cinema.' Nothing would draw her out of her Ballygunge circular Road apartment, neither her daughter Moon Moon Sen's short foray into films nor the debut of her two granddaughters, Raima and Ria. What does Moon Moon Sen have to say about her mother's total withdrawal into seclusion? "I respected and took pride in my mother not only because she entered films when very little technical know-how was available to play tricks with her looks and with her performance, but also because long before the *hoo-haa* about women's liberation began, she stood for the 'triumphant woman' who won over her male peers. She brought respectability to her profession at a time when there was little of it to pass around. I respect her because she defined herself as a 'legend' in her lifetime, something that even Uttam Kumar could not boast of, since he passed away too soon. She was a woman who held herself with dignity through her long career. She has proved that she is a true sophisticate, in the manner in which she gave up her career when she did, proving her unwillingness to be greedy and thus keep the 'magic' intact. She placed great importance to a good and solid education in my upbringing and I am grateful to her for that. She insisted that I learn drawing and painting and I completed my master's too. Thanks to my mother."



> She shut herself from the world that existed beyond the four walls of her home, which was earlier a beautiful bungalow with a pretty garden of its own, where the famous Ritwik Ghatak once resided as tenant. She gave it away to promoters and accepted in exchange four large apartments on the same floor of this new multi-storied construction.



Suchitra Sen's childhood is shrouded in mystery. Some say she studied in *Shanti Niketan*. She grew up in distant Pabna, miles away from Bolpur in Birbhum district, presently in West Bengal. During her time, daughters of middle-class Bengali families did not go to boarding school. But then, her maternal uncle, B.N. Sen lived in Bolpur with his family and she would often come to stay with them. For some time during her early childhood, she lived with her maternal uncle's family in Patna. She was born in Pabna, originally in the northern parts of undivided Bengal and now in Bangladesh, on April 6. She was the fifth among three brothers and five sisters. Her father's name was Karunamoy Dasgupta and her mother's name was Indira. Her nickname was Krishna.

When she was admitted to Pabna Girls' High School, her father entered 'Roma' as her name in the admission form. She was noted for her beauty, right from the time she was a child. In 1947, it was perhaps 'her beauty' that heralded an early marriage to Dibanath Sen, son of an extended joint family that migrated to Calcutta. Suchitra is perhaps the *first Indian actress* in Bengal to have made her film debut after marriage and motherhood. The year of her birth is somewhat clouded because some sources trace it back to 1931 while others say the year was 1934. Nitish Roy, assistant director, in one of her earliest films, christened her 'Suchitra' in 1952.

She bagged the Best Actress Award at the Moscow Film Festival for her brilliant performance in Ajoy Kar's *Saat Paake Bandha*. But she refused the *Dadasaheb Phalke Award* because it needed her to come out of her seclustion and into the public domain.

She shut herself from the world that existed beyond the four walls of her home, which was earlier a beautiful bungalow with a pretty garden of its own, where the famous Ritwik Ghatak once resided as tenant. She gave it away to promoters and accepted in exchange four large apartments on the same floor of this new multi-storied construction. She lived in one of them, and the other three now belong to Moon Moon, Raima and Ria. The four apartments are joined, but the one, Suchitra Sen lived in, is completely shut out to visitors.

"In all the years of my life as still photographer in films, I have never met a woman more decent, warmer, more beautiful, more complete and ideal than *Madam*. Her outstanding personality finds no comparison with any star-actress in the country. I have taken photographs of Suchitra Sen right through her career in films. No photographer, press or otherwise, was permitted on her sets during a shooting. She would report to the studio at least five minutes before reporting time, so punctual was she. It is this dedication that makes her reign supreme as the 'queen of *Bengali* cinema' more than twenty years after she called it a day," wrote the late Dhiren Deb, Suchitra Sen's personal photographer.

*Shesh Kothai* (1952) was her debut film. In 1953, she was paired with Uttam Kumar for the first time in *Saarey Chuattar*, an effervescent comedy, marking a breakthrough in director Nirmal Dey's career. They became icons of *Bengali romantic melodrama* for more than twenty years, creating a distinct genre unto themselves. They starred in 30 films beating the Spencer Tracy-Audrey Hepburn pair hollow.

As one watches the young and beautiful Suchitra Sen emote a love scene with Uttam Kumar in *Chaoa-Paoa*, *Pathey Holo Deri*, *Alo Amar Alo*, *Shaaede Chuattar*, *Kamallata* and so on, the electrically charged feelings between the pair come across so forcefully and tangibly that one can almost stretch one's hand to feel and touch them. Their films were famous for soft-focus close ups, particularly Sen's and lavishly mounted scenes of romance against windswept expanses and richly decorated interiors with fluttering curtains and such mnemonic objects such as bunches of tuberoses etc. Some popular films of the pair include *Shap Mochan* (1955), *Sagarika* (1956), *Harano Sur* (1957), *Saptapadi* (1961), *Bipasha* (1962) and *Grihadaha* (1967).

*Pathey Holo Deri* was re-released in late 1982, around two decades after its first release. It celebrated a silver jubilee run! Yet, not once did they kiss. Suchitra was almost always draped in a *sari* with a sleeved blouse. She did not need to show skin, or flash a thigh or reveal a cleavage to exude sex appeal. "It was all there in her beautiful face," said Uttam Kumar once. "She is so beautiful that thousands come to the theatres just to look at her face. Where can you get a photogenic face like that? *Roma* is the most beautiful, the most glamorous among all my leading ladies," he said in an interview to critic Ranjan Bandyopadhyay. Every film, starring the pair, ended with the two going into a tight clinch and for the audience, it was happily ever after. That was all the physical intimacy they needed to send their fans into a tizzy.

Suchitra Sen had a beautiful, oval face, with large, almond-shaped eyes, a beautiful mouth, a long, graceful neck and lustrous black hair falling all the way down to her waist. She presented the typical *Bengali girl stereotype* with her saree draped around her slender frame to reveal the contours of a soft feminine body, that appeared more sensuous because it was concealed, a loose lock of hair that fell over her forehead and which she moved away with the back of her hand. There was instant audience identification with the *Suchitra-Uttam* pairing and that is precisely the reason why it was such a big hit. There will never be another *Suchitra Sen*.


rajeshsharma1049@gmail.com

#HEALTH

# The truth about protein: How to get enough at every age

We need protein to build muscle, produce hormones, regulate mood and appetite, and strengthen bones. But how much, and what kind, should you eat every day?

Eating protein is non-negotiable. Like carbs and fats, it's a *macronutrient* that bodies need, in relatively large, regular doses (compared with micronutrients such as vitamins and minerals). But our protein needs change throughout life, according to age, sex, activity levels and more. In fact our requirements can be highly individual and hence easily misjudged. There are conflicting messages around how much protein we should be eating.



### What's the official advice?

**The** recommended daily intake of protein for healthy adults is 0.75g per kilogram of body weight. Your ideal protein portion should fit into the palm of your hand. There are plenty of non-animal foods that are high in protein and rich in other nutrients and fibre to boot like beans, peas and lentils, soy products such as tofu, not to mention a plethora of nuts and seeds. You can find out how much protein is in individual foods by checking the packaging.

### What if you eat too much?

**There** is undoubtedly a 'sweet spot' for protein. And the big reason is that we cannot store it. So any protein, that's not needed to build or repair tissue, will be converted into fat, leaving nitrogen as a by-product to be peed out. That process, if taken to extreme, puts stress on our kidneys. Also, most of our protein consumption still comes from animal products, which often deliver more saturated fat than vegan sources, and meat elevates numerous cancer risks.

### What if you're a child?

**If** you're able to give your children a balanced diet, you don't need to be pedantic about protein levels. Growing children can probably stand to take a little bit more protein because they're using it, but they're smaller than adults, so their portions should still reflect that. Start with 14.5g (about two big eggs) a day for one- to three-year-olds, 19.7g (add a small portion of peas) for four to six, 28.3g (one cup of cooked soya beans) up to 10, then the low 40s until 14. Then, the sexes split and from 15, girls need a little more than the adult women's figure, at 45.4g, whereas for boys, the recommendation sits just below grown-ups at 55.2g.

### What if you don't get enough?



**Everyone** knows that protein is essential for replenishing and building muscle, but that's not the half of it. It's needed to produce and transport hormones around the body and it's important to make sure that you have enough of the right building blocks for hormones, particularly as you get older, and production slows.

Protein also affects mood regulation. Different types contain various amino acids, of which there are about 20 found in the human body, and some are the building blocks for neurotransmitters, the chemical messengers that help govern your mood and memory. Protein helps appetite and blood-sugar regulation, too. It's a very complex molecule but on a basic level, your body has to work quite hard to break down amino acids, so if you include protein at a meal, it slows down the absorption of carbohydrate eaten with it, releasing it more slowly into your body. Eggs on toast will fill you up for longer than jam on toast.


Fifty per cent of your bone structure is protein. So a low-protein diet weakens your bones. One of the first signs when you're a bit low on protein is that your nails become brittle. Your skin begins to suffer. Because what do our bodies use to make collagen? It's amino acids, silly.



### How do you know if you're getting enough?

**You** could work with a dietitian to establish your sweet spot, or try to learn for yourself. You can start by aiming to consume 1g per kg of body weight a day, and start monitoring muscle mass. The gold standard method is a *Dexa scan*, which uses low-dose X-rays, but most of us wouldn't have access to one. The next best thing are the *body composition scales* that you find at the gym. They're not accurate like a Dexa, but they can give you an indication over time, if they're used right, like you're weighing yourself at the same time every day and not after a workout.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सैनिक कभी रिटायर्ड नहीं होता : राज्यवर्धन सिंह राठौड़

## 'वन रैंक वन पेंशन योजना भाजपा की देन'

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व सैनिकों की राष्ट्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। सैनिक अनुशासित रहते है परिवार समाज और राष्ट्र के कार्यों में अग्रसर होकर सकारात्मक कार्य करता है। हर मोर्चे पर खड़ा रहकर वह वहां उपस्थिति दर्ज करता है। यह बात केबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड ने शनिवार को भाजपा पार्टी परिसर में पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कही।

केबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि मैं भी आप सभी में से एक हूं। मैं भी सैनिक रहा हूं। एक फौजी से दूसरे फौजी का कनेक्शन होता है। जब वह एक दूसरे से मिलता है तो आत्मीयता का अनुभव होता है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सैनिकों का बड़ा सम्मान करते है वे जल, थल, आकाश की रक्षा करने वाले सैनिकों के पास जाते हैं उनके बातचीत करते हैं, ताकि उनका मनोबल बना रहे। सोशल मीडिया के माध्यम से फौजी अपने परिवार के बारे में जानकारी रखता है। उसे सीमा पर चिंता नहीं है क्योंकि मोदी सरकार में उनका परिवार सुरक्षित है। 2014 में खबरें लीक हो जाती थी। जीवन कितना असंतुलित था। परन्तु मोदी सरकार के आते ही रक्षातंत्र मजबूत हुआ कोई भी खबर इधर की उधर नहीं हो सकती है।




अजमेर में मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भाजपा पार्टी परिसर में पूर्व सैनिकों को संबोधित किया।

यह शेरों का देश है यहा शेर ही राज कर सकता है। पहले सैनिकों को पास बुलेटप्रुफ जाकिट नहीं होती थी। परन्तु अब देश में हथियार बन रहे हैं। हम 80 देशों को हथियार बेच रहे हैं। हमारी सीमा सुरक्षित है। देश का विकास हो रहा है।

राठौड़ ने कहा कि अंग्रेज कांग्रेस को लाल डायरी दे गए थे फूट डालो राज करो। उन्होंने हमें समाजों में बाट दिया। कांग्रेस का कहना है झूठ इतना बोलो कि लोग उसे सच मानने लग जाए। अग्निवीर के बारे में उन्होंने कहा की कागिरल युद्ध के बाद एक कमेटी बनी जिसमें युवाओं की भारत की सेना में भरती करने का प्रस्ताव रखा। अग्नीवीर 11 लाख रुपए पाकर भी सीआरपीएफ, बीएसएफ में नौकरी कर सकता है। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा किए कार्यों के बारे में बताया और अंत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऐसा प्रस्ताव ला रही है जिसमें हर तहसील में 1 एकड़ भूमि सैनिकों को दी। यहां मोटिवेशन सेन्टर बने जिसमें सब सुविधाएं हो।

इस दौरान राज्यमंत्री जवाहर सिंह बैडम ने कहा कि सैनिकों की राष्ट्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। इस बार लोकसभा चुनाव में पूर्व सैनिक तन मन लगाकर लोगों को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करें और लोगों को प्रोत्साहित कर उन्हें बताएं कि देश हित, कल्याण और उन्नति में

- **भारत के लोकसभा चुनाव पर टिकी है दुनिया की नजर : जवाहर सिंह बैढम**

भारतीय जनता पार्टी जो काम कर रही है वह भारतीयों को लिए लाभकारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं बनाई। अब राजस्थान की भाजपा सरकार की प्रदेश की उन्नति में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ेगा।

कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि व मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि कर्नल राज्यवर्धन सिंह सैनिक कल्याण मंत्री, जवाहर सिंह बैडम गृहराज्यमंत्री, अनिता भदेल विधायक, मेजर घनश्याम सिंह प्रदेश संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ, देवीशंकर भूतड़ा प्रदेश ग्रामीण अध्यक्ष, रमेश सोनी जिला शहर अध्यक्ष, बीरम देव शहर जिला प्रभारी, नीरज जैन उपमहापौर, कर्नल रमेश बायला, दुर्गालाल रेगर, कृष्ण मुरारी मिश्र बाल सिंह रावत, भवानी सिंह , सोहन सिंह रावत, रामेश्वर प्रसाद छगन सिंह, हेमसिंह वर्मा, राधेश्याम पारीक, गिरिराज सोनी, राधेश्याम वर्मा आदि उपस्थित थे।

# 29.12 लाख की साईबर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार



बून्दी साईबर थाना पुलिस ने ठगी के आरोपी को गिरफ्त में लिया।

**बून्दी,** (निसं)। बून्दी साईबर पुलिस थाना की बड़ी कार्यवाही में पिछले महिने एक्सीस एजेंसी एप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर 29 लाख 12 हजार रुपये की ठगी के आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई। जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया की साईबर पुलिस थाना द्वारा ठगी के प्रकरण मे साईबर पुलिस थाने ने त्वरित कार्यवाही करते हुये परिवादी को ऑनलाईन लिंक भेजकर एक्सीस एजेंसी एप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर 29.12 लाख की साईबर ठगी करने का आरोपी शातिर ठग तौफिक खान के गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि पुलिस निरीक्षक दयाराम के नेतृत्व में साईबर पुलिस थाना टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रकरण मे वांछित अपराधी के खातो को फ्रिज करवा कर ठगी गई राशी होल्ड करवाई गई और तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर आरोपी तौफिक खान पुत्र दीनुखान उम्र 37 साल निवासी सहसन पुलिस थाना जुरहेरा जिला डीग को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खाते मे परिवादी द्वारा 21 लाख 90 हजार की राशी ट्रांसफर की गई थी उक्त धोखाधड़ी के संबंध मे मुल्जिम से गहनता से अनुंसधान किया जा रहा हैं तथा शेष आरोपियों की तलाश जारी है। मुल्जिम से पुछताछ से साईबर ठगी से संबंधित कई बडी वारदातो के खुलने की सम्भावना है।

23 मार्च को आशीष साहु ने साइबर पुलिस थाना बून्दी रिपोर्ट देते हुए बताया कि 22 फरवरी को फेसबूक एप से इन्वेस्टमेंट पेज के नाम से लिंक क्लिक करने से एक वाटसएप ग्रुप जोईन हुआ और फिर मुझे ग्रुप एडमीन कैथ्रीन मोबाईल नम्बर 44786727445 ने मेंरे वाटसएप नम्बर पर एक लिंक भेजकर एक्सीक एजेन्सी एप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर उसमे मेरा खाता बनाया गया और मुझे इनवेस्ट करने के लिए बोला गया। इसके बाद मैने कुल 29 लाख 12 हजार रुपये की राशी उस खाते मे डाल दी। फरियादी की रिपोर्ट पर साइबर थाना पुलिस प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरु कर दिया। जांच करते हुए साईबर पुलिस थाना ने वांछित अपराधी के खातो को फ्रिज करवा कर ठगी गई राशि होल्ड करते हुए तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी तौफिक खान को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ मेंसाईबर ठगी से संबंधित कई बडी वारदातों के खुलने की सम्भावना है।

# उत्कर्ष क्लासेस का स्कॉलरशिप टेस्ट आज

**जोधपुर,** (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस द्वारा आईएएस तथा आरएएस परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए रविवार प्रातः 10 बजे जयपुर व जोधपुर सहित राज्य के 46 जिला मुख्यालयों में एक विशेष स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है।

उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि यह ऑफलाइन स्कॉलरशिप टेस्ट हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ओएमआर शीट पर आयोजित किया जा रहा है। टेस्ट को पारदर्शिता से सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए प्रत्येक केंद्र पर संस्था की ओर से कर्मठ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस टेस्ट का प्रश्न-पत्र नवीनतम पाठ्यक्रम तथा परीक्षा पैटर्न पर आधारित है जो कि सिविल परीक्षाओं के बेहद अनुभवी विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि टेस्ट में शामिल हजारों विद्यार्थियों में से शीर्ष रैंकर्स को उत्कर्ष क्लासेस के जयपुर व जोधपुर सेंटर्स पर आईएएस एवं आरएएस की तैयारी हेतु शुरू किए जाने वाले आगामी ऑफलाइन बैचेज में विभिन्न मानकों के आधार पर 95 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप देने के साथ ही प्रोत्साहन स्वरूप विभिन्न आकर्षक उपहार भेंट किए जाएँगे।

# चार पीढ़ियां एक साथ मतदान करेंगी

**डूंगरपुर,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के 26 अप्रेल को होने वाले मतदान दिवस पर विधानसभा क्षेत्र सागवाड़ा-160 के भाग संख्या 68 के मतदान बूथ राउप्रावि छत्रपुरा में एक साथ चार पीढ़ियां मतदान करेंगी। मतदाता सूची क्रमांक 281 अनुभाग दो स्कूल फला पर दर्ज पूंजा खेमजी 90 वर्ष, क्रमांक 287 के सोहन पूंजा, क्रमांक 278 के शिवराम सोहन तथा क्रमांक 279 पर दर्ज ऋतिक शिवराम 18 वर्ष अपने दादा, परदादा के साथ में मतदान करेंगे। बीएलओ मोतीराम मकवाणा ने इसके लिये उत्साहित मतदाता परिवार जनों कों निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता मार्गदर्शिका व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी मतदाता पर्ची का वितरण किया।

# आधी रात को बदमाशों ने किया हमला

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर ग्रामीण के बिलाड़ा थाना क्षेत्र में होटल में शराब के पैसे नहीं देने पर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने होटल के बाहर खड़ी कार और होटल में रखे काउंटर भी तोड़ दिए। अब होटल मालिक की और से थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। रिपोर्ट में राजेंद्र ग्वाला ने बताया कि उसकी नेशनल हाईवे 25 पर भावी से आगे जोधपुर की तरफ सनसिटी भोजनालय आई हुई है। 18 अप्रैल की रात 12 बजे बाद होटल के स्टाफ सो रहे थे।

इसी दौरान धीरज चौधरी पुत्र भगवान राम जाट निवासी भावी अपने साथ 10- 12 लोगों को लेकर आया और होटल में जबरन प्रवेश किया। उसे बाहर बुलाकर पीने के लिए शराब मांगी। तब उसने कहा कि मैं होटल में शराब नहीं बेचता तब उसने शराब के लिए पैसे मांगे। मना करने पर धीरज और उसके साथ आए लोगों ने ताबड़तोड़ सरियों से हमला बोल दिया। उसने कमरे में घुसकर जान बचाई। बीच बचाव के लिए आए स्टाफ के साथ भी मारपीट कर उसकी जेब में रखे रुपए छीन लिए। बदमाशों ने होटल के अंदर रखे काउंटर और बाहर खड़ी कार को भी तोड़ दिया। बाद में होटल में लूटपाट कर मौके से भाग निकले।

# प्रेम विवाह करने पर पंचों ने हुक्का-पानी बंद किया

- **पुलिस ने मामले में सुनवाई नहीं की, तब पीड़ित को कोर्ट की शरण लेकर केस दर्ज करवाना पड़ा**

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकटवर्ती केरू स्थित नाडीवाला का बास में रहने वाले एक युवक ने पड़ौस की युवती से प्रेम विवाह कर लिया। मगर गांव के पंचों को यह बात नागवार लगी और परिवार को समाज से बहिष्कृत कर हुक्कापानी बंद कर दिया। पीड़ित परिवार पर पांच लाख का अर्थ दण्ड लगा दिया। पंचों ने मिलकर परिवार के लोगों से 1.58 लाख रूपए ऐंठ लिए, बाद में फिर से समाज से बहिष्कृत कर दिया। पीड़ित युवक की पत्नी अब गर्भवती है और उन्हें गांव में घुसने नहीं दिया जा रहा है। पुलिस ने मामले में सुनवाई नहीं तब पीड़ित को कोर्ट की शरण लेकर केस दर्ज करवाना पड़ा।

नाडीवाडा का बास केरू निवासी जितेंद्र मेघवाल पुत्र वीराराम ने गत साल 31 जुलाई को गांव की एक अन्य जाति की युवती से प्रेम विवाह किया था। लडक़ी के परिवार और पीड़ित के परिवार में कोई तरह की बाधा नहीं आई और इन लोगों द्वारा आर्य समाज में बिना दानदहेज के विवाह किया गया।

मगर गांव के कुछ पंचों जिनमें ढलाराम, जेठाराम, पुसाराम, भंवरलाल देपन सहित 11 लोगों ने 20 जनवरी 24 को उसके परिवार में आकर बेटे द्वारा प्रेमविवाह की बात को लेकर समाज से बहिष्कृत करने की धमकी देकर पहले 5 लाख का अर्थदण्ड लगाया फिर पीड़ित परिवार से 1.58 लाख रूपए ऐंठ लिए और परिवार को गांव में रहने की इजाजत दी गई।

मगर शादी करने वाले पीड़ित जितेंद्र और उसकी पत्नी को पिता के घर आने जाने पर रोक लगाने के साथ अर्थदण्ड की शेष रकम देने की धमकियां दी जाने लगी। इस पर पीड़ित जितेंद्र छुपकर केरू की खानिया में पत्नी रहने लगा। उसकी पत्नी अब गर्भवती है मगर उसे गांव में आने जाने नहीं दिया जा रहा है। पीड़ित ने मामले में पहले पुलिस की शरण ली थी। मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस आयुक्तालय भी गया मगर केस दर्ज नहीं हो पाया। अब उसने अदालत में इस्तगासे के माध्यम से समाज के 11 पंचों को नामजद करते हुए केस दर्ज करवाया है। राजीव गांधी नगर पुलिस ने इसमें अग्रिम जांच अब आरंभ की है।

# व्यापारी से 20 लाख की मांगी फिरौती

- **अज्ञात मोबाइल नंबर से व्यापारी के पास आया फोन, मामला दर्ज**

**सादुलपुर,** (निसं)। स्थानीय कृषि उपज मंडी में स्थित एक व्यापारी को अज्ञात फोन से अज्ञात व्यक्ति ने 20 लाख रुपए की फिरौती मांगे जाने का मामला सामने आया है तथा मामला दर्ज करवाने पर फिरौती की राशि डबल देने की धमकी दी है। जानकारी के अनुसार थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि मुरारीलाल गोयल निवासी वार्ड नंबर 9 सादुलपुर ने मामला दर्ज करवाकर बताया है कि राजगढ़ कृषि उपज मंडी में मुरारी लाल सुनील कुमार फर्म का प्रोपराइटर हूं, 20 अप्रैल को दोपहर में उसके मोबाइल नंबर पर किसी एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया कि जिसने उसका नाम लेकर 20 लाख रुपए फिरौती मांगी तथा कल ही देने की धमकी दी है। फिर उसके कुछ समय बाद फिर दूसरे मोबाइल नंबर से वापस फोन आया फोन और रुपए देने की धमकी दी तथा पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाने पर फिरौती की राशि डबल मांगी है। राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# टैंकर व ट्रेलर की भिड़ंत से वाहनों में आग लगी

**रेवदर,** ( निसं)। रेवदर क्षेत्र में कांडला हाइवे स्थित गुलाबगंज-सिरोडी मार्ग पर शनिवार दोपहर को एक टैंकर व ट्रेलर की भिड़ंत के बाद भीषण आग लग गई। इनके पीछे चल रहे वाहन से एक अन्य ट्रेलर भी टकरा गया। हादसे में टैंकर चालक की जलने से मौत हो गई। टक्कर के बाद दोनों ही वाहनों से आग के गुब्बार निकलने लगे । सूचना पर अनादरा पुलिस मौके पर पहुँची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी । हादसे के बाद हाइवे पर करीब दो किलोमीटर तक लम्बा जाम लग गया।

थानाधिकारी हिंगलाज दान चारण भी मौके पर पहुँचे तथा आग बुझाने कार्य में जुटे। पावापुरी ट्रस्ट के टैंकरों से थानाधिकारी हिंगलाज दान चारण सहित पुलिस व ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। करीब डेढ घंटे बाद पहुँची फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया । आग पर काबू पाने के बाद टैंकर में एक कंकाल मिला । अब तक इसकी पहचान नहीं हो पाई है। इसे अनादरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।




गुलाबगंज-सिरोडी मार्ग पर टैंकर व ट्रेलर की भिड़ंत के बाद भीषण आग लग गई।

रेवदर क्षेत्र में लगातार होती आगजनी की घटनाओं के बाद क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार उपखंड मुख्यालय पर फायर ब्रिगेड की मांग की जाती रही है लेकिन अब तक सरकार द्वारा इस पर कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई एवं इस कारण कई बडे हादसे में उचित समय पर समाधान नहीं हो पता।

**स्थानीय ग्रामीणों व समाजसेवियों ने आग बुझाने में पुलिस की मदद का :-** ट्रकों के टक्कर के बाद लगी आग,पुलिस ने पावापुरी तीर्थ व आस पास के समाजसेवियों को पानी के टैंकर लाने की सूचना दी। समाजसेवियों ने पानी के टैंकर लेकर पहुंचे मौके पर, समाजसेवी लक्ष्मण सिंह बिका,गोविंद चौधरी अनादरा, देवाराम चौधरी पावापुरी, वणाराम चौधरी गुलाबगंज, नरेन्द्र सिंह सिरोडी,राजु सिंह सिरोडी सहित दर्जनों समाजसेवी उपस्थित रहे।

# जमीन के बंटवारे की आपसी नाराजगी को लेकर मारपीट

- **राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया, जांच शुरु**

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने जमीन के बंटवारे की आपसी नाराजगी को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ हथोड़ियों से मारपीट करने के आरोप का मामला दर्ज किया है।

शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार थानाधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि नाजर पुत्र घीसे खां व्यापारी निवासी बार्ड नम्बर 30 राजगढ़ पुलिस थाना राजगढ़ जिला चूरू ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि उसके भाई रफीक पुत्र घीसे खां की कई दिनों से जमीन के बंटवारे की उनकी आपसी नाराजगी है। आरोप है कि वह तथा उसका पुत्र शाकीर, आमीन का पुत्र तस्लीम, वाहिद पुत्र हमीद, सुफियान पुत्र रफीक बडगुजर, निवासी राजगढ़ जिला चूरू उनके आमीन मस्जिद के पास राजगढ़ के प्लॉट की संभाल करने गये हुए थे। तभी वह तथा उसका पुत्र शाकीर मोटरसाईकिल पर वापस आ रहे थे व तस्लीम, वाहिद पुत्र हमीद तथा सुफियान पुत्र रफीक पैदल आ रहे थे।

आरोप है कि ज्योंही तस्लीम व उसके साथी समय करीब 11-11.30 बजे सुबह रजाक बुडाकिया के घर के पास पहुंचे तो जमील, रसीद, सफीक पुत्र रफीक व्यापारी निवासी कस्बा राजगढ़ मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आये और पैदल चल रहे तस्लीम को घेर कर मारपीट करने लगे। मौके पर पड़ी ईंटें उठाकर तस्लीम की छाती व पीठ पर वार कर उसे घायल कर दिया।

जिसे मौका पर रहे वाहिद व सुफियान ने बचाया। वहां से ये लोग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर उसके एवं उसके पुत्र के पीछे मारपीट करने आये और उन्हें नरडियान मोहल्ले के रेलवे फाटकर पर घेर लिया और अपनी मोटरसाइकिलों से टक्कर मारनी चाही तो मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़कर गिर गई, तब भागकर वहां पर ही मोटरसाइकिल टायर पेंचर की दुकान से जमील व रसीद हथोड़ियां उठाकर उसके व शाकिर के चोटें मारी है। आरोप है कि इन चारों ने एक राय होकर तस्लीम व उसके तथा उसके पुत्र शाकीर पर जान लेवा हमला किया है। राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# क्षमता से अधिक गौवंशों को गौशालाओं में जबरन ठूंसने को नगर परिषद आमादा

- **गौशाला संचालक प्रशासनिक दबाव तथा सरकारी अनुदान के लालच में नियम विरुद्ध गौवंश को गौशालाओं में रखने को तैयार हैं**
- **गौ भक्तों ने चेतावनी दी है कि यदि परिषद अधिकारी अपनी कारगुजारियों से बाज नहीं आए तो इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाए जाएंगे**

**बूंदी,** (निसं)। जिला प्रशासन एवं नगर परिषद के अधिकारी गौवंश की समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार दोहरा मापदंड अपना रहे हैं। गत दिनों नंदीशाला में सुविधाएं विकसित करने तथा शहर में विचरण कर रहे नर गौवंश को वहां शिफ्ट करने की मांग को पूरी करने से अधिकारियों ने यह कहकर इनकार कर दिया था कि नंदीशाला को आवंटित भूमि पर हाईकोर्ट ने यथा स्थिति के आदेश दे रखे हैं। परंतु नंदी शाला के सटकर ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में लगातार निर्माण कार्य जारी है जबकि हाई कोर्ट ने यहां भी यथा स्थिति के आदेश जारी किए हुए हैं।

इसी तरह नंदी शाला में नर गोवंश को शिफ्ट करने की बात करने पर नगर परिषद आयुक्त भावना सिंह व अधिशासी अभियंता अरुणेश शर्मा ने टेंडर नहीं हो पाने की बात कही थी और अब नगर परिषद के अधिशासी अभियंता अरुणेश शर्मा कुछ लोगों से मिलीभगत कर आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए बिना किसी टेंडर के ही शहर में विचरण कर रहे गोवंश को उन गौशालाओं में भेजने पर आमादा है जहां पहले से ही क्षमता से अधिक गोवंश मौजूद है।

गोपाल गौ सेवा संस्थान के सचिव गोपाल माहेश्वरी ने कहा कि गौशालाओं में क्षमता से अधिक गोवंश होने के बावजूद फिर से वहां गोवंश को मरने के लिए छोड़ा जा रहा है। गौशाला संचालक प्रशासनिक दबाव तथा सरकारी अनुदान के लालच में नियम विरुद्ध गोवंश को गौशालाओं में रखने को तैयार रहे हैं। जबकि गौशालाओं के गोवंश के भूख प्यास से मरने की खबरें आ रही है। गौशालाओं के टेगसुधा गोवंश सड़क पर घायल एवं मृत अवस्था में पाए जा रहे हैं लेकिन फिर भी नगर परिषद के अधिकारी नियम विरुद्ध तरीकों से गोवंश को इन्हीं गौशालाओं में ठूंसने को आमादा है। गोपाल माहेश्वरी ने कहा कि गो भक्तों ने लंबे संघर्ष के बाद नगर परिषद को नंदी शाला, गौशाला तथा कायन हाउस के लिए जमीन आवंटित करवा रखी है। परंतु नगर परिषद अपनी जमीनों पर गोवंश को रखकर उचित कर संभाल की व्यवस्था करने के बजाय पूर्व में ही क्षमता से अधिक गोवंश मौजूद होने के बावजूद उन्हीं गौशालाओं में जबरन मूक गोवंश को ठूंस-ठूंस कर उनकी अकाल मौत का जरिया बन रही है।

गो भक्तों ने चेतावनी दी है कि यदि नगर परिषद के अधिकारी अपनी कारगुजारियों से बाज नहीं आए तो इनके खिलाफ सदोष गोवध एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करवाए जाएंगे और शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर जिले भर के गोभक्त एक बार फिर से आंदोलन की राह पकड़ेंगे। न्यायालय के जिस स्टे के आधार पर नंदी शाला का काम रुका हुआ है वह केवल सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर ही लागू है नंदीशाला उक्त आदेश में पक्षकार भी नहीं है परंतु सीवरेज प्लांट का काम लगातार जारी है जबकि नंदीशाला का रुका हुआ है। गौ सेवकों ने मांग की है कि जिन गौशालाओं में पहले से ही क्षमता से अधिक गौवंश मौजूद है वहां जबरन और अधिक गौवंशों को नहीं छोड़ा जाए। अन्यथा गौपाल गौ सेवा संस्थान के बैनर तले गौ भक्तों द्वारा जिला प्रशासन व नगर परिषद के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की होगी।

गौ भक्त गौपाल माहेश्वरी ने बताया कि नगर परिषद नियमानुसार शहर से रेस्क्यू किए गए गौ वंश को नगर परिषद क्षेत्र में स्थित गौशालाओं में भी शिफ्ट कर सकता है लेकिन नगर परिषद के अधिकारी अपनी हठधर्मिता दिखाते हुए नियम विरुद्ध तरीके से गौवंश को अन्य स्थानों पर शिफ्ट कर रहे हैं। जो सरासर गलत है। और जो गौशाला संचालक क्षमता से अधिक गौवंश होने के बावजूद और गौवंशों को वहां रखने को तैयार हो रहे हैं वह भी नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

**नंदी शाला के आवंटन पर नहीं है कोई स्टे :-** गौ भक्तगौपाल माहेश्वरी ने बताया कि गत वर्ष तत्कालीन जिला कलेक्टर रविंद्र गौस्वामी ने नंदी शाला निर्माण के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निकट जमीन आवंटित की थी। जिस स्टे की बात कह कर अधिकारी नंदी शाला के काम से पल्ला झाड़ रहे हैं। असल में स्टे तो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट केआवंटनके खिलाफ है। अपीलार्थी ने बरसों पहले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को आवंटित की गई भूमि के आवंटन पर रोक लगाने के लिए हाई कोर्ट में अपील दायर की थी ना की नंदी शाला केआवंटनके खिलाफ। नंदी शाला की भूमि पर नगर परिषद द्वाराचार दीवारीनिर्माण करवाया जा चुका है और उस भूमि पर नगर परिषद का ही कब्जा है। जिस स्टे की बात बार-बार अधिकारियों द्वारा की जा रही है उस आदेश में कहीं भी ना तो नंदी शाला का कोई वर्णन है और ना ही नगर परिषद को अपीलार्थी द्वारा इस याचिका में कोई पक्षकार बनाया गया है बल्कि सीवरेज को इस मामले में पक्षकार बनाया हुआ है। परंतु फिर भी अधिकारियों ने उक्त स्टे की आड़ में नंदी शाला का काम रुकवा दिया। तो फिर जिस आवंटन के खिलाफ अपीलार्थी हाई कोर्ट पहुंचा उस भूमि पर निर्माण कार्य कैसे चल रहा है।

## संक्षिप्त

### ट्राई साइकिल मैराथन

**निवाई, (निसं)।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान एवं आमजन को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत रजवास में सतरंगी सप्ताह के चतुर्थ दिन शनिवार को ट्राई साइकिल मैराथन हम भी सक्षम, राष्ट्र राष्ट्र भी सक्षम थीम का आयोजन किया गया। ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत सतरंगी सप्ताह के चतुर्थ दिन शनिवार को ट्राई साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग मतदाता मुकेशकुमार चौधरी, मधुदेवी जाट व हेमराज जाट सहित कई मतदाताओं से सम्पर्क कर वोट देने के लिए जागरूक किया। इस दौरान गांव की चौपाल एवं घरों के बाहर बैठे ग्रामीण महिला और पुरुष मतदाताओं से संपर्क कर पंचायत प्रशासन ने 26 अप्रैल को परिवार सहित मतदान करने हेतु आमंत्रित किया। ग्राम विकास अधिकारी ने लोकतंत्र में वोट के महत्व पर ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी देते हुए ग्रामीणो को बाल विवाह नहीं करने की भी शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक नंदकिशोर बैरवा, ई मित्र संचालक किशनलाल जाट, बद्री जाट, संतरा देवी, रामदयाल जाट, सत्यनारायण जाट, श्योराम जाट, बद्री मिलानिया, ओंकार माली व गणराज बारेठ सहित कई मतदाता मौजूद थे।

### माली समाज की आमसभा 28 को

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के श्रीरामनगर स्थित माली सैनी समाज भवन परिसर में माली सैनी समाज संस्था फुलेरा की आमसभा का आयोजन अब 28 अप्रैल को सांय 6 बजे किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी ने बताया कि 25 फरवरी को आयोजित समाज की बैठक के दौरान सर्वसहमति से 21 अप्रैल को एक आमसभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें समाज के अध्यक्ष पद के चुनाव पर चर्चा करना मुख्य बिन्दु रखा गया था। इसी क्रम में आगे बताया कि उक्त 21 अप्रैल को शादी, विवाह समारोह अधिक होने के कारण इस बैठक को कार्यकारिणी के द्वारा निरस्त करने के साथ ही इस आमसभा को आगामी 28 अप्रैल को सांय 6 बजे सामाजिक भवन में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

### हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम

**भरतपुर (निस)।** चिंताहरण हनुमान सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस क्रम में 21 अप्रेल रविवार को मोरी चार बाग स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर भरतपुर पर सुबह 8 बजे से सुनील एण्ड पार्टी द्वारा सुन्दर काण्ड का पाठ का आयोजन किया जावेगा। इस अवसर पर समिति के समस्त सदस्य सपरिवार मौजूद रहकर सुन्दर काण्ड के पाठ में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल एवं गायत्री परिवार के अध्यक्ष देवेन्द्र चामड होंगे।

### संदिग्ध स्थिति में मिला युवक का शव

**नदबई (निस)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव हन्तरा के समीप सड़क किनारे संदिग्ध स्थिति में एक युवक का शव मिला। डहरामोड चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। बाद में शव की शिनाख्त नही होने पर पुलिस ने सीएचसी के मुर्द्वाघर में युवक के शव को रखवा दिया। प्रथम दृष्टया मामलें में अज्ञात वाहन की चपेट से युवक की मौत होने का मामला सामने आ रहा। पुलिस के अनुसार हन्तरा स्थित अंजलि होटल के पास युवक का शव मिला। मृतक युवक की उम्र करीब 30 साल है। जबकि, शरीर पर लाल रंग टीशर्ट, नीला कलर का लोअर व दाहिनें हाथ पर टैटू बना हुआ। पुलिस ने मौके पर जांच पडताल की। लेकिन, शव की शिनाक्त नही होने पर शव को मुर्द्वाघर में रखवा दिया।

### पवन खेड़ा की प्रेस वार्ता आज

**टोंक, (निसं)।** जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पवन खेडा कांग्रेस वर्किग कमेटी के सदस्य तथा इन्जार्च मिडिया एवं कम्यूनिकेशन विभाग से है, जो रविवार को दोपहर 2.30 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रेस से मिलेगें।

# शॉर्ट सर्किट से हुई आगजनी में आधा दर्जन झोपड़े जले

**लालसोट, (निसं)।** रामगढ पचवारा थाना क्षेत्र के अमराबाद गांव में बीती रात को बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट की वजह से तीन भाइयों के परिवार

- विधायक भी मौके पर पहुंचे, जेवर व नकदी जली
- तीन पशुधन भी जिंदा जले, बचाव के दौरान दो लोग झुलसे

के आधा दर्जन कच्चे झोंपडे आगजनी की चपेट मे आने से जलकर राख हो गए। वहीं स्थानीय विधायक रामविलास मीणा को रात्रि में ही इस आगजनी की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे एवं आगजनी को लेकर जानकारी ली गई व पीडित परिवार को ढाढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वसन दिया गया।

आगजनी में कीमती जेवरात नकदी व खाने पीने का सामान सहित व पशुओं



स्थानीय विधायक रामविलास मीणा ने घटना स्थल पर पहुंच आगजनी को लेकर जानकारी ली व पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वसन दिया।

का चारा जलकर राख हो गया। वहीं तीन पशुओं की भी झुलसने की वजह से मौत हो गई। पशुओं को बचाने के चक्कर में बचाव के दौरान दो लोग झुलस गए। जिनको अस्पताल पहुंचा इलाज कराया गया। आज देने की सूचना पर घटनास्थल पर पर पहुंची दमकलों ने करीब 3 घंटे की कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि को रामगढ पचवारा थाना क्षेत्र के अमराबाद गांव में चार भाइयों के छह झोपडों में पास से गुजर रही 11 केवी लाइन के शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई। शुक्रवार रात करीब 10 बजे एक झोंपडे में आग लगी। ऐसे में तेज हवाओं के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के छ झोंपड़े आग की चपेट में आ गए।

आसपास के लोगों ने रामगढ पचवारा पुलिस व दमकल को सूचना दी ऐसे में तुरंत रामगढ पचवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं लालसोट की एक दमकल में पानी नहीं होने की वजह से और एक दमकल ही मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास किए लेकिन उसमें भी पानी कम होने की वजह थोडी देर में ही उसका पानी बीत गया। ऐसे में दौसा से आग बुझाने के लिए दमकल को बुलाया गया लेकिन आग के विकराल रूप को देखते हुए दौसा की दमकल का भी पानी बीत गया। आसपास के लोगों ने चार ट्रैक्टरों से अल्टीनेटर चलाकर ट्ययूबवेल चलाए और आग पर काबू पाया गया। करीब तीन घंटे तक कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया।

### श्रीराम जन्मोत्सव के समापन पर हुई भजन संध्या

**निवाई-**सिरस में श्री केशवराय मन्दिर में श्रीराम जन्मोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन को लेकर भजन संध्या का आयोजन किया गया। शुक्रवार की रात आयोजित भजन संध्या में देर रात तक श्रद्धालुओं ने भजनामृत का आनन्द लिया। भजन गायिका माधवी शर्मा वृन्दावन ने गाइये गणपति जग वन्दन भजन से गणेश वन्दना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ किया। इसके बाद गायक नन्दलाल भाट ने संजीवनी लाके लखन को कोन बचाने वाला, मेरा बजरंग बाला, घन घन भोले नाथ, बांध दिए तीनों लोक एक पलभर में सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को भावविभोर कर नाचने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम में तबला वादक महेश खांडल व गोपाल सैन ने भी अपनी कला दिखाई। रात 12 बजे भगवान की महाआरती में सैकडों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महाआरती में मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष देवराज सिंह, पूर्व सीआर रामेश्वर मीणा, सरपंच शिवजीराम जाट, सहित लोग मौजूद थे।

# देवली में डीएसपी, थानाधिकारी व पत्रकारों का सम्मान

**देवली, (निसं)।** यहां ब्राह्मण समाज के लोगों ने शनिवार को सर्किल पुलिस उपाधीक्षक रामसिंह जाट व देवली थानाधिकारी राजकुमार नायक व पत्रकारों का सम्मान किया।

जानकारीअनुसार ब्राह्मण समाज के गणमान्य बंधु दौलता मोड स्थित पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां पुलिस उपाधीक्षक राम सिंह जाट का सम्मान कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर आचार्य मुकेश गौतम ने बताया कि 29 मार्च को क्षेत्र के राजमहल निवासी जीतेन्द्र पाराशर नामक युवक के साथ बीसलपुर से राजमहल के दौरान सुनसान रास्ते पर चार बदमाशों ने उक्त युवक का अपहरण कर लूट व मारपीट की वारदात को अंजाम दिया था और मौके से फरार हो गए थे। इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। वारदात में लिप्त आरोपियों की तलाश दौरान चार में से तीन आरोपियों



ब्राह्मण समाज के लोगों ने सर्किल पुलिस उपाधीक्षक रामसिंह जाट व देवली थानाधिकारी राजकुमार नायक व पत्रकारों का सम्मान किया।

को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसी को ध्यान में रखते हुए स्थानीय ब्राह्मण समाज के लोगों ने पुलिस उपाधीक्षक राम सिंह जाट व देवली थानाधिकारी राजकुमार नायक का सम्मान कर उन्हें धन्यवाद भेंट किया। उल्लेखनीय अभी हाल ही में चंद दिनों पहले ब्राह्मण समाज के लोगों ने उक्त मामले में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने के लिए पुलिस उपाधीक्षक राम सिंह जाट को ज्ञापन सौंप आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की थी। सर्व ब्राह्मण समाज के लोगों ने पुलिस उपाधीक्षक, थानाधिकारी व पत्रकार कृष्ण गोपाल शर्मा, पत्रकार बृजेश भारद्वाज का माल्यार्पण कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# वन्य जीवों व गौवंश को संरक्षण प्रदान करने की मांग

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम पाछूडाला क्षेत्र में आये दिन गौवंश, नीलगाय, जंगली सूअर आदि वन्य जीवों का संदिग्ध लोगों द्वारा शिकार करने का मामला संज्ञान में आया है।

वहीं उक्त घटनाक्रम को लेकर ग्राम पाछूडाला सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह शेखावत ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि पिछले कुछ माह से ग्राम पंचायत पाछुडाला व आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध लोग घूमते हुए देखे जा रहे है। जो प्रथम दृष्टया शिकारी प्रतीत होते है। ये कभी दो पहिया तो कभी चौपहिया वाहनों एवं पैदल भ्रमण करते देखे जाते है। जब इनसे ग्रामवासी किसी प्रकार की पूछताछ करते है तो ये बिना किसी प्रकार का जवाब दिये वहां से निकल जाते है। एफआईआर में बताया की ये संदिग्ध व्यक्ति गौवंश, नीलगाय, जंगली सूअर आदि वन्य जीवों का शिकार कर उनकी तस्करी करते है। सामाजिक कार्यकर्ता नित्येन्द्र मानव का कहना है की ग्राम पाछूडाला में ग्रामीणों के मुताबिक पिछले कुछ माह से इन संदिग्ध लोगों को देखे जाने के बाद अनेको बार जंगली सूअरों, नीलगाय, जंगली खरगोश, गौवंश आदी के शव देखे गये है। सभी वन्यजीवों की मृत्यु होने का मुख्य कारण जबडा फटा होना पाया गया। इन संदिग्ध लोगों के क्षेत्र में आने के बाद वन्यजीवों व गौवंश की संख्या में भारी कमी आई है।

वहीं श्रीराम गौसेवा समिति अध्यक्ष लालचंद मीणा ने बताया की इन संदिग्ध लोगों द्वारा शिकार वास्ते रखी गई विस्फोटक सामग्री खाने से 16 अप्रैल 2024 को एक गाय की जबड़ा फटने से मौत हो गई और ठीक इसी प्रकार दूसरी गाय की मौत 19 अप्रैल 2024 को हो गई। घटनाक्रम को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। जिसे लेकर शनिवार को बडी संख्या में ग्रामवासी प्रागपुरा पुलिस थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाते हुए वन्य जीवों व गौवंश को संरक्षक प्रदान करने की मांग की। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता नित्येन्द्र मानव, सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह शेखावत, गौसेवक सुशिल योगी, राजेश कुमार, पहलाद सैन, गोविंद शर्मा, नितेश शर्मा, विकास मीणा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मतदान करने हेतु जागृत किया

**दूदू, (निसं)।** आगामी 26 अप्रैल को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु घर-घर जाकर जागृत किया गया। पडासोली स्थित बिफ एण्ड ब्राइट इंजीनियरिंग कॉलेज एवं बोम्बे वर्ल्ड स्कूल के निदेशक डॉ राकेश भारद्वाज डॉक्टर संजीव महर्षि डॉक्टर निम्मी महर्षि के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने पड़ासोली नयागांव किला दातरी मैं मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूकता का संदेश दिया इस दौरान शिक्षक भी साथ रहे।

### पृथ्वी दिवस पर होंगे कार्यक्रम

**दूदू, (निसं)।** सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में 22 अप्रैल सोमवार को पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार ने अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम के तहत विद्यालयों मैं निबंध पोस्टर क्विज प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर सफाई करने एवं पर्यावरण जागरूकता रैली निकालने के निर्देश दिए।

# भाजपा मोदी के सहारे तो कांग्रेस युवाओं के भरोसे

**सांभरझील, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण संसदीय क्षेत्र से लगातार दो दफा सांसद के चुनाव में जीत का स्वाद चख चुकी भाजपा इस बार भी मोदी के नाम के सहारे अपनी जीत के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त है तो वहीं कांग्रेस युवा मतदाताओं का रुझान अपनी ओर मानकर जीत पक्की मान रही है। कांग्रेसी अपनी जीत का एक प्रमुख आधार फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहना और यहां से कांग्रेस का विधायक होने के दो प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। भाजपा के राव राजेंद्र सिंह की उम्र करीब 66 साल है, और अनुभवी और ईमानदार छवि के माने जाते हैं। उनकी इसी छवि के पीछे उनको टिकट मिलने की प्रमुखता प्रदान की गई थी तथा पार्टी ने अंदरुनी सर्वेक्षण के बाद ही राव को चुनावी मैदान में उतरा। भाजपा का मानना है कि झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से उनका कैंडिडेट भारी बहुमत लेकर अपनी जीत का परचम लहराएगा। कांग्रेस के प्रदेश में सबसे कम उम्र के उम्मीदवार अनिल चोपड़ा का शुरू से ही जुझारू रहकर कार्य करना तथा युवा मतदाताओं पर अल्प समय में ही अपना प्रभाव छोड़ना भी कांग्रेस के पक्ष में बताया जा रहा है। जयपुर ग्रामीण संसदीय क्षेत्र से फुलेरा विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी करने के पूर्व सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ पर आरोप लगे, राठौड कि इस विधानसभा क्षेत्र के प्रति नकारात्मक छवि की वजह से बताया जा रहा है कि यहां से अर्बन एरिया को छोड़कर ग्रामीण इलाकों में भाजपा को पटकनी मिल सकती है। भाजपा को अंदरुनी रूप से एक समस्या और यह सता रही है कि तीन दफा विधायक रहे निर्मल कुमावत जो कि विधानसभा चुनाव में करीब 26000 मतों से हार चुके हैं को चुनाव के दौरान संयोजक नियुक्त करना, विधानसभा क्षेत्र के लोगों की उनके प्रति अन्य कारणों से गहरी नाराजगी, चुनाव प्रचार के दौरान उनका खास असर मतदाताओं पर नहीं पड़ना भी माना जा रहा है। फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक विद्याधर सिंह चौधरी का ग्रामीण क्षेत्रों में जबरदस्त पकड की वजह से भी माना जा रहा है कि अनिल चोपड़ा युवा होने के नाते जीत का एक नया आगाज करेंगे।

# पावटा बस स्टैंड पर छाया पानी की कोई व्यवस्था नहीं

**पावटा, (निसं)।** हजारों की आबादी के शहर पावटा व आसपास के गांवो के लोगों के आवागमन के लिए पावटा मुख्य बस स्टैंड पर रोजाना करीब दो से तीन हजार लोग यात्रा करते हैं लेकिन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके लिए छाया पानी की व्यवस्था करना भूल गए है। यात्रियों को घंटों धूप में प्यासे खडे रहकर इंतजार करना पडता है लेकिन सुविधाओं के नाम पर कहीं बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं हैं।

गर्मी के दिनों में छाया, पानी शौचालय भी नहीं मिलने से यात्रियों को परेशानी होती है। ऐसा नहीं है कि व्यवस्था को लेकर मांग नहीं उठी। कई बार प्रशासन जनप्रतिनिधियों ने व्यवस्थाओं को लेकर आश्वासन दिए हैं। लेकिन अमलीजाम को कार्यनीति में तब्दील नहीं किया है। जिसके चलते लोग यात्रा करने से पहले समस्याओं के



यात्रियों को घंटों धूप में प्यासे खड़े रहकर इंतजार करना पड़ता है लेकिन सुविधाओं के नाम पर समुचित व्यवस्था नहीं हैं।

दंश से खासे परेशान होते हैं। दरअसल शहर में रोजाना हजारों की संया में लोग यात्रा करते हैं जिसके लिए पावटा बस स्टैंड जहां से रोडवेज निजी बसों का ठहराव होने से गन्तव्य स्थानों पर यात्री जाते हैं। लेकिन इस बस स्टैंड पर यात्री सुविधा को लेकर कोई खास इंतजाम नहीं है। जिसके चलते लोग गर्मी बारिश के दिनों में अधिक दिक्कत झेलते हैं। स्टैंड पर बैठने छाया की व्यवस्था नहीं होने का दंश अधिक रहता है। जिसके कारण इधर-उधर की दुकानों के अंदर-बाहर घुसकर बसों का इंतजार करते रहते हैं। यात्री सुविधा को लेकर प्रशासन

- यात्रियों को घंटों धूप में प्यासे खड़े रहकर करना पड़ता है इंतजार

जन प्रतिनिधियों को कई बार लोगों ने अवगत कराया। लेकिन आश्वासनों को कार्य रूप में तब्दील नहीं किया जा सका। जिसका खामियाजा लोगों को वर्षो से झेलना पड रहा है। बस स्टैंड के आसपास के दुकानदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि प्रशासन के अधिकारी जन प्रतिनिधि रोडवेज निजी बसों में यात्रा नहीं करते। उनके द्वारा निजी सरकारी वाहनों का उपयोग किया जाता है। जिसके कारण उन्हें यात्रियों की समस्या की जानकारी नहीं होती है। हालांकि लोगों को समस्या की जानकारी होती है।

### मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

**करौली** और धौलपुर जिले के आठ विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम राजकीय पीजी कॉलेज और कन्या महाविद्यालय के कमरों में त्रिस्तरीय सुरक्षा के बीच रखी गई है।सामान्य पर्यवेक्षक एमहरि जवाहरलाल,संसदीय क्षेत्र निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना,धौलपुर कलेक्टर श्रीनिधि बीटी की मौजूदगी में ईवीएम रखने के बाद कमरों को सील किया गया। इस मौके पर कांग्रेस,भाजपा सहित अन्य प्रत्याशी प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस मौके पर मतदान बाद की स्क्रूटनी भी संपन्न हुई। स्क्रूटनी के दौरान मतदान केंद्र और मतदान की जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभा सक्सेना ने भरोसा दिलाया कि ईवीएम पूरी सुरक्षा के बीच रखी गई है। साथ ही सीसीटीवी और अन्य माध्यम से भी निगरानी की जाएगी। इससे पूर्व धौलपुर क्षेत्र की ईवीएम को बंद ट्रकों में कडी सुरक्षा के बीच करौली लाया गया।करौली और धौलपुर में ईवीएम के लिए अलग-अलग वितरण और संग्रहण केंद्र बनाए गए थे।

## सार-समाचार

### लाडो की घोड़ी पर बैठकर निकाली बिंदोरी



**श्रीमाधोपुर, ( निसं)।** कस्बे में व्यापारी राजेश सोनी ने बेटा और बेटी को समान मानते हुए समाज के सामने एक नया उदाहरण पेश किया है। कस्बे के वार्ड नं.23 निवासी राजेश सोनी ने बेटी तनिषा को बेटे के बराबर मानते हुए पुरानी परंपराओं को भी दरकिनार कर दिया। सोनी ने समाज को संदेश दिया कि आज बेटी और बेटे में कोई फर्क नहीं है। लडकों को घोडी पर बैठाकर बिंदोरी निकासी निकालने की परंपरा को सोनी ने दरकिनार कर नई परंपरा की शुरुआत की। सोनी ने अपनी बेटी तनिषा को दूल्हे की तरह बणी ठणी दूल्हे की वेशभूषा में घोडी पर बैठाकर शहर में बिंदोरी निकाली गई।

### बैठक में नई कार्यकारिणी गठित



**कोटपूतली, (निसं)।** भारत विकास परिषद् की बैठक शनिवार को प्रांतीय अध्यक्ष आर एस सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें वर्ष 2024-25 हेतु आम सहमति से अध्यक्ष डॉ. मनोज गुप्ता, सचिव अरविन्द शरण बंसल, वित्त सचिव अनिल अग्रवाल को बनाया गया। प्रांतीय महासचिव रणवीर सिंह त्यागी ने कहा कि हमें संगठन के मुख्य सिद्धांत सम्पर्क सहयोग सेवा-समर्पण का अनुसरण करते हुए समाज में कार्य करना है। इस दौरान भाजपा नेता मुकेश गोयल, एड. बजरंग लाल शर्मा, अशोक योगी, अनिल बंसल, वासुदेव गुप्ता व पुष्कर शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मुस्लिम शाह सम्मेलन आज

**मनोहरपुर , (निसं)।** मुस्लिम शाह सम्मेलन 21 अप्रैल रविवार को स्थानीय कस्बे के एक निजी गार्डन में किया जा रहा है। इसके लिए कई गणमान्य लोगों से सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भी करवाया जा चुका है। मुस्लिम शाह समाज की शादी का 3 गांव व सभी थोक का सम्मेलन किया जारहा है। शादी का समय सुबह 9 बजे रखा गया है। इस अवसर पर दुल्हा-दुल्हन को फ्रिज, आलमारी, कूलर, बेड, बक्सा, सिलाई मशीन, वाशिंग मशीन, गद्दा, कम्बल, बेड सीट, तकिया, कुर्सी, टेबल, 31 बर्तन, सोने व चांदी के 5 आइटम दिए जाएंगे। इसी प्रकार लडके वाले से 16000 व लडकी वालों से 26000 रूपए लिए जाएंगे। यह जानकारी हाजी सुबराती शाह ने दी है।

### कांग्रेस पीसीसी अध्यक्ष आज मालपुरा में

**मालपुरा, ( निसं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा रविवार को मालपुरा में कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करेगें। डोटासरा की जनसभा मे भीड जुटाने को लेकर घासीलाल कुहाडा ने दर्जनो गांवो मे कार्यकर्ताओ की ली बैठक। रविवार की प्रात: 10 बजे रिको औधोगिक क्षेत्र के खेल मैदान पर आयोजित होने वाली जनसभा में टोंक सवाईमाधोपुर लोकसभा प्रत्याशी हरीश मीणा, घासीलाल चौधरी सहित प्रदेश व जिले के कई कांग्रेसजन भाग लेगें। इसी क्रम मे भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के समर्थन मे जलदाय मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी शनिवार को क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में जनसम्पर्क व नुक्कड सभाऐं कर अबकी बार 400 पार मोदी सरकार के लक्ष्य को पूरा करने के लिये भाजपा के पक्ष मे मतदान की अपील की।

### होम्योपैथिक शिविर का आयोजन आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ द्वारा 21 अप्रैल रविवार को 'नि:शुल्क पाक्षिक होम्योपैथी शिविर' का 429 वां शिविर एमएस हॉस्पिटल के पास स्थित स्वर्गीय चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगेगा। क्लब के गिरीराज कयाल के अनुसार क्लब की ओर से आयोजित अब तक आयोजित 428 शिविरों में 47 हजार से भी ज्यादा मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया है। इस तरह के शिविर क्लब की ओर से प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किए जाते हैं। शिविर में डॉक्टर एस एल चौधरी द्वारा चर्म रोग, सोरायसिस, साइटिका, नजला, जुकाम, फंगल इंफेक्शन एवं अन्य कई रोगों से ग्रासित मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया जाता है। क्लब की ओर से 14 दिन की दवाइयां नि:शुल्क दी जाती हैं। इन शिविरों में डॉक्टर एस एल चौधरी के साथ क्लब के चार्टर्ड प्रेसिडेंट रोटेरियन राजेंद्र प्रसाद कसेरा, विजय कुमार कसेरा एवम क्लब के कई अन्य सदस्य अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं।

### कृषि मंडी में आज रहेगा अवकाश

**मालपुरा, (निसं)।** महावीर जयंति के पावन पर्व को लेकर शनिवार को कृषि उपज मंडी व्यापारियों की हुई बैठक में सर्व सम्मति से रविवार को महावीर जयंति का मंडी में अवकाश रखने का निर्णय लिया गया। व्यापार मंडल पदाधिकारी व व्यापारियों ने मिडिया के माध्यम से किसानों तक अवकाश की सूचना पहुंचा किसानों को अनायास परेशानियों से बचने के लिये एक दिन पूर्व सूचना प्रसारित की गई।

# बैरवा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

- पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा होंगे मुख्य अतिथि
- पूर्व अध्यक्ष रामदयाल गुणावत अध्यक्षता करेंगे

**निवाई, (निसं)।** नला रोड पर स्थित बैरवा समाज धर्मशाला में रविवार को बैरवा महासभा जिला टोंक के तत्वावधान में बैरवा समाज का द्वितीय नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसकी संपूर्ण तैयारियां की गई है।

सम्मेलन के संयोजक भवानी लोदी नला ने बताया कि रविवार को द्वितीय बैरवा समाज का नि:शुल्क विवाह सम्मेलन नला रोड पर स्थित बेरवा छत्रावास में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि विवाह सम्मेलन के समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बैरवा अधिकारी कर्मचारी विकास संस्था के पूर्व अध्यक्ष रामदयाल गुणावत करेंगे। विशिष्ट अतिथि बैरवा महासभा के अध्यक्ष जगदीश बैरवा व समाजसेवी महेंद्रपाल बैरवा सूरज का खेडा सहित कई प्रमुख समाजसेवी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि विवाह सम्मेलन में समिति की ओर से समाज की रीति रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न करवाएं जाएंगे। सम्मेलन को लेकर हलवाई भोजन के काम में जुटे हुए है। वर-वधु पक्ष को उपहार में दी जाने वाली सामग्री सम्मेलन स्थल पर पहुंच चुकी है। वर-वधु के तोरण के लिए अलग से पांडाल तैयार किया गया है। सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर पूछताछ कार्यालय, चिकित्सा व्यवस्था, फेरा, जनकपुरी, अयोध्यापुरी, भोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग पांडाल बनाए गए हैं। स्वागत द्वार भी सजाया गया है। रविवार को सुबह 9:15 बजे ध्वजारोहण, 11:15 बजे गणेश पूजन, 12:15 बजे दूल्हों की निकासी, दोपहर बाद तोरण व वरमाला, पाणिग्रहण संस्कार, अतिथि सम्मान, आशीवार्द समारोह, विदाई समारोह व स्नेह भोज सहित कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिनकी संपूर्ण तैयारियां शनिवार को हो गई है।




धोनी का दिमाग अभी भी उतना ही चुस्त है और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनके लंबे सफर पर विराम सिर्फ फिटनेस की वजह से लग सकता है। धोनी ने इस सत्र में जबर्दस्त बल्लेबाजी करते हुए कई मैचों में ताबड़तोड़ रन बनाये हैं। -रोबिन उथप्पा

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, धोनी की बल्लेबाजी के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** ओनाकोया



**नाइजीरिया** के शतरंज चैम्पियन और अधिवक्ता टुंडे ओनाकोया ने गिनीज विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के लिए न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर में 60 घंटे तक लगातार शतरंज खेला। ओनाकोया (29 वर्ष) को बुधवार को शुरू हुए रिकॉर्ड प्रयास के जरिये पूरे अफ्रीका में बच्चों की शिक्षा के लिए 10 लाख डॉलर जुटाने की उम्मीद है। ओनाकाया एक बाल शिक्षा अधिवक्ता हैं, उन्होंने 58 घंटे तक शतरंज खेलने के लिए तैयारी की थी, लेकिन शनिवार सुबह करीब 12:40 बजे 60 घंटे तक शतरंज खेलते रहे।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## चेन्नई और बेंगलुरु के खिलाफ पंजाब के मैच के लिये धर्मशाला तैयार

धर्मशाला, 20 अप्रेल। हिमालय के सुरम्य क्षेत्र के बीच बसे धर्मशाला का खूबसूरत स्टेडियम पांच और नौ मई को प्रस्तावित आईपीएल मैच के लिये तैयार है। यहां मेजबान पंजाब किंग्स का मुकाबला पांच मई को चेन्नई सुपरकिंग्स और नौ मई को रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होगा। मैच में सुरक्षा इंतजामों को लेकर शनिवार को जिला प्रशासन तथा एचपीसीए के अधिकारियों के बीच क्रिकेट स्टेडियम में बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि पांच मई को पंजाब किंग्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स तथा नौ मई को पंजाब किंग्स बनाम रॉयल चौलेंजर बेंगलुरू के बीच आईपीएल टी-ट्वंटी मैच प्रस्तावित है। उन्होंने मैच के दौरान खिलाड़ियों तथा दर्शकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पुख्ता कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आयोजन के संदर्भ में कानून, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, सड़कों की मुरम्मत, शहर की साफ-सफाई तथा अग्निशमन सेवाओं इत्यादि सहित अन्य संबंधित तैयारियों का जायजा लिया और इस बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को मैच के आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए।

## खराब फॉर्म से जूझ रही आरसीबी के सामने केकेआर की कठिन चुनौती

इडन गार्डन, 20 अप्रेल। लगातार हार झेली रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है। लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। आईपीएल 2024 में पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे। आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिये काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था ,“ गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आन पड़ा है। हम सिर्फ बड़े स्कोर बनाकर ही मैच जीत सकते हैं।” सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ ही टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 287 रन बनाया था। इस सत्र में सबसे महंगे 11 करोड़ 50 लाख रूपये में खरीदे गए अलजारी जोसफ ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और 11 . 89 की इकॉनॉमी रेट से रन दिये। आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी फॉर्म के लिये जूझ रहे हैं जिन्होंने मानसिक थकान का हवाला देकर सनराइजर्स के खिलाफ नहीं खेला। उनके कूल्हे की मांसपेशी में खिंचाव के कारण वह कुछ और मैचों में बाहर रह सकते हैं।

## मनु भाकर का दमदार प्रदर्शन, अनीश ने दर्ज की अप्रत्याशित जीत

नई दिल्ली, 20 अप्रेल। ओलंपियन और महिला पिस्टल शूटर मनु भाकर ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल टी1 (ओएसटी टी1) प्राप्त करने के लिए, विश्व रिकॉर्ड से छह अंक अधिक अंक हासिल करते हुए चार प्रतिद्वंदी महिलाओं को शनिवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में धूल चटा दी। बाद में अनीश भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी1 में अपेक्षित विनियमन जीत हासिल की। आज के दिन राइफल और पिस्टल पेरिस ओलंपिक ट्रायल 1 और 2 के पहले विजेताओं की पहचान हुई। डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 1 और 2 राइफल/पिस्टल के पहले दिन प्रतियोगिता के अंत में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में मनु शीर्ष पर रहीं, जबकि भावेश शेखावत ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया। महिलाओं के फाइनल में मनु ने पूरी तरह से अपने क्लास का परिचय दिया, पांच रैपिड-फायर शॉट्स की 10 श्रृंखलाओं में उनका स्कोर 4,4,5,5,5,5,4,5,5 और 5 था। जब ईशा 23 के स्कोर के साथ सातवीं श्रृंखला में बाहर होने वाली पहली महिला थीं, तब मनु पहले से ही 32 के स्कोर पर थीं, रिदम और अभिदन्या से छह आगे, जो उस समय बराबरी पर थे। क्वालीफाइंग में 585 अंक बटोरने की वजह से ईशा सिंह हालांकि इसके अंत में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओएसटी का नेतृत्व करेंगी। ईशा के इस स्कोर ने उन्हें शुक्रवार को पांच महिलाओं प्रतिद्वंदियों के बीच में शीर्ष पर पहुंचने में मदद की। सिमरनप्रीत, अभिदन्या और रिदम के साथ मनु दूसरे स्थान पर होंगी।

## हैदराबाद ने पॉवर प्ले में बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 20 अप्रैल (वार्ता) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 35वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुये पहले पॉवर प्ले में 125 रन ठोंक दिये जो आईपीएल और टी20 क्रिकेट के इतिहास में पॉवर प्ले में सबसे तेज गति से बनाया गया स्कोर है। अरुण जेटली स्टेडियम में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरुआत आक्रमक रवैये के साथ की और दोनो बल्लेबाजों ने स्टेडियम के चारों ओर चौकों छक्को की बौछार कर दी और देखते ही देखते छह ओवर में दोनो बल्लेबाजों ने 125 रन जुटा लिये। जो टी20 क्रिकेट इतिहास में पावर प्ले में बना सबसे बड़ा स्कोर है।

# हैदराबाद की लगातार चौथी जीत

## दिल्ली कैपिटल्स को 67 रन से हराया



नई दिल्ली, 20 अप्रेल। सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में लगातार चौथी जीत हासिल की है। शनिवार को टीम ने 35वें लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 67 रन से हराया। इस जीत से सनराइजर्स पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर आ गई है।

अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 266 रन बनाए। टीम ने सीजन में तीसरी बार 250 से ज्यादा का स्कोर खड़ा किया। जवाब में दिल्ली की टीम 19.1 ओवर में 199 रन पर ऑलआउट हो गई। ओपनर ट्रैविस हेड ने 32 बॉल पर 89 रन बनाए, जबकि अभिषेक शर्मा ने 12 बॉल पर 46 रन की पारी खेली। शाहबाज अहमद ने नाबाद 59 और नितिश कुमार रेड्डी ने 37 रन बनाए। दिल्ली से कुलदीप यादव ने चार विकेट झटके। अक्षर पटेल को एक सफलता मिली।

रन चेज में दिल्ली की ओर से जैक फ्रेजर-मैगर्क ने 18 बॉल पर 65 रन बनाए, जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 44 रन और अभिषेक पोरेल ने 22 बॉल पर 42 रन का योगदान दिया। के टी नटराजन ने 4 विकेट झटके। नितिश रेड्डी और मयंक मारकंडे को 2 विकेट मिले।

इससे पहले ट्रैविस हेड (32 गेंदो पर 89 रन) और अभिषेक शर्मा (12 गेंदो पर 46 रन) के बीच 131 रन की तूफानी शतकीय साझीदारी की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद (एसआएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 35वें मुकाबले में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले खेलते हुये सात विकेट पर 266 रन बनाये।


अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीत कर पहले खेलते हुये हैदराबाद ने पारी की शुरुआत तूफानी अंदाज में की। हेड और शर्मा ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। इस साझीदारी को तोड़ने के लिये कप्तान ऋषभ पंत ने अपने विश्वनीय गेंदबाज कुलदीप को गेंद थमायी और उन्होने अभिषेक का विकेट लेकर दिल्ली की धड़कनों को काबू कर लिया। अभिषेक ने मात्र 12 गेदों पर दो चौके और छह जानदार छक्के जड़े।

कुलदीप ने अपने इसी ओवर की आखिरी गेंद पर नये बल्लेबाज एडन मारक्रम (1) को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया। लगातार दो विकेट गिरने से हैदराबाद के तेवर नरम पड़ गये और इस बीच शतक की ओर बढ रहे ट्रेविस हेड भी कुलदीप के अगले ओवर में उनका तीसरा शिकार बने जब आफ स्टांप से बाहर जा रही गेंद को पुल करने के प्रयास में लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर ट्रिस्टन स्टब्स ने आगे की ओर डाइव लगाकर उनका शानदार कैच लपक लिया।

पारी के दसवें ओवर में अक्षर पटेल ने हाइनरिक क्लासन (15) को क्लीन बोल्ड आउट कर रनो की रफ्तार को पूरी तरह काबू में कर लिया। नितीश कुमार रेड्डी (37) ने हालांकि कुछ अच्छे शाट्स खेल कर रन गति को बढाने का प्रयास किया मगर कुलदीप की नजरों से वह भी नहीं बच सके जब मिडिल स्टंप पर फेंकी गयी गुड लेंथ गेंद को पुल करने के प्रयास में वह लांग आन पर खड़े डेविड वार्नर को कैच थमा बैठे।

## प्रॉसेस नहीं उनके लिए रिजल्ट मायने रखता है : गौतम गंभीर

नई दिल्ली, 20 अप्रेल। गौतम गंभीर अक्सर अपने कड़क जवाबों के कारण सुर्खियों में रहते हैं। एक बार फिर वो चर्चा में आ गए हैं। दरअसल, उन्होंने फिर से एमएस धोनी से उलट बात की है। गंभीर ने कहा कि प्रॉसेस मायने नहीं रखता है उनके लिए रिजल्ट मायने रखता है। जबकि धोनी हमेशा प्रॉसेस की बात करते आए हैं।



गौतम गंभीर ने केकेआर के पॉडकास्ट में कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं खुलेआम कहता हूं कि मेरे लिए सिर्फ और सिर्फ रिजल्ट मायने रखता है। मैं प्रॉसेस को सही रखो, रिजल्ट आप सही आएगा, जैसी बातों में रत्ती भर भी यकीन नहीं करता हूं। गंभीर ने कहा कि मेरे लिए रिजल्ट का ही मतलब है। इसकी वजह साफ है कि लोग केकेआर को जीतते देखना चाहते हैं। बता दें कि एमएस धोनी की सोच इसके बिल्कुल विपरीत है। धोनी हमेशा प्रॉसेस पर जोर देते हैं। धोनी ने कई इंटरव्यू में ये बात कही है कि अगर प्रॉसेस सही रखा जाए तो रिजल्ट अपने आप सही आएगा।

वहीं गंभीर ने केकेआर के फैन बेस को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा महसूस करता हूं और दिल से मानता हूं कि पूरे देश में केकेआर का सबसे लॉयल फैन बेस है। उन्होंने कहा कि आप केकेआर का इतिहास देखिए। पहले तीन साल में ही फ्रेंचाइजी के फैंस में काफी ज्यादा इजाफा हो चुका था। फिर साल दर साल ये बढ़ता ही गया।

इसके बाद हमारे चाहने वाले हमसे जुड़े और हमेशा के लिए हमारे होकर रह गए। हमारे फैंस के अंदर केकेआर को लेकर काफी ज्यादा पैशन है। गौती ने आगे कहा कि हम 2012 और 2014 में आईपीएल में जीते थे और पूरा कोलकाता सड़क पर उतर आया था।

## दिल्ली में सीएसके का मैच नहीं होने से फैंस में निराशा

दिल्ली, 20 अप्रेल। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में पहली बार शनिवार को अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के लिए उतरी तो प्रशंसकों को इससे बड़ी शिकायत थी कि वह अपने चहेते खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी और उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स को इस मैदान पर नहीं देख पायेंगे। दरअसल, दिल्ली कैपिटल्स ने अपने शुरुआती दो मैचों को विशाखापत्तनम के मैदान पर खेला था। टीम ने इस मैदान पर सीएसके और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच खेले थे। करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी और सीएसके के साथ दिल्ली कैपिटल्स के प्रशंसकों को भी इस बात का मलाल की वह स्टेडियम में धोनी की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी नहीं देख पायेंगे। धोनी मौजूदा सत्र में शानदार लय में है और क्रिकेट जगत के कई लोग मान रहे है कि खिलाड़ी के तौर पर उनका आखिरी आईपीएल हो सकता है।

## रीतिका, मानसी और अंशु पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के करीब

बिश्केक, 20 अप्रेल। अंशु मलिक और अंडर 23 चैम्पियन रीतिका ने भी यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।विश्व चैम्पियनशिप 2021 रजत पदक विजेता अंशु को क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला जिसमें उसने किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिम्बेकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। अंडर 23 विश्व चैम्पियन रीतिका (76 किलो) ने युंजू हवांग को हराया।

पहला दौर उन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता पर जीता। इसके बाद मंगोलिया की दावानासान एंख एमार को भी इसी तरह से मात दी। चीन की जुआंग वांग के खिलाफ आखिरी ग्रुप मुकाबले में उन्होंने 8 . 2 से जीत दर्ज की। मानसी अहलावत (62 किलो) भी अंतिम चार में पहुंच गई। उन्होंने कजाखस्तान की इरिना कुजनेत्सोवा को 6 . 4 से हराया। निशा दहिया (68 किलो) सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। उन्होंने पहले दौर में उत्तर कोरिया की सोल गुम पाक को 8 . 3 से हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की मीरिम जुमानाजारोवा से हार गई।

## जिन टीमों ने पार्टियां की वे ट्रॉफी नहीं जीत पाए : सुरेश रैना

नई दिल्ली, 20 अप्रेल। सुरेश रैना ने आईपीएल न जीतने वाली टीमों पर निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने शुबमन गिल के भविष्य को लेकर भी भविष्यवाणी की। द लल्लनटॉप के शो के टीजर में वह इस बारे में बात करते नजर आ रहे हैं। रैना से पूछा गया था कि, आईपीएल में पार्टियां भी खूब होती रहती हैं। इस पर रैना ने कहा कि सीएसके ने कोई पार्टी नहीं की। इसलिए सफल रहे हैं।

दरअसल, लल्लनटॉप के शो के टीजर में सुरेश रैना को कहते सुना गया कि, जिन दो-तीन टीमों ने पार्टियां कीं, वह कभी ट्रॉफी भी तो नहीं जीत पाए। जाहिर सी बात है उनका इशारा आरसीबी की तरफ था। एक वक्त था जब आरसीबी अपनी पार्टियों के लिए जाना जाता था। रैना ने अपने चुनाव लड़ने को लेकर भी बात कही।

इसी दौरान सुरेश रैना ने शुभमन गिल को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की। रैना ने कहा कि मुझे लगता है कि आगे चलकर वह टीम इंडिया के कप्तान बनेंगे। इसी दौरान उनसे पूछा गया कि आपके कहने का मतलब है कि



रोहित शर्मा के बाद कप्तानी शुभमन गिल को मिलने वाली है? इस पर रैना कहते हैं कि, हो सकता है। पूर्व क्रिकेटर ने गौतम गंभीर पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि गौतम एक ही गाना ड्रेसिंग रूम में बीसियों बार सुन सकते हैं। उनको गाना अच्छा लगता है तो वह रन बनाते हैं। लेकिन अगर किसी दूसरे खिलाड़ी ने दूसरा गाना सुना और वह आउट हुए तो फिर गुस्सा भी करने लगते हैं।

## पोलार्ड और डेविड पर जुर्माना लगाया

मुंबई, 20 अप्रेल। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरॉन पोलार्ड पर आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन की वजह से कार्रवाई हुई है। पोलार्ड और टिम डेविड ने बीते 18 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में टाइम आउट को लेकर अंपायर से बहस की थी। इसी गलती के कारण अब पोलार्ड और डेविड पर मैच फीस का 20 फीसदी का जुर्माना लगाया गया है।

डेविड और पोलार्ड ने आईपीएल की आचार संहित के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 का अपराध किया। मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी और कोच पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।

## धोनी से पूछना चाहिए कि क्या वह ऊपर बल्लेबाजी करना चाहेंगे : ब्रायन लारा



लखनऊ, 20 अप्रेल। जहां एक तरफ खेल प्रेमी महेंद्र सिंह धोनी के बल्लेबाजी क्रम में ऊपर बल्लेबाजी करने की मांग कर रहे हैं तो वहीं ब्रायन लारा को लगता है कि इस करिश्माई खिलाड़ी से पूछा जाना चाहिए कि क्या वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे?

टीम प्रबंधन भी धोनी को ऊपरी क्रम में खिलाना पसंद करेगा लेकिन वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर लारा जानते हैं कि 42 वर्षीय धोनी को घुटने की समस्या है जिससे वह ज्यादा लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते इसलिये वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी की बात पर विचार नहीं करेंगे। घुटने की समस्या के अलावा धोनी उम्र के ऐसे पड़ाव में हैं जहां वह युवाओं को अपनी काबिलियत साबित करने का मौका देना चाहेंगे। लारा ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, “यह शानदार होगा। उनसे पूछना चाहिए कि क्या वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना चाहेंगे? क्योंकि वह उपयोगी योगदान कर रहे हैं। लेकिन इसमें कुछ नुकसान के कारण भी हैं। इसलिये मुझे लगता है कि इन पर विचार किया जाना चाहिए।

चेन्नई सुपर किंग्स के महान खिलाड़ी धोनी ने शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नौ गेंद में 28 रन की पारी खेली जो इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र की कुछ रोमांचक उपयोगी पारियों में से एक रही। हालांकि चेन्नई की टीम आठ विकेट से हार गयी। लारा ने कहा, “42 साल की उम्र में वह टीम के लिहाज से भी सोच रहा होगा कि युवा खिलाड़ियों को ज्यादा जिम्मेदारी लेनी चाहिए। लेकिन मुझे लगता है कि मध्यक्रम की पारी से सीएसके की बल्लेबाजी के बारे में पता चलता है। धोनी ने हालांकि अंत में तेज तर्रार पारी खेली लेकिन अंत में उनकी पारी भी नाकाफी रही।

## जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस

मुल्लांपुर, 20 अप्रेल। लगातार हार के बाद अंकतालिका में नीचे खिसकी पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को जब आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा जीत की राह पर लौटने का होगा। पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हारने के बाद आठवें स्थान पर खिसक गई है। दिल्ली ने उसे 89 रन पर समेट दिया था और चार मैचों में यह उसकी तीसरी हार थी। पंजाब किंग्स नौवे स्थान पर है जिसे मुंबई इंडियंस ने नौ रन से हराया। जीत के लिये 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसने चार विकेट 14 रन पर गंवा दिये थे लेकिन उसके बाद आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने टीम को मैच में लौटाया। सात मैचों में पांच हार और दो जीत से टीम का आत्मविश्वास डिगा हुआ है लेकिन विरोधी टीम का भी वही हाल है। पंजाब को प्रभावी कप्तान शिखर धवन की कमी खल रही है और उनका रविवार के मैच में भी खेल पाना निश्चित नहीं है। धवन कंधे की चोट से उबरने की प्रक्रिया में है जो उन्हें नौ अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ घरेलू मैच में लगी थी।

### विनेश फोगाट को बड़ी सफलता

## महिला 50 किग्रा. में हासिल किया ओलंपिक कोटा

बिश्केक, 20 अप्रेल। भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने महिलाओं के 50 किग्रा भारवर्ग में देश के लिए ओलंपिक कोटा हासिल किया है। उन्होंने किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में जारी एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर के सेमीफाइनल में ये उपलब्धि अपने नाम की। उन्होंने इस दौरान कजाकिस्तान की लौरा गनिक्यजी को 10-0 से हराकर कोटा हासिल किया। इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहलावनों को अपने देश के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा मिलेगा।



विनेश ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी। उन्होंने पहले कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकंड तक चले मुकाबले में हराया। उनकी मजबूत पकड़ का विरोधी के पास कोई जवाब नहीं था। अगले मुकाबले में उन्होंने 67 सेकंड में कंबोडिया की एसमानांग डिट को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

वहीं विनेश से पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था। यह 29 साल की विनेश का लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा है। उन्होंने इससे पहले रियो ओलंपिक (2016) और टोक्यो ओलंपिक (2020) में भी हिस्सा लिया था।

सेमीफाइनल में कजाखिस्तान की 19 साल की पहलवान लौरागनिक्यजीने उनके सामने थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस भारतीय पहलवान ने अपने अनुभव का इस्तेमाल कर युवा प्रतिद्वंद्वी को मात दी। विनेश पहले पीरियड में 4-0 से आगे थी और इस टूर्नामेंट में वह पहली बार दूसरे पीरियड तक पहुंची। एक बार दबदबा बनाने के बाद विनेश को उसे हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। चयन ट्रायल जीतने के बाद विनेश 50 किलोवर्ग में खेल रही है।

## धीमी ओवर रेट के कारण राहुल व गायकवाड़ पर जुर्माना लगा




लखनऊ, 20 अप्रेल। आईपीएल 2024 में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला गया। जिसे लखनऊ ने आसीनी से जीत लिया। लेकिन मैच के बाद बीसीसीआई ने केएल राहुल और सीएसके कप्तान रूतुराज गायकवाड़ पर आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिये 12-12 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ ने अपने मैदान पर खेलते हुए चेन्नई को शुक्रवार को आठ विकेट से हराया। आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का इन टीमों का यह पहला अपराध था तो राहुल और रूतुराज पर जुर्माना लगाया गया।

आईपीएल ने एक बयान में कहा ,“ लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान के एल राहुल पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह से चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ पर भी धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।

## टी-20 विश्वकप खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हूं : दिनेश कार्तिक

कोलकाता, 20 अप्रेल। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भारत के लिए फिर से खेलने के अपने सपने को नहीं छोड़ा है और टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए वह वो सबकुछ करेंगे जो वह कर सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप तक कार्तिक 39 साल के हो जायेंगे।




वह 2022 में आस्ट्रेलिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के अंतिम चरण का भी हिस्सा थे जो भारतीय टीम के लिए उनका अंतिम टूर्नामेंट था। तब से वह क्रिकेट विशेषज्ञ बन गये हैं और कमेंट्री भी करने लगे हैं। आईपीएल के इस सत्र में वापसी करते हुए वह अपनी बल्लेबाजी को नये स्तर तक ले गये हैं और 205 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में वह विराट कोहली (361) और कप्तान फाफ डुप्लेसी (232) के बाद 226 रन से टीम के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर उन्होंने कहा, “अपने जीवन के इस पड़ाव में मेरे लिए भारत का प्रतिनिधित्व करना शानदार अहसास होगा। मैं ऐसा करने के लिए बेताब हूं। इस टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के अलावा मेरी जिंदगी में इससे बड़ा कुछ नहीं होगा। ” कार्तिक भी दावेदार के रूप में सामने आ रहे हैं तो विकेटकीपर के स्थान के लिए काफी प्रतिस्पर्धा होगी जिसमें भारतीय टीम ज्यादा से ज्यादा दो खिलाड़ियों को चुन सकती है।

उन्होंने कहा, “मुझे यह भी लगता है कि तीन बहुत ही बेहतरीन लोग राहुल द्रविड़, रोहित शर्मा और अजीत अगरकर हैं जो फैसला करेंगे कि विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम क्या होनी चाहिये। ” कार्तिक ने कहा, “और मैं पूरी तरह से उनके साथ हूं। मैं उनके किसी भी फैसले का सम्मान करता हूं। लेकिन मैं बस इतना कह सकता हूं कि मैं शत प्रतिशत तैयार हूं और मैं विश्व कप के लिए टीम में शामिल होने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा।

## लड़कियों को खेलों में बढ़ावा दें, वे चेहरे पर मुस्कान लायेंगी : सचिन

रांची, 20 अप्रेल। चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिये प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लायेंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि यहां युवा फाउंडेशन की फुटबॉल खिलाड़ी लड़कियों की हौसलाअफजाई के लिये आये हैं। युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। तेंदुलकर और अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की। तेंदुलकर ने कहा ,“ बच्चों की ऊर्जा




संक्रामक होती है। मैने उन्हें कड़ी मेहनत करते और खेल का मजा लेते देखा तो मुझे अपना बचपन याद आ गया।” उन्होंने कहा ,“ मैं कई बच्चों से प्रेरणा लेता हूं क्योंकि उनके लिये यह सफर आसान नहीं था।



भीलवाड़ा के शक्करगढ़ में अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार दामोदर अग्रवाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। अमित शाह ने रैली के दौरान आरोप लगाया कि, राहुल गांधी और उनकी बहन हर तीन महीने में विदेश में छुट्टियाँ मनाकर आते हैं, उनकी बहन चुनाव के बीच थाइलैण्ड में छुट्टी मनाकर आई हैं।

# 'रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आकर कांग्रेस ने जनता का अपमान किया'

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भीलवाड़ा में आयोजित विजय शंखनाद महासभा में यह भी कहा कि, रामलला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने वालों को जनता माफ नहीं करेगी

- **भीलवाड़ा के शक्करगढ़ क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।**
- **सभा को आचार्य महामंडलेश्वर जगदीश पुरी जी, मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल और प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया व कई अन्य नेताओं ने संबोधित किया।**
- **शाह ने गहलोत पर कटाक्ष किया कि, गहलोत सिर्फ अपने बेटे के लिए काम कर रहे हैं, जबकि उनका बेटा बड़े अंतर से हार रहा है।**
- **शाह ने भीलवाड़ा के प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि, अग्रवाल को दिया गया हरेक वोट नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगा।**

भीलवाड़ा, 20 अप्रेल (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के भीलवाड़ा लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में जहाजपुर विधानसभा के शक्करगढ़ में आयोजित विजय शंखनाद महासभा में कांग्रेस पर तीखे प्रहार करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा कि, श्री रामलला के निमंत्रण को ठुकराने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस पार्टी ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं पहुंचकर जनता का अपमान किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर करारा वार करते हुए कहा कि, कांग्रेस पार्टी 70 साल से धारा 370 को संभालकर बैठी थी। मोदी जी ने इसे समाप्त कर दिया और कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बना दिया। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे कहते हैं कि राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना-देना। खड़गे जी को नहीं मालूम कि राजस्थान के कितने लोग सेना में हैं। कश्मीर के लिए राजस्थान की न जाने कितनी माताओं ने अपने लाल की बलि दी है।

कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि, कांग्रेस के पास ना नीति है, ना नीयत है, ना नेता हैं। एक ओर ये राहुल बाबा और उनकी बहन हर 3 महीने में विदेश में वैकेशन मनाने जाते हैं। प्रियंका गांधी चुनाव के बीच थाइलैंड छुट्टी मनाकर आई हैं। दूसरी ओर 23 साल से दीपावली की भी छुट्टी न लेने वाले नरेन्द्र मोदी हैं। एक ओर सोनिया का एजेण्डा है कि, मेरे बेटे को प्रधानमंत्री बनाओ। दूसरी ओर मोदी का एजेण्डा है कि, मेरे भारत को महान बनाओ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, कश्मीर और पूर्वोत्तर में शांति लाकर और नक्सलवाद को समाप्ति के कगार पर पहुंचाकर मोदी ने देश को सुरक्षित करने का काम किया। यह चुनाव स्पष्ट रूप से 2 खेमों में बंटा हुआ है। एक ओर 12 लाख करोड़ के घपले, घोटाले, भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी है। दूसरी ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बाद 25 पैसे का भी जिस पर आरोप नहीं है, ऐसे नरेन्द्र मोदी हैं। मोदी ने भारत को 10 साल में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से 5वें नंबर पर पहुंचा दिया।

अमित शाह ने 2047 में विकसित भारत बनाने के लिए नरेंद्र भाई मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आ ान करते हुए कहा कि, राजस्थान की सभी 25 सीटों के साथ समूचे देश में इस बार भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही है। भीलवाड़ा में भी लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल को दिया गया हर वोट नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगा। भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा की जीत रिकॉर्ड तोड़ेगी।

अमित शाह ने भीलवाड़ा के सांसद सुभाष बहेड़िया के कार्यकाल में केंद्र सरकार द्वारा कराए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि, नेशनल हाईवे 158, जयपुर उदयपुर वंदे भारत ट्रेन, भीलवाड़ा में मेडिकल कॉलेज, भीलवाड़ा से आसींद व गुलाबपुरा रोड पर नेशनल हाईवे, भीलवाड़ा स्टेशन का जीर्णोद्धार यह सब सांसद बहेड़िया के विकास कार्यों के खाते में जाता है। भीलवाड़ा में जो विकास कार्य कराए गए हैं वह केवल भाजपा के शासन में ही हुए हैं।

राजस्थान की बात करते हुए शाह ने कहा कि, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत केवल अपने बेटे के लिए काम कर रहे हैं। जबकि उनका बेटा भी बड़े मार्जिन से हार रहा है। राजस्थान 25 की 25 सीटें भाजपा को देने जा रहा है। प्रथम चरण में कल जो चुनाव हुआ है, उसमें 12 की 12 सीटें नरेंद्र मोदी जी की झोली में जा रही हैं।

राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री डा किरोड़ीलाल मीणा ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश में कांग्रेस राज में हुए भ्रष्टाचार और पेपरलीक कांड किसी से छुपे नहीं है। ये नरेंद्र मोदी की गारंटी थी कि पेपरलीक माफिया को बख्शा नहीं जाएगा और भजनलाल सरकार ने आते ही इस गारंटी को पूरा कर दिखाया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने मंचस्थ अतिथियों और उपस्थित हजारों कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। महासभा को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं क्लस्टर प्रभारी नारायण पंचारिया, लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल, सांसद सुभाष बहेड़िया, आचार्य महामंडलेश्वर जगदीश पुरी सहित भाजपा के अनेक नेताओं व पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

# दूरदर्शन के लोगो का रंग भगवा होने पर भड़कीं ममता बनर्जी

## ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग से इसे तुरंत रोकने की अपील की है और कहा है कि, यह दूरदर्शन के भाजपा समर्थक पूर्वाग्रह को दर्शाता है

- **गौरतलब है कि, दूरदर्शन का लोगो मूलतः नीले रंग का हुआ करता था, जिसे पहले बदल कर लाल किया गया और अब बीते दिनों इसे ''ऑरेंज'' कलर में बदल दिया गया है।**
- **प्रसार भारती के पूर्व सी.ई.ओ. और राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने भी इतनी आलोचना की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन ने अपने ऐतिहासिक फ्लैगशिप लोगो को भगवा रंग में रंग दिया है। इसके पूर्व सी.ई.ओ. के रूप में, मैं इसके भगवाकरण को चिंता के साथ देख रहा हूं और महसूस कर रहा हूं - यह अब प्रसार भारती नहीं है - यह ''प्रचार भारती'' हो गई है।**

नई दिल्ली, 20 अप्रेल। पब्लिक ब्रॉडकास्टर दूरदर्शन के लोगो का कलर "ऑरेंज" होने से विवाद पैदा हो गया है। विपक्ष ने सवाल उठाते हुए दूरदर्शन का भगवाकरण किए जाने का आरोप लगाया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हैरानी जताते हुए चुनाव आयोग से इसे तुरंत रोकने की अपील की है। दूरदर्शन ने अपने लोगो को हाल ही में रेड से ऑरेंज कलर में बदला है।

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जब पूरे देश में चुनाव हो रहे हैं, तो अचानक हमारे दूरदर्शन लोगो का रंग बदलने से और भगवाकरण होने से मैं शॉक्ड हूं। यह बिल्कुल अनैतिक, पूरी तरह से गलत है और राष्ट्रीय पब्लिक ब्रॉडकास्टर के भाजपा-समर्थक पूर्वाग्रह को जोर-शोर से बयां करता है। जब लोग चुनावी मोड में हैं तो भारत का चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता के इस भद्दे, भगवा समर्थक उल्लंघन की अनुमति कैसे दे सकता है? चुनाव आयोग को इसे तुरंत रोकना चाहिए और दूरदर्शन के लोगो के मूल नीले रंग पर वापस जाना चाहिए।

दूरदर्शन का लोगो का कलर बदले जाने की प्रसार भारती के पूर्व सीईओ और राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने भी आलोचना की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन ने अपने ऐतिहासिक फ्लैगशिप लोगो को भगवा रंग में रंग दिया है। इसके पूर्व सीईओ के रूप में, मैं इसके भगवाकरण को चिंता के साथ देख रहा हूं और महसूस कर रहा हूं - यह अब प्रसार भारती नहीं है - यह प्रचार भारती है।

वहीं, साल 2012 से 2014 तक सूचना और प्रसारण मंत्री रहने वाले कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भी आरोप लगाया कि, लोगो का रंग बदलना सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का सरकार का प्रयास है। इंडिया टुडे टीवी के साथ बातचीत में, मनीष तिवारी ने कहा कि, यह सरकार की ओर से भगवाकरण और सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने की एक कोशिश है। यह कदम स्पष्ट रूप से भारत के सार्वजनिक प्रसारक की तटस्थता और विश्वसनीयता को कमजोर करता है।

दूरदर्शन ने दावा किया कि, वह नए अवतार में आ रहा है। पब्लिक ब्रॉडकास्टर डीडी न्यूज ने एक्स पर पोस्ट किया, हमारे मूल्य वही हैं, लेकिन अब हम एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। एक ऐसी समाचार यात्रा के लिए तैयार हो जाइए जो पहले कभी नहीं देखी गई। बिल्कुल नए डीडी न्यूज का अनुभव करें। हमारे पास यह कहने का साहस है: गति से अधिक सटीकता, दावों से ज्यादा तथ्य, सनसनीखेज की बजाए सच्चाई, क्योंकि अगर ये डीडी न्यूज पर है तो ये सच है। डीडी न्यूज - भरोसा सच का।

### नाबालिग से...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बाद अंदर गई तो उसकी बेटी नहीं मिली। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 22 अगस्त को पीड़िता को बरामद करने के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने अदालत को बताया कि, अभियुक्त उसे तहसील से कागज लाने के नाम पर अपने साथ ले गया था। अभियुक्त उसे अपने साथ अपने मामा के जयपुर स्थित घर ले गया। जहां रात के समय उसके साथ दो बार दुष्कर्म किया। दूसरे दिन वह उसे बगरू स्थित किराए के कमरे में ले जाकर तीन दिन तक दुष्कर्म किया।

इसी तरह अभियुक्त ने उसके साथ कई दिनों तक संबंध बनाए। वहीं 22 अगस्त को पुलिस आकर उसे फागी ले गई। दूसरी ओर अभियुक्त पक्ष की ओर से कहा गया कि, पीड़िता के भाई के साथ उसका लेन-देन को लेकर झगड़ा था। जिसके चलते गौरीशंकर खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया गया है। पीड़िता अभियुक्त के साथ करीब डेढ़ माह साथ रही थी, लेकिन उसके कोई चोट नहीं आई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

# जस्टिस चंद्रचूड़ ने भारत के तीन नये कानूनों की तारीफ की

## जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि, इन कानूनों को देखकर महसूस होता है कि, सच में भारत बदल रहा है

नई दिल्ली, 20 अप्रेल। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को देश में तीन नए आपराधिक कानून बनाए जाने की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि, यह भारत के बदलने का "स्पष्ट संकेत" है। चीफ जस्टिस के अनुसार, नए कानूनों ने क्रिमिनल जस्टिस को लेकर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। उन्होंने "आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ" विषय पर यहां आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि, नए कानून तभी सफल होंगे यदि "हम नागरिकों के रूप में उन्हें अपनाएं।"

प्रधान न्यायाधीश ने नए आपराधिक न्याय कानूनों के लागू होने को समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि, भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि, नए अधिनियमित कानूनों ने आपराधिक न्याय पर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि, पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच एवं अभियोजन में कुशलता के लिए अत्यावश्यक सुधार किए गए हैं।

सीजेआई ने कहा, "संसद द्वारा इन कानूनों को पास किया जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि, भारत बदल रहा है एवं आगे बढ़ रहा है और मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए नए कानूनी उपकरणों की जरूरत है।" चंद्रचूड़ के मुताबिक, नए कानून तभी सफल होंगे जब इन्हें लागू करने की जिम्मेदारी संभालने वाले लोग इन्हें अपनाएंगे। इस सम्मेलन में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता भी मौजूद थे।

देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए नए बनाए गए कानून 'भारतीय न्याय संहिता', 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' एक जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, 'हिट-एंड-रन' के मामलों से संबंधित प्रावधान को तुरंत लागू नहीं किया जाएगा। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी।

# 'केजरीवाल पहले ही इन्सुलिन लेना बंद कर चुके थे'

नई दिल्ली, 20 अप्रेल। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बढ़े हुए शुगर लेवल को लेकर आरोप-प्रत्यारोपों के बीच अब तिहाड़ जेल प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भेज दी है। तिहाड़ जेल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि, केजरीवाल गिरफ्तारी के पहले से ही इन्सुलिन लेना बंद कर चुके थे। जेल प्रशासन ने कहा है जेल में इंसुलिन की कोई कमी नहीं है। केजरीवाल इंसुलिन रिवर्सल पर थे।

उपराज्यपाल को भेजी गई रिपोर्ट में तिहाड़ जेल प्रशासन ने कहा है कि, मौजूदा वक्त में केजरीवाल शुगर कंट्रोल करने के लिए टैबलेट ले रहे थे। जेल में पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन मौजूद है। इंसुलिन नहीं देने की बात गलत है। जेल प्रशासन ने दावा किया है कि, तेलंगाना के एक निजी डॉक्टर से मधुमेह का इलाज करा रहे केजरीवाल ने कुछ महीने पहले इंसुलिन लेना बंद कर दिया था और अपनी गिरफ्तारी के समय वह केवल एंटी डायबिटीज ओरल मेडिसिन टैबलेट मेटफॉर्मिन ले रहे थे। इसके अलावा आर.एम.एल. अस्पताल की रिपोर्ट में केजरीवाल को न तो किसी इन्सुलिन की सलाह दी गई थी और न ही उसकी जरूरत बताई गई थी।

- **तिहाड़ प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि, केजरीवाल ने खुद बताया था कि, वे इन्सुलिन नहीं लेंगे बल्कि डायबिटीज़ की टैबलेट ले रहे हैं, आर.एम.एल. अस्पताल की रिपोर्ट में भी केजरीवाल को इन्सुलिन लेने की सलाह नहीं दी गई है।**

### मदरसा बोर्ड चेयरमैन को हटाने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जारी कर याचिकाकर्ता की नियुक्ति को रद्द कर पद से हटा दिया। याचिका में कहा गया कि विभाग ने याचिकाकर्ता को हटाने का न तो कोई कारण बताया और ना ही उसे सुनवाई का मौका दिया गया। याचिकाकर्ता को तीन साल का कार्यकाल पूरा किए बिना पद से हटाया नहीं जा सकता है। इसके बावजूद भी उसे नियुक्ति के 13 माह बाद ही हटा दिया गया। याचिकाकर्ता धारा 7 के तहत किसी भी तरह नियुक्ति के लिए अपात्र नहीं हुआ है। इसलिए उसे तय अवधि से पहले हटाना अवैध है। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने इस याचिका का विरोध करते हुए कहा कि हम नियुक्ति दे सकते हैं तो हटाने का भी अधिकार है। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को पद से हटाने के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है।

### इज़रायल व ईरान युद्ध...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मामले की हकीकत यह है कि हिजबुल्लाह के बैठक स्थलों पर लैबनान में शनिवार को इज़रायल ने आक्रमण किया था। इस हमले में काफी संख्या में लड़ाके मारे गए थे। हालांकि इस हमले में वास्तविक रूप से मरने वालों की संख्या का पता नहीं चला है, परन्तु माना जाता है इस ताजा सैन्य कार्यवाही में कई महत्वपूर्ण व्यक्ति मारे गए हैं।

सटीक निशाने पर हवाई हमले करने की क्षमता ध्यान खींचने के लिए इज़रायली सेना हमले से संबंधित एक वीडियो जारी किया था जिसमें दिखाया गया था कि विशाल बम विस्फोट से पूर्व लड़ाके एक परिसर में इधर-उधर घूम रहे थे और जब विस्फोट हुआ तो संपूर्ण विनाश का धुआं दिखाई दे रहा था।

इज़रायल ने भी रफाह शहर में सैन्य कार्यवाही प्रारंभ कर दी है, यह शहर गज़ा में हमास के लड़ाकों की अंतिम चौकी है। इज़रायल खुफिया पुलिस को विश्वास है हमास के बड़े नेता अभी तक भी रफाह शहर में छिपे बैठे हैं इस शहर को पार करके पड़ौसी मिस्र में प्रवेश किया जाता है

परन्तु आपसी विनाश के बावजूद, वैश्विक सुरक्षा विशेषज्ञ व अमेरिका तथा यूरोपियन नाटो अलायंस के पूर्व टॉप जनरल्स यह नहीं सोचते कि अभी बड़े पैमाने पर क्षेत्रीय युद्ध की संभावनाएं बढ़ गई हैं, इसके परिणाम स्वरूप मध्य पूर्व में अन्य ताकतों की सीधे तौर पर युद्ध में भागीदारी बढ़ेगी।

विनाश के काले बादलों के बीच उम्मीद की सुनहरी किरण झलक रही है।

### पहले चरण में 11 राज्यों में 60...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

50.95 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 57.61 प्रतिशत, उत्तराखण्ड में 53.64 प्रतिशत, तमिलनाडू में 62.19 प्रतिशत, सिक्किम में 68.06 प्रतिशत, जम्मू व कश्मीर में 65.08 प्रतिशत, नागालैण्ड में 56.77 प्रतिशत, लक्षद्वीप में 59.02 प्रतिशत, मिज़ोरम में 54.18 प्रतिशत और अंडमान निकोबार में 56.87 प्रतिशत मतदान रहा।

### 'शहज़ादा वायनाड में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है, यह तो कांग्रेस की गलत नीतियों की देन है। इंडिया ब्लॉक पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, इनके पास प्रोजैक्ट करने के लिए कोई चेहरा नहीं है और जनता को पता नहीं है कि वो देश का भविष्य किसके सुपुर्द करें। उन्होंने कहा, "वो कुछ भी दावा कर सकते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि कांग्रेसी नेताओं ने चुनावों की घोषणा के पहले ही हार मान ली है।"

उन्होंने विपक्षी गठबंधन को स्वार्थी लोगों का जमावड़ा बताया, जो भ्रष्टाचारी कारनामों को बचाने के लिए साथ आए हैं। उन्होंन कहा, "आप वोट डालकर कोई एहसान नहीं कर रहे हो। आप अपने देश का भविष्य सुरक्षित कर रहे हो। मैं विपक्षी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहता हूँ। आप (विपक्षी नेतागण) चुनाव निश्चित रूप से हारोगे, लेकिन कभी न कभी आपको अवसर मिलेगा, लेकिन आपको मतदाताओं से वोट डालने की अपील करनी चाहिए। मोदी ने कहा, इण्डिया ब्लॉक के घटक दल, 25 प्रतिशत सीटों पर एक दूसरे के विरूद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, चार जून को चुनावों के नतीजे आने के बाद वो एक दूसरे से और ज्यादा लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि सिटीज़नशिप (एमैन्डमैंट) कानून के बिना अफगानिस्तान से आए सिखों के भाग्य पर क्या बीतेगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नैशनल डैमोक्रेटिक एलायंस (एन.डी.ए.) तीसरे कार्यकाल में ज्यादा बहुमत का प्रयास कर रही है, जबकि विपक्षी इण्डिया ब्लॉक के घटक दल, वर्ष 2014 और वर्ष 2019 की हार के बाद वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।

# जोधपुर में उत्तर प्रदेश के मु.मंत्री योगी आदित्यनाथ का भव्य स्वागत

## रोड शो में एक लाख से ज्यादा लोगों ने भाग लिया

जोधपुर, 20 अप्रेल (का.सं.)। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का दौर शुरू हो चुका है। भाजपा और कांग्रेस ने इन सीटों के लिए जोर-शोर से प्रचार शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोधपुर में रोड शो किया। जोधपुर पहुँचने पर भाजपा कार्यक्रम के अनुसार शाम को जोधपुर पहुंचे और यहां के गांधी मैदान से रोड शो की शुरुआत की। योगी का काफिला सरदारपुरा, गोल बिल्डिंग से होते हुए जालोरी गेट पहुंचा। योगी के पहुंचने से पहले ही बहुत बड़ी संख्या में समर्थक जुट गए थे। रथ में उनके साथ केंद्रीय मंत्री शेखावत भी थे। दोनों नेताओं ने आमजन का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

- **रोड शो के दौरान कई स्थानों पर जनता ने योगी आदित्यनाथ पर पुष्प वर्षा की।**
- **जोधपुर पहुंचने पर केन्द्रीय मंत्री और जोधपुर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ योगी आदित्यनाथ का शानदार स्वागत किया।**

प्रत्याशी तथा केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ को देखने जनसैलाब उमड़ पड़ा। योगी के आज के इस रोड शो के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार रोड शो में एक लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत के समर्थन में रोड शो करने के लिए योगी आदित्यनाथ तय शेखावत उत्साह से भरे नजर आ रहे थे। जगह- जगह लोगों ने फूल बरसा कर योगी का स्वागत किया। रोड शो में भाजपा के कई नेता और पदाधिकारी भी मौजूद थे। रोड़ शो शुरु होने से पहले ही सड़क के दोनों ओर हजारों लोगों की भीड़ समय से पूर्व आकर डट गई थी। पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखा। यातायात को भी सोजती गेट, जालोरी गेट, पांचवीं रोड से डायवर्ट किया गया।



उत्तर प्रदेश के मु.मंत्री योगी आदित्यनाथ केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के समर्थन में रोड शो करने जोधपुर पहुँचे। इस दौरान जालोरी गेट पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जगह पर भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन ने योगी पर फूल बरसाकर स्वागत किया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908